जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

जयपुर, रविवार 12 जनवरी, 2025

राजस्थान सरकार

एक वर्ष
परिणाम उत्कर्ष



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री



श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री

# मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव

13 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र का वितरण

एवं

लगभग 31 हजार करोड़ रुपये के 76 हजार से अधिक विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास

द्वारा

## श्री भजनलाल शर्मा

माननीय मुख्यमंत्री

# राज्य स्तरीय समारोह

12 जनवरी, 2025 | बिड़ला ऑडिटोरियम, जयपुर | प्रातः 11:00 बजे

## शिलान्यास

- पीएम कुसुम योजना के 1174 कार्य (10569 करोड़ रुपये)
- 220 के.वी. जीएसएस के 12 कार्य (1233 करोड़ रुपये)
- 10,000 ग्राम पंचायतों में पंचायत पौधशाला (500 करोड़ रुपये)
- 450 मेगावाट पूगल सोलर पार्क फेज-III (196 करोड़ रुपये)
- 49 अटल प्रगति पथ के कार्य (189 करोड़ रुपये)
- हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर एवं बीकानेर के आई.एन.जी.पी के कमाण्ड क्षेत्र में ग्रीड सोलर फोटोवॉल्टिक वॉटर पपिंग सिस्टम (180 करोड़ रुपये)
- जल जीवन मिशन आपणी योजना फेज-1 एवं सरदार शहर के 60 गांवों में कार्य पैकेज-तृतीय (तारानगर-पांडूसर फीडर) (133 करोड़ रुपये)
- चौमूं विधानसभा में गतिशक्ति कार्गो टर्मिनल के तहत बधाल ईटावा से एनएच-52 गोविन्दगढ़ सड़क निर्माण कार्य (95 करोड़ रुपये)
- 101 नग कैपेसिटर बैंक स्थापना कार्य (59 करोड़ रुपये)
- 33/11 के.वी. सब-स्टेशन के 19 कार्य (48 करोड़ रुपये)
- 7118 करोड़ रुपये से अधिक के अन्य विकास कार्य

## लोकार्पण

- मनरेगा के तहत 46,751 जल स्त्रोतों की संरचनाओं के कार्य (5028 करोड़ रुपये)
- मनरेगा के तहत 13,424 पर्यावरण संरक्षण, चारागाह विकास तथा वृक्षारोपण कार्य (840 करोड़ रुपये)
- भीलवाड़ा, सीकर एवं सवाईमाधोपुर में सीवरेज परियोजना एवं परिसम्पत्तियों का निर्माण कार्य (577 करोड़ रुपये)
- पचपदरा में 400 के.वी. जीएसएस (391 करोड़ रुपये)
- आर.एस.एच.आई.डी.पी. के तहत चूरू-तारानगर-नोहर, एस.एच-36 (301 करोड़ रुपये)
- आर.एस. एच.आई.डी.पी. के तहत सिवाना-समदड़ी-बालेसर, एसएच-66 (245 करोड़ रुपये)
- आर.एस. एच. आई डी.पी. के तहत बीकानेर-नापासर-जसरासर एसएच-20बी (175 करोड़ रुपये)
- बांसवाड़ा में सीवरेज नेटवर्क, शोधन संयंत्र एवं पपिंग का निर्माण कार्य (166 करोड़ रुपये)
- शाहपुरा (भीलवाड़ा) ब्लॉक में चम्बल-भीलवाड़ा पेयजल परियोजना-II के पैकेज पंचम हेतु रेट्रोफिटिंग कार्य (105 करोड़ रुपये)
- बीसलपुर-चाकसू पेयजल परियोजना का कार्य (74 करोड़ रुपये)
- 2685 करोड़ रुपये से अधिक के अन्य विकास कार्य

राजस्थान संवाद

## निभाई जिम्मेदारी-हर घर खुशहाली

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान सरकार

## विचार बिन्दु

आपत्ति मनुष्य बनाती है और संपत्ति राक्षस। –विक्टर ह्यूगो

# गरीबी से मुक्ति हेतु शिक्षा, स्वास्थ्य, शांति व पर्यावरण से बेहतर कोई उपाय नहीं

यजुर्विद संहिता का एक महत्वपूर्ण सूत्र है: दारिद्र्य पाशाद्धुरुतो न दु:खम्, शिक्षारोग्येण विमुक्तिरिष्टा। शान्तिप्रकृत्यासहिता च सिद्धि:, नास्त्यत्रमार्गोऽपरतोहिश्रेष्ठ:।। तात्पर्य यह है कि गरीबी के बंधन से बड़ा कोई दु:ख नहीं है। शिक्षा और स्वास्थ्य से ही वांछित मुक्ति प्राप्त होती है। शांति और प्रकृति के साथ सिद्धि प्राप्त होती है। इससे बेहतर कोई और मार्ग नहीं है। इसी बात को यहाँ और भी स्पष्ट किया गया है: दारिद्र्यादधिक: नि:सन्देहंनास्ति, तस्यविमुक्तये शिक्षारोग्य शान्तिपर्यावरणा निश्रेष्ठानिसाधनानि, अन्येषांन्यूनत्वात्। तात्पर्य यह है कि गरीबी से बड़ा कोई अभिशाप नहीं है, और उससे मुक्ति दिलाने के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, शांति और पर्यावरण से श्रेष्ठ कोई उपाय नहीं देखा जाता।आज की चर्चा पुन: इसी विषय पर है।

मेरा जीवन एक साधारण गाँव में शुरू हुआ जहाँ अकूत गरीबी थी। मेरे पिता प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक थे और मैं प्राय: उनको इस संघर्ष में देखता था कि कैसे वे एक ओर अपने विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते थे और दूसरी ओर सरकारी अफसरों और नेताओं से हाथ जोड़कर अपने पदस्थापन स्थान के विकास के लिए याचना करते थे। मैंने तब इस बात को स्वयं जिया कि कैसे गरीबी न केवल जीवन की गुणवत्ता को कम करती है, बल्कि यह व्यक्ति की आत्मा को भी छलनी कर देती है। इस अभिशाप से मुक्ति पाने की छटपटाहट में मैंने शिक्षा, स्वास्थ्य, शांति और पर्यावरण के महत्व को आत्मसात और क्रियान्वित किया।

शिक्षा ने मेरे लिए विश्व के बंद दरवाजे खोले। शिक्षा मेरे लिए ज्ञान की वह रोशनी लेकर आई, जिसने मुझे अपनी स्थितियों को समझने और उन्हें बदलने की रणनीति और शक्ति दी। स्वास्थ्य ने मुझे यह सिखाया कि एक स्वस्थ शरीर में ही एक स्वस्थ और निर्मल मन निवास करता है, और यही निर्मल मन व्यक्ति के समग्र कल्याण का बीज है। शांति ने मुझे आंतरिक संतुलन और सामंजस्य के चमत्कारी प्रभाव को समझाया, जो हमारे भीतर सहयोग और सद्भावना को बढ़ाता है। हमारे आसपास का पर्यावरण और उसको बेहतर रखने के प्रति सचेत रहने से मुझे यह समझ पाना सुलभ हुआ कि प्राकृतिक संसाधन हमारे जीवन के मूल आधार हैं, और इनकी सुरक्षा करना हमारी असल में हमारी अपनी भलाई के लिए अनिवार्य है।

इस प्रकार, मेरी कहानी आपको यह सिखा सकती है कि गरीबी से लड़ने और विजय पाने हेतु शिक्षा, स्वास्थ्य, शांति और पर्यावरण को साथ लेकर चलना होगा। ये चारों स्तंभ व्यक्तिगत जीवन के साथ ही समग्र समाज में भी सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। जब हम इन स्तंभों को सशक्त बनाते हैं, तो हम न केवल गरीबी के विरुद्ध एक प्रबल लड़ाई लड़ सकते हैं, बल्कि एक ऐसे समाज की नींव रख सकते हैं जो अधिक समृद्ध, स्वस्थ, और शांतिपूर्ण हो।

अपनी जीवन यात्रा में मैंने यह भी सीखा कि जब समाज एक साथ मिलकर काम करता है, तो बदलाव लाना तुलनात्मक रूप से शीघ्रतापूर्वक संभव हो पाता है। शिक्षा के माध्यम से युवाओं को सशक्त बनाना, स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाना, शांति की दिशा में काम करना, और पर्यावरण की रक्षा करना–ये सभी कार्य तब और अधिक प्रभावी होते हैं जब हम सभी इसमें साझा प्रयत्न करते हैं। मेरी कहानी यह भी दर्शाती है कि गरीबी एक बड़ी चुनौती है, लेकिन इसे पराजित करने के लिए हमारे पास शक्तिशाली रणनीतियाँ उपलब्ध हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, शांति, और पर्यावरण के माध्यम से हम व्यक्तिगत जीवन को बेहतर बना सकते हैं, और साथ ही पूरे समाज और राष्ट्र को भी उन्नति की ओर ले जा सकते हैं। इस दिशा में मिलजुलकर किया गया कार्य एक ऐसे भविष्य की ओर ले जा सकता है जहाँ गरीबी मात्र इतिहास का हिस्सा बन कर रह जाए।

शिक्षा और कौशल का महत्व तो जगजाहिर है। इससे न केवल ज्ञान और कौशल प्राप्त होते हैं, बल्कि उसे आत्मनिर्भरता की एक महत्वपूर्ण शर्त है। एक अनपढ़ व्यक्ति जो अपने अधिकारों से अनभिज्ञ होता है, उसे प्राय: शोषण का सामना करना पड़ता है। जब वही व्यक्ति शिक्षित हो जाता है, तो वह न केवल अपने अधिकारों की रक्षा कर सकता है, बल्कि अपने जीवन की बेहतरी हेतु सही निर्णय ले सकता है। शिक्षा के साथ ही स्वास्थ्य भी गरीबी से मुक्ति का एक अनिवार्य साधन है। बीमारियों से मुक्त एक स्वस्थ व्यक्ति अपने कार्य में अधिक सक्षम होता है और तुलनात्मक रूप से अधिक आय अर्जित कर सकता है। इसके उलट, एक बीमार व्यक्ति अपनी क्षमता का पूर्ण उपयोग नहीं कर सकता, जिससे उसकी आर्थिक स्थिति दुष्प्रभावित होती है। स्वास्थ्य सेवाओं का सुलभ होना और उनकी गुणवत्ता दोनों ही महत्वपूर्ण है। एक स्वस्थ समाज ही एक समृद्ध और सुखी समाज की नींव रख सकता है।

**जब एक देश अपने बच्चों और नागरिकों को उच्चकोटि की शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, पर्यावरणीय सुरक्षा, और शांतिपूर्ण जीवन प्रदान करने में सफल होता है, तो यह न केवल व्यक्तिगत जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाता है बल्कि समाज के समग्र विकास को भी सुनिश्चित करता है। ये सभी तत्व एक समृद्ध समाज की नींव हैं और हर व्यक्ति के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण हैं।**

शिक्षा और स्वास्थ्य के साथ ही शांति भी गरीबी से मुक्ति का एक अनिवार्य घटक है। एक शांतिपूर्ण समाज में, व्यक्तियों, परिवारों और समाज को अपनी क्षमताओं को विकसित करने और आर्थिक अवसरों का लाभ उठाने के बेहतर अवसर प्राप्त होता है। जिस समाज में हिंसा और अशांति होती है उसमें सतत विकास की संभावनाएं घट जाती हैं और गरीबी बढ़ती जाती है। फलत:, शांति को बढ़ावा देना और आपसी संघर्षों को कम करना गरीबी से मुक्ति के लिए अनिवार्य है।

गरीबी को मिटाने के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, और शांति के साथ-साथ पर्यावरण का संरक्षण भी अत्यंत आवश्यक है। पर्यावरणीय स्थिरता से हमारे संसाधन सुरक्षित रहते हैं, जो कि सतत आर्थिक, सामाजिक और पारिस्थितिकीय विकास और लोगों के कल्याण में मौलिक भूमिका निभाते हैं। जब पर्यावरण संरक्षित होता है, तो यह खाद्य सुरक्षा में योगदान देता है, प्राकृतिक आपदाओं के प्रभाव को कम करता है, और स्वच्छ जल, वायु और मृदा प्रदान करता है। इस प्रकार, पर्यावरणीय स्थिरता प्राकृतिक पारिस्थितिकीय तंत्रों के साथ ही मानव समाज के स्वास्थ्य और आर्थिक स्थिरता के लिए भी अनिवार्य है। इसलिए, गरीबी उन्मूलन की हमारी रणनीतियों में पर्यावरणीय संरक्षण को भी प्रमुख स्थान देना चाहिए। प्राकृतिक जलवायु समाधान जिसमें कार्बन पृथक्करण और संचय, जैव-विविधता का संरक्षण, और आजीविका में सुधार शामिल हैं, एक ऐसा रास्ता देते हैं जो गरीबी उन्मूलन के लिए आवश्यक संसाधनों का सुदृढीकरण भी करते हैं।

इन चारों स्तंभों – शिक्षा, स्वास्थ्य, शांति और पर्यावरण – को सुदृढ़ करने से ही गरीबी के चक्र को तोड़ा जा सकता है और एक समृद्ध समाज की नींव रखी जा सकती है। इसके लिए आवश्यक है कि सरकारें और समाज के सभी वर्ग इन क्षेत्रों में प्राथमिकता से निवेश करें। इन मूलभूत कारकों को सम्हाले बिना गरीबी के विरुद्ध एक प्रभावी और निर्णायक लड़ाई नहीं लड़ी जा सकती।

यदि एक देश अपने बच्चों और नागरिकों को उच्चकोटि की शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, पर्यावरणीय सुरक्षा, और शांतिपूर्ण जीवन नहीं दे सकता, तो वास्तव में उसके पास देने के लिए और क्या बचता है? ये सभी तत्व न केवल एक समृद्ध समाज की नींव हैं, बल्कि ये हर व्यक्ति के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण हैं। एक व्यक्ति, परिवार, समाज और राष्ट्र के रूप में हमारी प्राथमिकता यह होनी चाहिए कि हम इन मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करें और अपने नागरिकों को एक सुरक्षित, स्वस्थ, और शिक्षित भविष्य प्रदान करें। यदि हमारा देश अपने नागरिकों को उच्चकोटि की शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, पर्यावरणीय सुरक्षा और शांतिपूर्ण जीवन प्रदान करने में सफल होता है, तो यह व्यक्तिगत जीवन की गुणवत्ता को तो बढ़ाएगा ही साथ ही समाज के समग्र विकास को भी सुनिश्चित करेगा। इन मूलभूत कारकों को ध्यान रखकर तय की गई प्राथमिकता ही वह आधार है जिस पर एक समृद्ध राष्ट्र का निर्माण होता है।

इस विश्लेषण में हम आने वाले समय में यह स्पष्ट करेंगे कि कैसे शिक्षा नागरिकों को नई तकनीकें और विचार सीखने में मदद कर सकती है, स्वास्थ्य सेवाएं कैसे उन्हें अधिक उत्पादक बना सकती हैं, पर्यावरणीय संरक्षण कैसे संसाधनों की रक्षा कर सकता है, और शांति कैसे हमारे समाज को अधिक सहयोगी और सद्भावपूर्ण बना सकती है। हम उम्मीद करते हैं कि इस विश्लेषण के माध्यम से प्राप्त निष्कर्ष समाज और सरकारों को इन क्षेत्रों में नीतियाँ और कार्यक्रम विकसित करने के लिए प्रेरित करेंगे, जिससे गरीबी कम होने के साथ ही देश की समग्र प्रगति भी सुनिश्चित होगी।

हम इस श्रृंखलाबद्ध विश्लेषण को इस आशा और विश्वास के साथ प्रस्तुत कर रहे हैं कि यह ज्ञान, गरीबी को मिटाने के लिए समाज और सरकारों को एक नई दिशा देगा। जब एक देश अपने बच्चों और नागरिकों को उच्चकोटि की शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, पर्यावरणीय सुरक्षा, और शांतिपूर्ण जीवन प्रदान करने में सफल होता है, तो यह न केवल व्यक्तिगत जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाता है बल्कि समाज के समग्र विकास को भी सुनिश्चित करता है। ये सभी तत्व एक समृद्ध समाज की नींव हैं और हर व्यक्ति के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण हैं। इससे न केवल हमारे देश की समग्र उन्नति सुनिश्चित होगी, बल्कि यह हमारे नागरिकों को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी और सक्षम बनाने में भी मदद करेगा। यह आवश्यक है कि हम शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, और शांति के क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा दें और इन्हें अपनी राष्ट्रीय नीतियों का केंद्र बिंदु बनाएं। इस प्रकार, हम एक ऐसे भविष्य की ओर अग्रसर होंगे जहाँ हर नागरिक के पास अपनी पूर्ण क्षमता को प्राप्त करने का अवसर होगा।

हम इस बात को समझते हैं कि गरीबी एक जटिल समस्या है जिसका समाधान एक क्षेत्र में कार्य करने से नहीं, अपितु एक समन्वित और समग्र दृष्टिकोण से ही हो सकता है। इसलिए हमारी श्रृंखला विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों के विचारों और अनुभवों को साझा करेगी, और शोध-आधारित विचारों को आगे लायेगी, जिससे नवाचार और सुधार के लिए प्रेरणा मिल सके। अंत में, हम आशा करते हैं कि यह श्रृंखला न केवल जागरूकता बढ़ाएगी बल्कि समाज और सरकारों को उन नीतियों और कार्यक्रमों को अपनाने के लिए प्रेरित करेगी जो वास्तव में गरीबी को कम करने और हमारे देश को एक समृद्ध भविष्य की ओर ले जाने में सहायक होंगे।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दीप नारायण पाण्डेय**
**( इंडियन फारेस्ट सर्विस से सेवानिवृत्त, वर्तमान में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान सहित अनेक विश्वविद्यालयों में विजिटिंग प्रोफेसर )**
**( यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित हैं।)**

# युवा जोश के संवाहक, पथ प्रदर्शक स्वामी विवेकानंद



भजन लाल शर्मा

आज का दिन स्वामी विवेकानंद जी की जयंती का पर्व है। हम सभी इसे युवा दिवस के रूप में मनाते हैं। युवा वर्ग ही किसी राष्ट्र के विकास का कर्णधार होता है, इसलिए आज का दिवस पावन-प्रेरणास्पद है। स्वामी विवेकानंद जी ने युवाओं को उज्ज्वल राहों पर चलने के लिए ही सदा प्रेरित किया है। स्वामी विवेकानंद युवाओं के विरल मार्गदर्शक थे। युवाओं में जोश जगाने वाले थे। योग, राजयोग, ज्ञानयोग जैसे ग्रंथों का सृजन कर उन्होंने युवाओं का पथ प्रशस्त किया। वेदांत, योग दर्शन का युवाओं में प्रसार कर उन्होंने लोक का आलोक दिया। युवाओं के उत्कर्ष में राष्ट्र का सर्वोत्कृष्ट देखने वाले स्वामी विवेकानंद ही वह महामना थे जिन्होंने कहा था कि किसी राष्ट्र को राजनीतिक विचारों से प्रेरित करने के पहले जरूरी है कि उसमें आध्यात्मिक विचारों का प्रवाह किया जाए।

स्वामी विवेकानंद जी की राजस्थान से निकटता थी। बचपन का उनका नाम नरेंद्रनाथ दत्त था, पर वह विवेकानंद से ही विश्वभर में जाने गए। यह नाम उन्हें राजस्थान से मिला। खेतड़ी के तत्कालीन महाराजा अजित सिंह ने युवक नरेंद्रनाथ में हीरे की परख की और विश्वधर्म संसद में बोलने के लिए जाने हेतु उन्हें खेतड़ी नरेश ने प्रेरित किया। उन्होंने ही नरेंद्रनाथ दत्त और विविदिशानंद को "विवेकानंद" से अभिहित किया। विश्व धर्म संसद में बोलने के लिए जाने से पहले खेतड़ी नरेश ने ही उन्हें राजस्थानी भगवा साफा, चोगा, कमरबंध भेंट की थी।

स्वामी विवेकानंद धर्म, दर्शन, कला, साहित्य के मर्मज्ञ विद्वान थे। यही नहीं शास्त्रीय संगीत का भी उन्हें गहरा ज्ञान था। जीवन का को क्षेत्र ऐसा नहीं था, जिनका मर्म स्वामी विवेकानंद से अछूता था। युवाओं से उनका जुड़ाव था। उन्होंने भारतभर की यात्राएं कर पथ का दिव्य पाथेय पाया। युवा-जोश को जगाया। ये कहा भी गया है "उद्यमेन ही सिध्यन्ति कार्याणि न मनोरथै:" अर्थात उद्यम करने से ही कार्य सिद्ध होते हैं न कि केवल मनोरथ करने से।

विश्व धर्म सभा को संबोधित करने संबंधित उनका जीवन का पक्ष भी प्रेरणा देने वाला है। शिकागो पहुंचने पर जितने भी पैसे उनके पास थे वह सब खत्म हो गए थे। कड़ाके की ठंड, गर्म कपड़ों का अभाव और जिस धर्म महासभा ने उन्हें जन-जन तक पहुंचाया, वहां पर प्रवेश के लिए भी उनके पास यथोचित परिचय पत्र नहीं था। सब ओर कठिना यां। को दूसरा होता तो घबरा जाता। लौट आता। स्वामीजी ने धैर्य नहीं खोया। हालात से जूझते हुए उन्होंने धर्म सभा में प्रवेश पाया और अपने संबोधन से विश्व भर में भारत को गौरवान्वित किया। उन्होंने धर्म संसद में भी कहा कि को भी धर्म बंधन नहीं मुक्ति का मार्ग है। जिसने जैसा मार्ग बनाया, उसे वैसी ही मंजिल मिलती है। धर्म संसद में उनका यह कहा आज भी प्रेरणादायक है कि मैं उस धर्म से हूं जिसने दुनिया को सहिष्णुता और सार्वभौमिक स्वीकृति का पाठ पढ़ाया है। हम सिर्फ़ सार्वभौमिक सहिष्णुता पर ही विश्वास नहीं करते बल्कि, हम सभी धर्मों को सच के रूप में स्वीकार करते हैं। मुझे गर्व है कि मैं उस देश से हूं जिसने सभी धर्मों और सभी देशों के सताए गए लोगों को अपने यहां शरण दी। मुझे गर्व है कि हमने अपने दिल में इजराइल की वो पवित्र यादें संजो रखी हैं जिनमें उनके धर्मस्थलों को रोमन हमलावरों ने तहस-नहस कर दिया था और फिर उन्होंने दक्षिण भारत में शरण ली।"

हमारे व्यक्तित्व का सर्वाधिक महत्वपूर्ण लक्षण एवं निर्धारक चरित्र है। स्वामीजी ने युवाओं को चरित्र निर्माण की ओर प्रेरित किया। वह कहते हैं प्रत्येक मनुष्य जन्म से ही दैवीय गुणों से परिपूर्ण होता है। ये गुण सत्य, निष्ठा, समर्पण, साहस एवं विश्वास से जागृत होते हैं इनके आचरण से व्यक्ति महान एवं चरित्रवान बन सकता है। चरित्र निर्माण के लिए व्यक्ति में आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता, आत्मज्ञान, आत्मसंयम एवं आत्मत्याग जैसे गुण हों, इनका पालन करने से व्यक्ति अपने व्यक्तित्व और देश-समाज का पुनर्निर्माण कर सकता है। हम जानते हैं कि त्रेता युग में रावण के पास श्रीराम की तुलना में ज्ञान, शक्ति, सैन्य शक्ति, धन,संपदा, राज वैभव सब कुछ अधिक था लेकिन श्रीराम के पास सर्वोत्तम चरित्र था, उसी के बल पर रावण का अंत किया। इसीलिए गोस्वामी तुलसीदास ने "रामचरितमानस" लिखा।

युवाओं के लिए स्वामी विवेकानंद जी का यह कहना भी कम प्रेरणाप्रद नहीं है कि शक्ति ही जीवन है और कमजोरी मृत्यु है। गुरुदेव रवीन्द्रनाथ ने कभी ऐसे ही नहीं कहा था कि यदि भारत को को जानना चाहता है तो उसे सबसे पहले विवेकानंद को पढ़ना होगा। उनके दिए संदेशों को आत्मसात करना होगा। उनमें सब कुछ सकारात्मक ही सकारात्मक था। नकारात्मक कुछ भी नहीं था।

राजस्थान के युवा भी राजस्थान की जुझारू, कर्मठ, समर्पित, मेहनती, उत्साही और ऊर्जावान युवाशक्ति है और ये आगे बढें स्वयं भी सशक्त बनें तथा राजस्थान को और देश को अग्रणी एवं विकसित बनाने में सहभागी बने। राजस्थान सरकार युवाओं को आगे बढाने में पूरी तरह प्रतिबद्ध है। राजकीय सेवाओं की तैयारी कर रहे युवकों के लिए सरकार ने 5 साल में चार लाख भर्तियों का संकल्प लिया है। साल 2025 के लिए 81,000 से अधिक पदों के लिए भर्ती परीक्षाओं का कैलेंडर राजस्थान में पहली बार जारी किया गया है। राज्य सरकार द्वारा मुफ़्त कोचिंग हेतु मुख्यमंत्री अनुप्रति योजना, किराया सहायता योजना, राजस्थान वन नेशन वन स्टूडेंट आइडी, युवा नीति-2024, अटल उद्यमी योजना, मुख्यमंत्री युवा संबल योजना, युवा प्रशिक्षु कार्यक्रम आदि संचालित हैं और इनसे लाभ उठाकर युवा रोज़गार स्वरोजगार एवं उद्यम के क्षेत्र में करियर निर्माण कर न केवल अपना बल्कि अपने परिवार समाज राज्य व देश का विकास कर सकता है। आपका बढ़ता हुआ सामर्थ्य ही विकसित राजस्थान और विकसित भारत का आधार होगा।

अंतत: संकल्प शक्ति ही हमें लक्ष्य की ओर पहुँचने के लिए प्रेरित करती है, साहस जागृत करती है, जुझारू बनाती है और समर्पित करती है। स्वामी जी कहते थे "एक विचार लो उसे अपना ध्येय बनाकर उसके साथ लीन हो जाओ"। उपनिषदों का उनका भाष्य भी लुभाता है। उनका बहुश्रुत वाक्य है, 'उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए।' यह कठोपनिषद के मंत्र "उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत।' से लिया हुआ है। युवाओं को प्रेरित करने के लिए स्वामी विवेकानंद ने इस मंत्र का उपयोग निरंतर किया। वह हमेशा यह कहते थे कि कार्य करने के लिए बुद्धि, विचार और हृदय की आवश्यकता है। प्रेम से असंभव भी संभव हो जाता है। उन्होंने बार-बार यह कहा कि युवा भूत-भविष्य के सेतु होते हैं। युवाओं को उनका संदेश था, जीर्ण-शीर्ण होकर थोड़ा-थोड़ा करके मरने की बजाय वीर की तरह जीएं। भारतीयता से ओतप्रोत शिकागो में स्वामी विवेकानंद जी का प्रबोधन इसी भाव धारा का प्रवाहन था। उनका कहना था कि अतीत से ही भविष्य बनता है। अत: यथासंभव अतीत की ओर देखो और उसके बाद सामने देखो और भारत को उज्ज्वल राहों तक पहुंचाने के लिए कार्य करें। स्वामी विवेकानंद जी की जयंती को युवा दिवस के रूप में मनाने का अर्थ है, स्वामी जी के आदर्शों से युवाओं को सिंचित करना। उन्हें नैतिक तथा बौद्धिक रूप में सक्षम बनाते हुए राष्ट्र विकास के लिए संकल्पित करना। वह भारत के गौरवशाली अतीत से प्रेरणा ले विकसित भारत के लिए युवाओं को तैयार करने के संवाहक थे। आ ए, स्वामी विवेकानंद जयंती पर हम उनके आदर्शों से प्रेरणा ले आगे बढ़ें।

**भजन लाल शर्मा**
**मुख्यमंत्री, राजस्थान**

# पांच दिवसीय भीलवाड़ा नाट्य महोत्सव का आग़ाज़

**भीलवाड़ा,** (निसं)। रसधारा सांस्कृतिक संस्थान, भीलवाड़ा द्वारा विख्यात नाट्ययधर्मी डॉ. अर्जुनदेव चारण के सम्मान में पांच दिवसीय भीलवाड़ा नाट्यय महोत्सव का आगाज हुआ।

नगर निगम के टाउन हॉल में मुख्य अतिथि महापौर नगर निगम राकेश पाठक, डॉ. अर्जुनदेव चारण, ईश्वरदत्त माथुर, लक्ष्मी नारायण डाड ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। गोपाल आचार्य निर्देशित नाटक भोपा भैरुनाथ का सफल मंचन हुआ। भीलवाड़ा नाट्यय महोत्सव-2025 के दूसरे दिन तीन नाटकों का मंचन हुआ। रसधारा के साक्षात ऑडिटोरियम में रंगशीर्ष संस्था, जयपुर द्वारा दिनेश प्रधान निर्देशित नाटक टाइपिस्ट का मंचन हुआ। वहीं शाम को चार बजे रम्मत थिएटर ग्रुप जोधपुर द्वारा आशीषदेव चारण निर्देशित नाटक गवाड़ी का प्रदर्शन हुआ। गवाड़ी नाटक में यह दिखाया गया कि कैसे हम व्यक्ति से व्यक्तिगत की तरफ बढ़ते जा रहे हैं और अंत में सिर्फ एक व्यक्ति नितांत अकेला रह जाता है। वहीं शाम को सात बजे टाउन हॉल में कल्पना संगीत एवं थिएटर संस्थान, बीकानेर द्वारा विपिन पुरोहित निर्देशित नाटक खूबसूरत बहू का मंचन हुआ। खूबसूरत बहू नाटक में ग्रामीण परिवेश के आधार पर ग्रामीण संस्कृति पर हावी हो रहे शहरी फूहड़पन व नकलीपन एवं रूढ़िवादी कुरीतियों का चित्रण किया है। इसी के साथ रंगधर्मी मंजू जोशी की स्मृति में रसधारा द्वारा प्रतिवर्ष महिला रंगनेत्री को दिया जाने वाला पुरस्कार मंजू जोशी नाट्यय सम्मान वर्ष 2023 के लिए अभिनय गुरुकुल, जोधपुर की रंगनेत्री, अभिनय प्रशिक्षिका, नाट्यय निर्देशिका, राष्ट्रीय नाट्यय विद्यालय स्नातक स्वाति व्यास को मोमेंटो व सम्मान राशि के साथ प्रदान किया गया।



भीलवाड़ा नाट्यय महोत्सव के दौरान नाटकों का मंचन हुआ।

# श्रीगंगानगर के व्यापारी इस बार किन्नू बांग्लादेश नहीं भेज रहे

## श्रीगंगानगर क्षेत्र से हर साल उत्पादन का लगभग 30 प्रतिशत किन्नू बांग्लादेश भेजा जाता है

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। पड़ोसी देश बांग्लादेश में सरकार बदलने के बाद दोनों देशों के बीच संबंधों में आई खटास का असर अब कारोबार पर भी पड़ना शुरू हो गया है। श्रीगंगानगर क्षेत्र से हर साल उत्पादन का लगभग 30 प्रतिशत किन्नू बांग्लादेश भेजा जाता है, लेकिन इस बार किन्नू के कारोबार पर भी इसका असर पड़ रहा है। श्रीगंगानगर के व्यापारी किन्नू इस बार बांग्लादेश नहीं भेज रहे हैं।

श्रीगंगानगरी किन्नू की मिठास व अच्छी क्वालिटी के कारण देश से नहीं पड़ोसी देशों में भी खूब डिमांड रहती है। अरब देशों के साथ ही पड़ोसी देश बांग्लादेश में भी श्रीगंगानगरी किन्नू की खूब डिमांड रहती है, लेकिन बांग्लादेश में सरकार बदलने के साथ ही दोनों देशों के बीच संबंधों में खटास आई है। ऐसे में कारोबार पर भी इसका सीधा असर पड़ रहा है। किन्नू के सीजन नवंबर, दिसंबर व जनवरी माह में हर साल उत्पादन का लगभग 30 प्रतिशत माल सड़क मार्ग से बांग्लादेश भेजा जाता है, लेकिन इस बार व्यापारी भी किन्नू बांग्लादेश नहीं भेज रहे हैं।

**■ भारत-बांग्लादेश के संबंधों में खटास का असर किन्नू कारोबार पर पड़ा**

हालांकि देश के अन्य राज्यों में किन्नू की डिमांड अच्छी है और यहां से व्यापारी अन्य राज्यों में किन्नू यहां के वैक्सीनेशन व ग्रेडिंग करवाने के बाद पैंकिंग कर ट्रकों से भेज रहे हैं। बांग्लादेश सरकार ने गत वर्ष भारत से भेजे जाने वाले किन्नू पर आयात शुल्क 28 प्रतिशत से बढ़ाकर 62 प्रतिशत कर दिया। इस कारण यहां से भेजे जाने वाले किन्नू के भाव वहां बढ़ गए हैं। इस कारण डिमांड भी कम हो गई। बांग्लादेश में पाकिस्तान से भी किन्नू भेजा जाता है।

जिले में इस बार 12500 हैक्टेयर में किन्नू के बाग हैं। इस बार लगभग 2.75 लाख एमटी किन्नू का उत्पादन हुआ है। गर्मी का दौर लंबा चलने से दिसंबर के अंतिम सप्ताह में ठंड पड़नी शुरू हुई है। इससे किन्नू की क्वालिटी में सुधार के साथ ही मिठास भी बढ़ी है। ऐसे में किन्नू का सीजन भी इस बार लंबा चलेगा। उम्मीद है कि इस बार मार्च तक आमजन को खाने के लिए किन्नू मिल सकेगा।

राजकुमार जैन, अध्यक्ष किन्नू क्लब, श्रीगंगानगर का कहना है कि किन्नू के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सरकार को प्रयास करने चाहिए। पांच साल पहले तक किन्नू महोत्सव का आयोजन भी किया जाता था, लेकिन अब ऐसा कोई कार्यक्रम नहीं होता। किन्नू के उत्पाद तैयार करने पर शोध की भी जरूरत है, जिससे कि जैम जैली से उत्पाद तैयार हो सके।

## राशिफल रविवार 12 जनवरी, 2025



पंडित अनिल शर्मा

पौष मास, शुक्ल पक्ष, चतुरदशी तिथि, रविवार, विक्रम संवत 2081, मृगशिरा नक्षत्र दिन 11:25 तक, ब्रह्म योग प्रात: 9:09 तक, गर करण सायं 5:48 तक, चन्द्रमा आज मिथुन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-धनु, चन्द्रमा-मिथुन, मंगल-कर्क, बुध-धनु, गुरू-वृष, शुक्र-कुम्भ, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

रवियोग दिन 11:25 से आरम्भ होगा। आज स्वामी विवेकानन्द जयन्ती है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 8:40 से 9:58 तक, लाभ-अमृत 9:58 से 12:35 तक, शुभ 1:53 से 3:12 तक।

**राहूकाल:** 4:30 से 6:00 तक। सूर्योदय 7:21, सूर्यास्त 5:48

**मेष**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। आज नये-पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है।

**वृष**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित धन प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

**मिथुन**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। आवश्यक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।

**कर्क**
मन में असंतोष बना रहेगा। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी। अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा। स्वभाव की तेजी पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा।

**सिंह**
आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी। महत्वपूर्ण कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। प्रतिष्ठित व्यक्तियों से संबंध बनेंगे।

**कन्या**
अपने अति आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।

**तुला**
परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। शुभ कार्यों से संबंधित यात्रा संभव है। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

**वृश्चिक**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। आज बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

**धनु**
परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा।

**मकर**
स्वास्थ्य संबंधित परेशानी से राहत मिलेगी। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिलगी। शुभ कार्य के लिए बाहर जाना पड़ सकता है।

**कुंभ**
परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है। घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।

**मीन**
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। आज महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।

फोन:-4103333, 2362400 फैक्स:-0141-2373513 वर्ष: 75 संख्या: 162 प्रभात जयपुर, रविवार 12 जनवरी, 2025 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत
Metro
Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBiT

The Rise of the Marathas

With supplies and stores dwindling, tensions started rising in the Maratha camp. Initially, the Marathas had moved in almost 150 pieces of modern long-range, French-made artillery. With a range of several kilometres, these guns were some of the best of the time.

Does coffee prevent certain cancers?

# तथाकथित सी.ए.जी. रिपोर्ट, दिल्ली के चुनाव में निर्णायक साबित हो रही है

## भाजपा के अनुसार, केजरीवाल सरकार की एक्साइज़ पॉलिसी के कारण दिल्ली की सरकार को 2026 करोड़ रूपए का नुकसान उठाना पड़ा है

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- आप के सांसद संजय सिंह ने इस तथाकथित सी.ए.जी. रिपोर्ट की विश्वसनीयता पर प्रश्न चिन्ह लगाये और कहा, यह रिपोर्ट भाजपा के कार्यालय में लिखी गई है।
- इसी संदर्भ में संजय सिंह ने कहा कि एक तरफ तो भाजपा कहती है कि सी.ए.जी. की रिपोर्ट ''टेबल'' नहीं हुई है, दूसरी ओर कहते हैं कि सी.ए.जी. की रिपोर्ट ''रिलीज़'' हो गई है। आखिर भाजपा कहना क्या चाहती है।
- भाजपा ने सी.ए.जी. की तथाकथित रिपोर्ट के आधार पर यह भी कहा कि दिल्ली सरकार को 890 करोड़ रूपए का नुकसान तो केवल इसलिये हुआ कि जो शराब की दुकान के लाइसैंस सरैण्डर हो गये थे, उन दुकानों के लाइसैंस री टेन्डर नहीं किये गये। इसके अलावा 941 करोड़ रूपए का अन्य नुकसान इसलिए हुआ कि ज़ोनल लाइसैंस धारकों को गैर कानूनी स्वीकृति दी गई।
- भाजपा के अनुसार, उपराज्यपाल, कैबिनेट तथा विधानसभा से वे स्वीकृतियां प्राप्त नहीं की गईं जो ये रियायतें देने से पहले कानूनन लेना अनिवार्य था।
- भाजपा का यह भी आरोप है कि मंत्रियों के समूह के संबंध में विशेषज्ञों के पैनल की रिपोर्ट व सिफारिशों का भी अनुसरण नहीं किया गया।

नई दिल्ली, 11 जनवरी। भाजपा ने आज कंट्रोलर एंड ऑडिटर जनरल (सी.ए.जी.) की रिपोर्ट के कथित निष्कर्षों को लेकर ''आप'' पर हमले तेज कर दिये। सी.ए.जी. की यह रिपोर्ट शहर की विवादास्पद आबकारी नीति से संबंधित है।

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बदनाम करने की इस कोशिश से उत्तेजित आप नेता संजय सिंह ने पलटवार करते हुये, इस रिपोर्ट की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े किये तथा पूछा कि क्या ये कथित निष्कर्ष भाजपा कार्यालय में तैयार किये गये हैं।

इस रिपोर्ट में पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तथा उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के नेतृत्व के अन्तर्गत, कथित रूप से बड़ी खामियों एवं उल्लंघनों का खाका प्रस्तुत किया गया है। इस रिपोर्ट के आने के बाद, 5 फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले एक नया उपद्रव खड़ा हो गया है।

चौंकाने वाली बात यह है कि सी.ए.जी. की रिपोर्ट्स विधानसभा चुनावों के प्रचार-अभियान के दौरान जारी या लीक की जा रही हैं। इससे ये संदेह पैदा हो रहे हैं कि क्या सी.ए.जी. भाजपा का चुनावी पार्टनर हो गया है, जो भाजपा के मुख्य प्रतिद्वंदी के खिलाफ नकारात्मक प्रचार करके, सत्तारूढ़ दल (आप) को हराना चाहता है।

सी.ए.जी. रिपोर्ट अधिकृत रूप से जारी नहीं की गई है। आरोप लगाया गया है कि दिल्ली सरकार की आबकारी नीति के कारण राज्य को 2026 करोड़ रूपए से अधिक का नुकसान हुआ है। इस राशि में 890 करोड़ रूपए का वह नुकसान भी शामिल है, जो ''सरैंडर'' कर दिये गये फुटकर शराब लाइसैंसों की पुनः निविदा के असफल हो जाने के कारण हुआ, इसके अलावा 941 करोड़ रूपए का अतिरिक्त नुकसान कथित रूप से ज़ोनल लाइसैंसों को दी गई छूटों के कारण हुआ है।

लेफ्टिनेन्ट गवर्नर (एल.जी.), मंत्रिमंडल तथा विधानसभा के मुख्य अनुमोदन कथित रूप से बाईपास कर दिये गये। रिपोर्ट आगे कहती है कि मनीष सिसोदिया के नेतृत्व वाले ग्रुप

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# बिल्डर पर 2.31 लाख रूपये का हर्जाना

- जिला उपभोक्ता आयोग ने यूनिक बिल्डर्स एंड डवलपर्स पर तय अवधि में फ्लैट का कब्जा नहीं देने पर यह हर्जाना लगाया।

जयपुर, 11 जनवरी। जिला उपभोक्ता आयोग, जयपुर-तृतीय ने लॉटरी में आवंटित किए गए फ्लैट का कब्जा तय समय पर नहीं देने को अनफेयर ट्रेड प्रैक्टिस करार देते हुए मैसर्स यूनिक बिल्डर्स एंड डवलपर्स पर 2.31 लाख रुपए का हर्जाना लगाया है। वहीं जमा करवाई गई राशि भी 9 फीसदी ब्याज सहित लौटाने के लिए कहा है। आयोग ने होम लोन देने वाली फाइनेंस कंपनी को निर्देश दिया है कि वह विपक्षी बिल्डर से लोन के तौर पर दी गई राशि की वसूली करे और परिवादी की सिबिल को भी दुरुस्त करे। आयोग के अध्यक्ष देवेन्द्र मोहन माथुर व सदस्य दुष्यंत कुमार शर्मा ने यह आदेश कृष्णा देवी के परिवाद पर दिए। परिवाद में कहा गया कि विपक्षी बिल्डर ने साल 2019 में जयपुर अजमेर एक्सप्रेस वे पर यूनिक अभिनंदन के नाम से आवासीय योजना लांच की। इसमें परिवादिया को मुख्यमंत्री जन आवासीय योजना के तहत ईडब्ल्यूएस केटेगरी में 374 वर्ग फीट का फ्लैट 8.51 लाख रुपए में लॉटरी के जरिए आवंटित किया गया। इसके लिए विपक्षी बिल्डर ने उसे फाइनेंस कंपनी से लोन भी दिलवा दिया।

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# दिल्ली विधानसभा चुनावों में तीनों पार्टियां महिला वोटर्स को लुभाने में लगी हैं

## तीनों पार्टियां महिलाओं के लिए एक से बढ़कर एक वजीफे घोषित कर रही हैं

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- आम आदमी पार्टी ने चुनाव जीतने पर सभी महिलाओं के बैंक खातों में प्रति माह 2100 रूपए ट्रांसफर करने का वादा किया है।
- भाजपा और कांग्रेस ने इससे भी आगे बढ़कर घोषणा की और महिलाओं को ढाई हजार रूपए प्रति माह देने का वादा किया। भाजपा की ''लखपति दीदी'' की तर्ज पर कांग्रेस ने अपनी योजना का नामकरण ''प्यारी दीदी'' किया है।
- इन घोषणाओं का नतीजा यह रहा कि 16 दिसम्बर से 6 जनवरी के बीच जिन 5.1 लाख वोटर्स ने रजिस्ट्रेशन कराया, उनमें से 70 प्रतिशत महिलाएं हैं।
- महिला मतदाताओं की इस पर मिश्रित प्रतिक्रिया देखने को मिली है। अधिकांश महिलाओं ने इसका स्वागत किया, वहीं कई अन्य ने इसके दूरगामी प्रभाव पर सवाल उठाए।

नई दिल्ली, 11 जनवरी। पाँच फरवरी को होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनावों से पहले, तीनों प्रमुख पार्टियाँ, महिला मतदाताओं के बैंक खातों में सीधे धनराशि ट्रांसफर के लुभावने वादे करके, उन्हें लुभाने की कोशिश कर रही हैं। आम आदमी पार्टी (आप) ने हर महिला को 2100 रूपये प्रति माह देने का वादा किया है, जबकि भाजपा और कांग्रेस ने अपनी पेशकश बढ़ाकर 2500 रूपए प्रति माह कर दी है।

यह पेशकश दिल्ली की महिलाओं के लिये है, जो दिल्ली के मतदाताओं की 46.2 प्रतिशत हैं।

दिल्ली के चीफ इलैक्ट्रोरल ऑफिसर (सी.ई.ओ.) कार्यालय द्वारा 6 जनवरी को प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में कुल 1,55,24,858 रजिस्टर्ड मतदाता हैं, जिनमें 83,49,645 पुरुष तथा 71,73,952 महिलाएं हैं।

आप का फोकस कल्याण-केन्द्रित प्रचार तथा ''महिला सम्मान योजना'' के अंतर्गत, महिलाओं को 2100 रूपए प्रति माह देने पर है, जबकि कांग्रेस ने ''प्यारी दीदी योजना'' के अंतर्गत 2500 रूपए प्रति माह देने का वादा किया है। इन घोषणाओं ने मतदाता-रजिस्ट्रेशन पर ठोस असर किया है। 16 दिसम्बर से 6 जनवरी के बीच, दिल्ली के मुख्य चुनाव अधिकारी के पास नये मतदाताओं के रजिस्ट्रेशन 5.1 लाख आवेदन आये, जो सर्वथा अप्रत्याशित संख्या थी। इनमें से करीब 70 प्रतिशत (लगभग 3.4 लाख) आवेदन महिलाओं के थे।

इस मासिक वित्तीय सहायता के वादों पर दिल्ली की महिला मतदाताओं

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# सोमवार को दिल्ली में राहुल पहली चुनावी रैली करेंगे

## दिल्ली के ए.आई.सी.सी. प्रभारी काज़ी निजामुद्दीन ने कहा, राहुल सीलमपुर में रैली करेंगे

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- दिल्ली में 5 फरवरी को विधानसभा चुनाव होंगे और 8 फरवरी को नतीजे घोषित होंगे। कांग्रेस इस बार अपनी तरफ से भारी कोशिश कर रही है, चुनाव में अच्छे प्रदर्शन के लिए।
- इसके लिए नवम्बर में ''दिल्ली न्याय यात्रा'' आयोजित की गई थी। राहुल की भारत जोड़ो यात्रा व भारत जोड़ो न्याय यात्रा के साथ आयोजित यह यात्रा 7 दिसम्बर को समाप्त हुई थी। कांग्रेस को यकीन है कि इस यात्रा से जनता में उसकी पैठ बढ़ी है।
- 2015 और 2020 के दिल्ली विधानसभा चुनावों में क्रमशः 67 और 62 सीटें लेकर आप विजयी हुई थी। भाजपा को 2015 में तीन व 2020 में 8 सीटें मिली थीं पर 15 साल सत्ता में रही कांग्रेस का खाता भी नहीं खुल सका था।

नई दिल्ली, 11 जनवरी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी 13 जनवरी को दिल्ली के सीलमपुर इलाके में एक चुनावी जनसभा को सम्बोधित करेंगे। शनिवार को यहाँ एक प्रैस कॉन्फ्रैंस में यह बताते हुये, एआईसीसी प्रभारी काजी निजामुद्दीन ने कहा कि राहुल देश की जनता की आवाज के रुप में उभरे हैं।

पाँच फरवरी को होने वाले दिल्ली के चुनाव से लगभग तीन सप्ताह पूर्व, राहुल गांधी पूर्वोत्तर दिल्ली के सीलमपुर क्षेत्र से दिल्ली चुनाव के लिये अपना प्रचार-अभियान शुरु कर रहे हैं। इस सभा में जहाँ बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित होंगे, वहीं कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं और नेताओं की भी भागीदारी रहेगी।

कांग्रेस ने नवम्बर में एक महीने की ''दिल्ली न्याय यात्रा'' संचालित की थी, ताकि विधानसभा चुनावों से पहले मतदाताओं से सम्पर्क हो सके तथा पार्टी कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ सके। गांधी की ''भारत जोड़ो यात्रा'' और ''भारत जोड़ो न्याय यात्रा'' के अनुरुप आयोजित की गई यह यात्रा 7 दिसम्बर को समाप्त हुई थी।

ज्ञातव्य है कि 2015 और 2020 में हुये दिल्ली विधानसभा चुनावों में आप ने क्रमशः 67 और 62 सीटें जीती थीं। भाजपा 2015 में 3 तथा 2020 में 8 सीटें जीती थी, जबकि कांग्रेस इन चुनावों में कोई सीट नहीं जीत पाई थी।

# छात्र को फॉरेन मैडिकल ग्रेजुएट परीक्षा में शामिल करने के निर्देश

- नीट की अंक तालिका के अभाव में याचिकाकर्ता को परीक्षा में शामिल नहीं किया गया, जबकि, अंक तालिका खोने की शिकायत दर्ज कराई हुई थी।

जयपुर, 11 जनवरी। राजस्थान हाईकोर्ट ने विदेश से एमबीबीएस की डिग्री पास करने वाले छात्र को नीट की अंक तालिका के अभाव में फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट परीक्षा में शामिल नहीं करने को गलत माना है। इसके साथ ही अदालत ने एनबीई के अध्यक्ष को कहा है कि वह याचिकाकर्ता छात्र को एफएमजी परीक्षा में शामिल करें। जस्टिस समीर जैन ने यह आदेश चिन्मय उपाध्याय की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता के नीट-2019 में शामिल होने के बाद उसे योग्य घोषित किया गया था। वहीं उसकी ईमानदारी इससे भी साबित है कि उसने स्कोर अंक तालिका लापता होने पर इसकी शिकायत भी दर्ज कराई थी। वहीं एनटीए

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# रेल लाइन के जरिए कश्मीर के मतदाताओं की ''स्वीकृति'' मिलने की उम्मीद है भाजपा को

## 26 जनवरी से कटरा-श्रीनगर वंदे भारत ट्रेन शुरु करने की योजना अंतिम चरण में पहुँची

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- रेलवे सेफ्टी कमिश्नर ने 111 किलोमीटर लम्बे कटरा-बनिहाल सैक्शन को ''सिक्यूरिटी क्लियरैंस'' दे दिया है।
- सैक्शन में 97 किलोमीटर भाग सुरंगों से और शेष दूरी चार बड़े पुलों के मार्फत तय की जाएगी। इसमें ''चिनाब ब्रिज'' भी है जो विश्व का सबसे ऊंचा रेल ब्रिज है।
- इस मार्ग के लिए अभी दो स्पेशल वंदे भारत चेयर कार डिज़ाइन की गई हैं, जिनमें एडवांस हीटिंग सिस्टम है।

नई दिल्ली, 11 जनवरी। भारतीय रेलवे ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने के कगार पर है, 26 जनवरी को कटरा से श्रीनगर तथा उससे आगे ट्रेन संचालन शुरु करने की योजना को अंतिम रूप दिया जा रहा है। ऊधमपुर-श्रीनगर-बारामुला रेल लाइन (यू.एस.बी.आर.एल.) का निर्माण कार्य दो दशकों से चल रहा है और इस दौरान सामने आईं अनेक इंजीनियरिंग चुनौतियों के कारण मूल डीटेल्ड प्रोजैक्ट रिपोर्ट (डी.पी.आर.) में कई तरह की तब्दीलियाँ हुई हैं।

कमिश्नर ऑफ रेलवे सेफ्टी (सी.आर.एस.) ने कटरा को बनिहाल से जोड़ने वाले बहुत समय से लंबित तथा अति महत्वपूर्ण एक सौ ग्यारह किलोमीटर लंबे सैक्शन को मंजूरी दे दी है। इस सैक्शन का 97 कि.मी. भाग सुरंगों से गुज़रता है तथा 7 कि.मी. की दूरी चार बड़े पुलों के ऊपर से तय करनी पड़ती है, जिसमें चेनाब ब्रिज भी शामिल है, जिसे विश्व का सबसे ऊँचा रेल ब्रिज माना जाता है।

कश्मीर घाटी में दो ट्रेनें पहले से चल रही हैं और दिल्ली के शकूर बस्ती यार्ड में विशेष रूप से डिज़ाइन की गई दो वंदे भारत चेयर कार बिल्कुल तैयार खड़ी हैं। इन ट्रेनों में एडवांस्ड हीटिंग सिस्टम है, जो वॉटर टैंक तथा टॉयलैट के टैंक के पानी को जमने नहीं देता और वैक्युम सिस्टम के लिए गर्म हवा मुहैया करवाता है, यह सुनिश्चित करने के लिए कि शून्य से नीचे के तापमान में भी एयर-ब्रेक सिस्टम सुचारु रुप से काम करता रहे। इस समय संचालित हो रहीं अन्य ''वंदे भारत'' ट्रेनों की तरह ही, ये ट्रेन पूरी तरह एयर-कन्डीशन्ड होंगी तथा इनके दरवाजे ऑटोमैटिक होंगे। इनसे कटरा और श्रीनगर के बीच की दूरी करीब तीन घंटे में तय हो जाने की संभावना है।

कटरा-बनिहाल सैक्शन के पूरा हो जाने तथा इसे सी.आर.एस. अनुमोदन मिल जाने के साथ ही, यू.एस.बी.आर.एल. भारतीय रेलवे के मेनलाइन नैटवर्क से जुड़ गया है तथा आगामी कुछ महीनों में ही, कन्याकुमारी से श्रीनगर तक ट्रेन चल जानी चाहिये। रेल विभाग इस समय छोटे-मोटे परिवर्तनों तथा सुधारों (मॉडिफिकेशन) पर काम कर रहा है, जैसे- जम्मू स्टेशन का विस्तार। कटरा से श्रीनगर को जोड़ने वाले छोटे से टुकड़े पर रेल संचालन शुरु करने के निर्णय के पीछे दो प्रमुख कारण हैं। पहला, लंबी दूरी की ट्रेनों के लिये वंदे भारत ट्रेनों के स्लीपर-संस्करण की आवश्यकता होगी, जो अभी ट्रायल के दौर में हैं। दूसरा, केन्द्र सरकार और, खासतौर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, क्षेत्र की राजनैतिक संवेदनशीलता के चलते, इस ट्रेन को ''कश्मीर प्रोजैक्ट'' के रूप में समर्पित करना चाहते हैं।

जाहिर है, केन्द्र सरकार ने, एक राजनैतिक पहल के रूप में, हाल ही में जम्मू को एक नया रेलवे डिवीजन बनाने

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# 'तृतीय पक्ष का अधिकार सृजित नहीं करें'

- हाई कोर्ट ने मालपुरा में भूमि की किस्म बदलने के मामले में आदेश दिया।

जयपुर, 11 जनवरी। राजस्थान हाईकोर्ट ने टोंक के मालपुरा में 72 साल पहले भूमि की किस्म बदलकर उसे तलाई घोषित करने के मामले में तृतीय पक्ष के अधिकार सृजित करने पर रोक लगा दी है। जस्टिस अवनीश झिंगन की एकलपीठ ने यह आदेश मोहम्मद हुसैन शाह की याचिका पर दिए।

याचिका में अधिवक्ता रघुनंदन शर्मा ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता की पैतृक भूमि मालपुरा में स्थित है। साल 1995 में सेटलमेंट अधिकारी ने इस जमीन की किस्म बदलकर तलाई की जमीन के तौर पर राजस्व रिकॉर्ड में चढा दी। इस पर याचिकाकर्ता ने मालपुरा एसडीओ के

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# बाँग्लादेश की सरकार ने वहाँ के दंगों व हिंसा की लीपा-पोती करने का प्रयास किया

## बाँग्लादेश की सरकार के अनुसार, ये दंगें साम्प्रदायिक नहीं थे, केवल एक राजनीतिक घटनाक्रम का हिस्सा थे

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- इस सरकारी विवरण के अनुसार, शेख हसीना की अवामी लीग की सरकार के खिलाफ जनता में भारी आक्रोश था और शेख हसीना के हटने के बाद, यह जन आक्रोश फूट कर निकला तथा शेख हसीना के समर्थकों को इसका खामियाज़ा भुगतना पड़ा। हिंदू अधिकतर, अवामी लीग व शेख हसीना के पक्के समर्थकों में थे, अतः उन पर आक्रोश बरसा।
- इस थ्योरी के अनुसार, ये दंगे व हिंसा, सही मायनों में साम्प्रदायिक घटनाएं नहीं थीं।
- पर, बाँग्लादेश सरकार द्वारा प्रस्तुत यह विवरण यह नहीं समझा पाया कि अगर दंगे साम्प्रदायिक नहीं थे तो हिंदू मंदिरों व संस्थाओं को ही क्यों ''टारगैट'' बनाया विध्वंसक कार्यवाही के लिये।

नई दिल्ली, 11 जनवरी। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार हिंदू अल्पसंख्यकों पर हुए हमले को एक राजनैतिक घटनाक्रम बताकर वास्तविकता को छुपाने की कोशिश कर रही है।

एक पुलिस रिपोर्ट कह रही है कि हिंदुओं पर हुए हमले असल में साम्प्रदायिक प्रकृति के नहीं थे। ऐसी कुछ ही घटनाओं को स्वीकार किया गया है और उन पर थोड़ी कार्यवाही भी हुई थी। लेकिन इनको भी हल्का ही रखा गया और दोषियों पर कानून के प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही नहीं हुई।

देश की पुलिस ने इस हिंसा पर रिपोर्ट पेश की है जिन्हें शेख हसीना के हटने के बाद के राजनैतिक प्रतिशोध की संज्ञा दी गई है। वे इन हिंसक घटनाओं को राजनैतिक प्रकृति का बता रहे हैं।

रिपोर्ट के अनुसार शेख हसीना के जाने के बाद लोगों ने अवामी लीग के समर्थकों पर हमला किया था और अधिकांश हिंदू अवामी लीग के समर्थक हैं इसलिए उन्हें निशाना बनाया गया। पर पुलिस ने यह नहीं बताया कि हिंदू मंदिरों पर हमले क्यों हुए। लोगों ने हिन्दुओं के मकानों व दुकानों को निशाना बनाया।

भारत ने बांग्लादेश सरकार को नाराजगी जताते हुए कई नोट भेजे और सभी लोगों को सुरक्षा देने की बात कही। चाहे वे किसी भी धर्म के हों। बांग्लादेश के जमात-ए इस्लामी हिंदुओं के अलावा ईसाइयों तथा बौद्धों को निशाना बना रही है।

आश्चर्य की बात है जब यह हिंसा चल रही थी तब इंडियन हाई कमीशन ने भी मदद नहीं की और हिंदुओं को भारत आने का वीसा नहीं दिया।

यद्यपि भाजपा के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार नागरिकता संशोधन बिल लाई, उसके अनुसार बांग्लादेश और पाकिस्तान में सताए जा रहे हिंदू अगर भारत आते हैं तो उन्हें स्वतः ही भारत की नागरिकता मिल जाती है। लेकिन दूतावास व उच्चायोग उम्मीद पर खरे नहीं उतरे, उन्होंने ने एक अल्पसंख्यक परिवार के एक ही सदस्य को वीसा दिया है। बांग्लादेश सरकार ने भी हिंदुओं पर हो रहे हमलों पर कोई कार्यवाही नहीं की। आधे अधूरे मन से जो कदम उठाए गए उन्हें लेकर अल्पसंख्यकों ने भारी विरोध जताया।

इन पीड़ितों का मत है कि भारत सरकार के ढीले रुख ने सांप्रदायिक ताकतों को और प्रोत्साहन दिया। सेना की स्थिति तो और भी खराब है। जब छात्र नेताओं ने हिंदुओ पर हमले का विरोध किया तो सेना ने उन्हें धमकी दी। छात्रों के आंदोलन ''स्टूडेन्ट्स अगेन्स्ट डिसक्रिमिनेशन'' को बंद करवा दिया गया।

सेना के अधिकारी बांग्लादेश और पाकिस्तान में निकट सम्बंधों की बात कर रहे हैं। पाकिस्तान के सैन्य अधिकारियों को बुलाया जा रहा है, इससे छात्रों व हिंदुओं में असंतोष बढ़ रहा है हिंदू बांग्लादेश में अपने भविष्य को लेकर असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

# युवा दिवस पर 13 हजार नियुक्ति पत्र सौंपेंगे मुख्यमंत्री

- युवा दिवस पर राज्यस्तरीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का आयोजन।

जयपुर, 11 जनवरी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा युवा दिवस के अवसर पर रविवार को जयपुर स्थित बिड़ला ऑडिटोरियम में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव में युवाओं को सरकारी नौकरियों की सौगात देंगे। इस अवसर पर राज्य स्तरीय एवं जिला स्तरीय कार्यक्रमों के माध्यम से लगभग 13 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। साथ ही, इस दौरान मुख्यमंत्री शर्मा प्रदेशवासियों को लगभग 31 हजार करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात भी देंगे।

मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव के तहत चिकित्सा विभाग, वित्त विभाग, गृह

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# रामलला प्राण प्रतिष्ठा की पहली सालगिरह पर बच्चों को तिलक कर उपहार बांटे


टोडारायसिंह में कैबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने बच्चों को सामूहिक भोज कराया ।

■ टोडारायसिंह में कैबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने स्कूली बच्चों को प्रसादी वितरित की

**मालपुरा** (निस) अयोध्या मे वर्षों की प्रतीक्षा के बाद मर्यादा पुरूषोत्तम प्रभु श्रीराम के नवीन विग्रह विराजित होने को एक वर्ष पूर्ण होने पर शनिवार 11 जनवरी को मालपुरा व टोडारायसिंह क्षेत्र में अनेक कार्यक्रम आयोजित हुये। टोडारायसिंह में कैबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी की ओर से स्कूली विधार्थियों को सामूहिक प्रसादी करवा मासुम बच्चों को तिलक लगा उपहार बांटे ।

रामदरबार की सजीव झांकियां सजाई गई। राम-लक्ष्मण व सीता के स्वरूप बने बालकों की कैबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने अपनी धर्मपत्नि राधा चौधरी के साथ सामूहिक आरती कर बालकों में रामदरबार का स्वरूप मान आशीर्वाद लिया। मालपुरा शहर में प्रातः रामध्वनी मंडलो के द्वारा सम्पूर्ण शहर में रामनाम संकीर्तन यात्रा निकाली गई। सायंकाल मंदिरों में 108 दीपको से आरती की गई। मंदिरों को विधुत उपकरणों से सजाया गया। शहर में भी लोगों ने एक-दूजे को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की बधाई दी। इसके अलावा मालपुरा शहर के पुरानी तहसील स्थित उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर मे शनिवार को मातृ सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम मे विशिष्ट अतिथि के रूप मे मौजूद डॉ. ललिता वर्मा ने कहा कि माता के मातृत्व से किसी की तुलना नही की जा सकती है। बालक की प्रथम गुरू उसकी मां ही होती है। स्कूल मे शिक्षा ग्रहण के लिये शिक्षक बालक का गुरू होता है तो सामाजिक व व्यवहारिक जीवन जीने की पाठशाला मे मां ही पहली गुरू मानी गई है। एडवोकेट सुश्री शशि जैन ने भी माता को सबसे बडी गुरू बताते हुये विस्तार से वर्णन किया। पूर्व पालिका अध्यक्ष सपना टेमाणी,भारतीय शिक्षा समिति टोंक अध्यक्ष दिनेश कुमार व डॉ. मिनिमय शर्मा ने भी मातृ सम्मेलन पर अपना उदबोधन दिया। एडवोकेट राजकुमार जैन ने आगन्तुको का स्वागत किया। तो प्रधानाचार्य पुरूषोत्तम शर्मा ने आभार व्यक्त किया। अध्यापिका मोनिका शर्मा ने कार्यक्रम का सफल मंच संचालन व मिडिया प्रभारी जटाशंकर शर्मा ने सम्पूर्ण कार्यक्रम की रूपरेखा का कार्य किया।

## भगवान राम की शोभायात्रा निकाली

**टोंक** । अयोध्या में निर्माण किया गया श्रीराम का भव्य मन्दिर के एक वर्ष पूर्ण होने पर शहर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें श्री रामलीला परिषद टोंक से जुडे जन समुदाय ने भव्य श्रीराम महोत्सव का आयोजन किया एवं पूजा अर्चना व हवन पाठ आयोजित किये, वही भाजपा जिला संगठन के जिलाध्यक्ष अजीत सिह मेंहता की अगुवाई में विशाल रैली निकाली गई। जिसमें संगीतमय रामभजन का गायन करते हुए शहर के मुख्य मार्ग से गुजरे। जन जन के हदय में बसे राम की शोभा यात्रा में हर्षोल्लास के साथ लोगो ने पुष्पवर्षा भी की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि हमने देश की जनता से जो वादा किया था कि श्रीराम मन्दिर अयोध्या में बनायेगें, वो बनवाकर हमने देश की सांस्कृतिक व आध्यामिक आस्था को सघर्षित किया है, मेरे लिए यह गर्व की बात है कि मैं इस भव्य यात्रा में शामिल हुं। वही उन्होने राजनैतिक पर कटाक्ष भी किया कि टोंक की जनता ने अपना प्रतिनिधि अब चुनकर पश्यातापकर रही है, मैं तो यही जन्मा हुं और हम भगवान राम के आदर्शो पर ही चलते है।

## सार-समाचार

### निस्वार्थ भाव से किया गया पुण्य ही सार्थक



स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया के पूर्व प्रबंधक कालूराम गहलोनिया ने छात्र-छात्राओं को स्वेटर उपलब्ध करवाए।

**सांभरझील,** (निसं)। पूर्व अध्यक्ष कन्हैयालाल सकरवाल ने कहा कि समर्थ वन को हमेशा मदद के लिए आगे आना चाहिए। निस्वार्थ भाव से जरूरतमंद की गई सेवा ही पुण्य के रूप में परिवर्तित हो जाती है। स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया के पूर्व प्रबंधक कालूराम गहलोनिया की तरफ से गरीब छात्र-छात्राओं को स्वेटर उपलब्ध करवाए गए जिन्हें, मुख्य अतिथि पूर्व अध्यक्ष सकरवाल के कर कमलों से बच्चों को दिलवाए गए। इस मौके पर मॉडर्न पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर राजेश कुमार कचावटिया, व्यवस्थापक आशा देवी, पार्षद बालूराम नोगिया, प्रधानाध्यपी का सुनीता देवी सहित स्कूल स्टाफ की मौजूदगी भी रही।

### अमित गौतम बने जिला उपाध्यक्ष


अमित गौतम

**देवली ।** विप्र फाउण्डेशन राष्ट्रीय नेतृत्व एवं राजेश कर्नल प्रदेश अध्यक्ष विप्र फाउण्डेशन, जोन-1 एवं प्रदेश महामंत्री संगठन सतीश चन्द्र शर्मा के अनुमोदन पर वित्तीय वर्ष2024-26के लिए विप्र फाउण्डेशन जिला टोंक की घोषणा की गई है। जिसके तहत जिला उपाध्यक्ष पद के लिए देवली निवासी वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय घनश्याम गौतम के पुत्र अमित गौतम को मनोनीत गया है। इनके अनुभव व समाज के प्रति समर्पण को दृष्टिगत रखते हुए यह जिम्मेदारी पत्रकार अमित गौतम को सौंपी गई है।

# पूर्व सरपंच खुशीराम यादव का निधन

**किशनगढ़ बास।** राजनीति में सक्रिय 36 बिरादरी के लोगों में मजबूत पकड़ रखने वाले किशनगढ़ बास के समीप वर्ती गांव तहनोली के पूर्व सरपंच व कॉपरेटिव सोसाइटी किशनगढ़ बास के अध्यक्ष रहे खुशी राम यादव की शुक्रवार देर रात जयपुर के सवाई मानसिंह हॉस्पिटल में इलाज के दौरान दम तोड़ देने से मृत्यु हो गई। यादव के निधन की खबर से गांव तहनोली गंज व किशनगढ़ बास सहित आसपास के गांव में शौक व्याप्त है ।

शनिवार को पूर्व सरपंच खुशीराम यादव के शव को जयपुर से गांव तहनोली लाया गया जहां पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार में शामिल होने पहुंचे क्षेत्र की लोगों की आंखों में आंसू थे। 65 साल के यादव स्वस्थ थे। सिगरेट का सेवन किया करते थे। सांस में दिक्कत होने पर डॉक्टर ने जांच के लिए कहा था। जांच में नली फूली होने पर हार्ट के डॉक्टर को दिखाने के लिए कहा गया तो वह जयपुर सवाई मानसिंह हॉस्पिटल के डॉ राम गोपाल यादव व दिल्ली के डॉक्टर को दिखाया वहां उन्हें ऑपरेशन के लिए कहा गया। डॉ की सलाह पर वह ऑपरेशन के लिए 31 दिसंबर 2024 को सवाई मानसिंह हॉस्पिटल में भर्ती हुए। जहां यादव का 8 दिन बाद डॉक्टरों की टीम ने ओपन हॉट सर्जरी का ऑपरेशन किया पर वह उन्हें बचा नहीं पाए।

यादव क्षेत्र के लोगों के साथ चाहने वालों के दुख सुख में हमेशा आगे खड़े रहते थे। खुशीराम यादव गंज ग्राम पंचायत के सरपंच रहे व लंबे समय तक किशनगढ़ बास में कोऑपरेटिव सोसाइटी के अध्यक्ष पद पर रहे हैं। भाजपा की टिकट पर जिला परिषद का चुनाव लड़ा है । एक बार पत्नी व एक बार पुत्रवधू को किशनगढ़ बास पंचायत समिति का सदस्य का चुनाव लडाकर सदस्य बनाया व पुत्र धर्मपाल यादव एडवोकेट को वसुंधरा राजे की भाजपा सरकार के दौरान सरकारी अधिवक्ता नियुक्त कराया।

## पूर्व प्रधानमंत्री शास्त्री को याद किया

**अलवर।** जिला कांग्रेस कमेटी अलवर की ओर से भारत रत्न से सम्मानित, देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि काली मोरी पुलिया के पास स्थित मौजपुर हॉउस पर मनाई गई। प्रवक्ता रिपुदमन गुप्ता ने बताया की कांग्रेसजनों ने शास्त्री जी की फ़ोटो पर पुष्पांजलि कर श्रद्धासुमन अर्पित किये और लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन व सिद्धांतों को याद किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने कहा की जय जवान, जय किसान के उद्घोष से संपूर्ण देश को जागृत करने वाले, सामाजिक समरसता के अठादूत, सादगी, सुचिता, राष्ट्र भक्ति, दृढ़ इच्छाशक्ति व राष्ट्र कल्याण के प्रति समर्पित उनका जीवन हर भारतीय को देश सेवा की प्रेरणा देता है। सादगी और ईमानदारी की प्रतिमूर्ति शास्त्री जी ऐसे नेता थे जिन्होंने जीवन को सादगी और सिद्धांतों से जीवन्त किया था। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा, जिला प्रवक्ता रिपुदमन, अनवर साजिद, प्रशान्त, गोपाल जायसवाल, पवन खंडेलवाल, धर्मपाल, रणवीर, मनोज, जगराम, राम प्रकाश, भारत भूषण आदि उपस्थित रहे।

# स्कूल की समस्याओं पर चर्चा की

**अचरोल** / आज राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अचरोल में शाला विकास एवं प्रबंध समिति (एसडीएमसी) की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य ने की। बैठक में विद्यालय के विभिन्न विषयों और समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित सभी एसडीएमसी सदस्यों ने विद्यालय भवन की जीर्णशीर्ण अवस्था और शिक्षकों की कमी पर गहरी चिंता व्यक्त की।

इन समस्याओं के समाधान के लिए सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से संपर्क कर उनके माध्यम से इन मुद्दों का समाधान करने का प्रयास किया जाए। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि माननीय राव राजेंद्र सिंह, संसद सदस्य (लोकसभा, जयपुर ग्रामीण), पूर्व विधायक आमेर सतीश पूनिया और वर्तमान विधायक प्रशांत शर्मा को इन समस्याओं के समाधान हेतु लिखित अनुरोध पत्र भेजा जाए।सदस्यों ने यह भी तय किया कि गणतंत्र दिवस, 26 जनवरी 2025 को इन माननीय जनप्रतिनिधियों को विद्यालय में आमंत्रित किया जाए। इस अवसर पर विद्यालय की समस्याओं और विकास से संबंधित चर्चा की जाएगी, ताकि एक ही मंच पर सभी समस्याओं का समाधान संभव हो सके। बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि विद्यालय भवन की स्थिति अत्यंत दयनीय है। छतों का टूटना, फर्श का खराब होना और दीवारों में दरारें आने से विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए यह भवन असुरक्षित हो गया है। इसके अतिरिक्त, विद्यालय में विषय-विशेष के व्याख्याताओं की कमी से शिक्षण प्रक्रिया बाधित हो रही है। सभी सदस्यों ने प्राचार्य से अनुरोध किया कि इन समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर जनप्रतिनिधियों के समक्ष प्रस्तुत किया जाए। सदस्यों ने आशा व्यक्त की कि माननीय जनप्रतिनिधि इन समस्याओं के समाधान के लिए शीघ्र ही आवश्यक कदम उठाएंगे। इस महत्वपूर्ण बैठक में एसडीएमसी के सदस्य देवी सहाय मीना, सरदार पिंगोलिया, कमलेश गुप्ता, सुरेश मीणा, रामजीलाल यादव, सिराज खान, हनुमान सहाय, सीताराम मीणा, रामेश्वर बारोलिया और सविता भट्टाचार्य ने भाग लिया। एसडीएमसी के सचिव ने बैठक का संचालन किया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यालय की समस्याओं को चिन्हित करना और उनके समाधान हेतु ठोस कदम उठाना था। गणतंत्र दिवस पर जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित कर उनसे संवाद करने का निर्णय एक सकारात्मक पहल है। यह बैठक विद्यालय के विकास और विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। इस प्रकार, शाला विकास एवं प्रबंध समिति की यह बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई। अब सभी सदस्यों को आशा है कि आगामी समय में इन प्रयासों का फलदायी परिणाम देखने को मिलेगा।

## बंद रास्ता खुलवाया

**पावटा।** विराटनगर तहसील ग्राम पंचायत जयसिंहपुरा में बहादुरपुर गांव में धोबीयो की ढाणी में विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनखड़ के अथक प्रयास व प्रशासन के सहयोग से कई सालों से बन्द रास्ते को खुलवाया गया। रास्ता खुल जाने से किसानों के खेतों तक पहुंचने व राहगीरों की राह आसान हो गई है।


**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे अभिभाष्या श्रीमती स्वेता कुलश्रेष्ठ पुत्री श्री अरूण कुमार कुलश्रेष्ठ निवासी मकान नम्बर -8/359, मालवीय नगर जयपुर के पिता श्री अरूण कुमार कुलश्रेष्ठ पुत्र स्वर्गीय महाताब सिंह जो अपने स्वस्थ्य चित्त तथा स्थिर बुद्धि की अवस्था में नहीं है अर्थात् अपने अच्छे बुरे को समझ नहीं सकते है कुछ अज्ञात लोगों के दवाब में वह मानसिक रोगी की तरह हो चुके है तथा बेनामी व संयुक्त सम्पत्ति मकान नम्बर-8/359, मालवीय नगर, जयपुर की बाबत् श्री अरूण कुमार कुलश्रेष्ठ से किसी व्यक्ति, संस्था, कम्पनी इत्यादि द्वारा कोई संव्यवहार अर्थात् बेचान संबंधित दस्तावेज इत्यादि तस्दीक व निष्पादित किया व कराया जाता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगें तथा उक्त अचल सम्पत्ति के संबंध में वह संव्यहार हमारे अधिकार के प्रति अविधिक व शून्य अमान्य समझी जावेगी।

अवतार सिंह एड्वोकेट 9829733279, 9351124133 (मो.)

**खोया-पाया**

मेरे आवास संख्या 105/164, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर का कन्वेंस-डीड का साइट प्लान कहीं गिर/गुम हो गया है मिलने पर सूचित करें- कुसुम शर्मा एवं मयंक शर्मा 9828096696

**नाम परिवर्तन**

I Army No. 15713713H Rank LOC/NK Shivaji Kushwaha R/o-Village- Konaita, Dist.- Satna, Madhya Pradesh have changed my mother's name from Surtan Bai Kushwaha to Surtan Bai and DOB from 15-12-1970 to 01-01-1972 in my service records for all future purposes.

मैं आर्मी नं. 15712746 F रैंक- S/M देशराज प्रजापत निवासी- गांव-नांगलबानी, जिला- अलवर, राजस्थान ने भविष्य के लिए अपने सर्विस रिकॉर्ड में अपने पिताजी का नाम मुन्ना लाल प्रजापत से बदलकर मुन्ना लाल वर्मा व जन्मतिथि 01-07-1958 से बदलकर 10-01-1960 व माताजी की जन्मतिथि 01-07-1963 से 01-01-1960 कर लिया है।

मैं HAV. सुरेश कुमार पुत्र स्व. जगदीश निवासी- गांव- नेहचाना, जिला-रेवाड़ी, हरियाणा ने भविष्य के लिए अपने सर्विस रिकॉर्ड में अपनी माताजी का नाम रूपवती देवी से बदलकर रूपवती व जन्मतिथि 01-07-1958 से 01-01-1958 कर लिया है।

मैंने अपना नाम मोहित से बदलकर मोहित चौधरी (Mohit Choudhary) पुत्र तन्मय चौधरी निवासी एच-52 सिद्धार्थ नगर जयपुर रख लिया है। भविष्य में मुझे मोहित चौधरी के नाम से जाना जावे।

मैंने अपना नाम सिया शरण खंडेलवाल से बदलकर सियाशरण मेठी (Siyasharan Methi) रख लिया है। भविष्य में मुझे मेरे नये नाम सियाशरण मेठी (Siyasharan Methi) पुत्र स्व. सीता राम मेठी के नाम से जाना पहचाना जावे। निवासी-1286, टिक्कडमल का रास्ता, किशनपोल बाजार, जयपुर, राजस्थान।


## सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ हुए

**कोटपूतली।** श्रीराम मंदिर अयोध्या की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष्य में विश्व हिन्दू परिषद कोटपूतली द्वारा शनिवार को सामूहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ व महाआरती कर रामलला का पूजन किया गया। जिसके पश्चात प्रसादी वितरित की गई। विहिप जिलाध्यक्ष डॉ. अश्विनी गोयल ने बताया कि हिन्दू पंचांग के अनुसार पौष शुक्ल द्वादशी को प्रतिवर्ष कोटपूतली में कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। बजरंग दल नगर संयोजक देवेन्द्र भरगड़ ने बताया की हम सौभाग्यशाली है कि हमने श्रीराम मंदिर बनते देखा है। संयोजक हुकम सिंह लखेरा ने बताया की सदियों के त्याग, तपस्या और असंख्य रामभक्तों की आस्था के प्रतीक श्रीराम जन्मभूमि मंदिर केंद्र है, जब से मंदिर बनाना शुरू हुआ है तब से सनातन धर्म में नये युग की शुरुआत हुई है। इस दौरान कमल नागर, महेंद्र सैनी, शिव कुमार, गोविन्द रावत, जितेन्द्र जोशी, प्रदीप अग्रवाल, सुगन भाई, महेंद्र टीलावत, हेमंत, अमर सिंह, वीरेन्द्र सैनी, सुरेंद्र हिन्दू, अशोक कोठाला, नेमीचंद हिन्दू, रामसिंह, नरेंद्र सिंह, बाला देवी, जितेन्द्र सिंह, अमरजीत सोनी, तूफान सोनी, सावंत रावत, गौरव पांडे, पार्षद मनोज गौड़, हेमंत, नरेंद्र हिन्दू, राधेश्याम पंडित, कमलकांत, अजय, विक्रम, संदीप, नवीन, रामचन्द्र, मनीष सैनी, रतन सैनी व पवन मीणा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# माली समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह 19 को


माली समाज के प्रतिभा सम्मान समारोह के लिए डॉ. अविनाश गहलोत ( बाएं से तीसरे ) को मुख्य अतिथि के रुप में आमंत्रित किया।

**टोंक।** माली समाज द्वारा 19 जनवरी 2025 रविवार को आयोजित होने वाले प्रतिभा सम्मान समारोह में डॉ. अविनाश गहलोत को मुख्य अतिथि हेतु निमंत्रण दिया तथा अति.विशिष्ट अतिथियों में राज्यसभा सांसद राजेन्द्र गहलोत, पूर्व केबिनेट मंत्री डॉ प्रभु लाल सैनी, विशिष्ट अतिथि प्रदेश प्रवक्ता भाजपा अशोक सैनी भादरा, जिला प्रमुख दौसा हीरालाल सैनी, प्रदेश मंत्री भाजपा भूपेन्द्र सैनी पिंटू,भवानी शंकर माली, एवम् अन्य प्रशासनिक अधिकारी अतिथि रुप में रह सकते है।

इस पर डॉ. अविनाश गहलोत ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समय-समय पर होते रहना चाहिए, जिससे समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्रा एवं उत्कृष्ट प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलता रहे। सैनी समाज के सबसे उत्कर्ष प्रतिभाओं को टेबलेट, एवं सभी प्रतिभाओं को बैग सिल्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर सदर अध्यक्ष अचलेश सैनी, पूर्व जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा, बबलू टैंकर संरक्षक, रामप्रसाद बागडी महामंत्री रामावतार टांक उपाध्यक्ष सीताराम टांक, पूर्व सदर अध्यक्ष शंकर धुवारिया , कमलेश सोलंकी उर्फ ठाकर सोलंकी आदि उपस्थित रहे।

# ठेकेदार पर घटिया सामग्री से सड़क बनाने का आरोप

**गोविंदगढ़ /अलवर ।** गोविंदगढ़ कस्बे के भगवती मोहल्ले से गैस इंडियन एजेंसी तक में पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा लगभग 300 मीटर की सीसी रोड का निर्माण किया जा रहा है मोहल्ले वालों मोहन भगवती एडवोकेट सोनू धीरज नरेंद्र कुमार रामकुमार नीलम जैन पार्षद धीरज खुराना ने आरोप लगाया कि कि ठेकेदार डीग का रहने वाला है । मीडिया कर्मी द्वारा कनिष्ठ अभियंता प्रदीप कुमार द्वारा बताया गया एजेंसी संवेदक का नाम गौतम एंड कंपनी बताया । रोड की स्वीकृत राशि के बारे में पूछा तो उन्होंने बताया कि मुझे याद नहीं है देखना पडेगा गौतम एंड कंपनी द्वारा पूर्व में भी गोबिंदगढ़ क्षेत्र में सीसी रोड बनाए गए वह भी घटिया सामग्री से बनाए गए हैं उन सभी की क्वालिटी लैब के उच्च अधिकारियों से जांच कराई जावे भगवती गली मोहल्ले वासियों का कहना है कि हमारा रोड ठीक-ठाक था परंतु पीडब्ल्यूडी विभाग हमारे इस रोड को खुदवा दिया गया लगभग 1 महीने पहले जिसके कारण पैदल चलना भी आमजन का दुश्वार हो रहा है बच्चे बुजुर्ग महिला कई बार गिर चुके हैं । पानी भरा हुआ है पैदल चलने के लिए रास्ता तक नहीं है निकलना मुश्किल हो गया है कुछ दिन पहले ठेकेदार कार्य करने के लिए आया था परंतु घटिया सामग्री निर्माण को देखकर मोहल्ले वालों ने ठेकेदार से जी सडूल एवं एस्टीमेट दिखाने के लिए कहा तो वह झगड़ा करने के लिए उतारू हो गया मोहल्ले वालों ने एस्टीमेट के अनुसार करना होगा नहीं तो बंद कर दो मोहल्ले वालों ने कार्य को रुकवा दिया गया क्योंकि वह माप डंडों के अनुसार कार्य नहीं कर रहा था । मोहन भगवती एडवोकेट सोनू धीरज नरेंद्र कुमार रामकुमार नीलम जैन पार्षद धीरज खुराना पार्षद मैं बताया कि ठेकेदार घटिया सामग्री का उपयोग कर रहा है जब हमने इसका विरोध किया तो कहा सुनी हो गई । मोहल्लेवासियों ने आरोप लगाया कि ठेकेदार द्वारा दबंगई दिखाते हुए कहा कि किसी को भी शिकायत कर लो कुछ भी होने जाने वाला नहीं है हम इसी तरह कार्य करते हैं । कनिष्ठ अभियंता प्रदीप कुमार से मीडिया कर्मी ने पूछा की कितनी राशि का यह रोड स्वीकृत हुआ है तो उन्होंने कहा कि मुझे याद नहीं है । देख कर बताऊंगा पीडब्ल्यूडी द्वारा गोविंदगढ़ के गंगा मंदिर से होते हुए सीताराम मंदिर से सेमला रोड तक का करीब एक वर्ष पहले सीसी रोड बनाया गया था जो की जर्जर हो गया है जिसकी शिकायत कई बार की जा चुकी है परंतु विभाग के अधिकारियों की मिली भगत से क्षेत्र में ज्यादातर सीसी रोड का निर्माण बहुत ही घटिया किस्म की सामठी से किया गया है।

# 'दूदू को जिला निरस्त करना क्षेत्र की जनता से खिलवाड़'

**दूदू ।** दूदू विधानसभा के पूर्व विधायक एवं मुख्यमंत्री सलाहकार बाबूलाल नागर ने कहा कि भाजपा की पर्ची वाली सरकार द्वारा ग्राम पंचायत से सीधा जिला बने दूदू को निरस्त कर क्षेत्र के जनता के साथ खिलवाड़ किया है ।

क्षेत्र की जनता को साथ लेकर जन आंदोलन किया जाकर पुनः जिला घोषित करवा कर ही दम लूंगा नागर ने शुक्रवार को दूदू ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय सभागार में जिला बचाओ आंदोलन के आगाज की शुरुआत कर वहां मौजूद सैकड़ो कार्यकर्ताओं को संबोधित कर विचार व्यक्त किये नागर ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा 1 वर्ष में कोई भी नया कार्य स्वीकृत नहीं किया लेकिन कांग्रेस सरकार के बजट में घोषित कार्यों को ही दुबारा स्वीकृति जारी कर वाही वाही लूटी है कांग्रेस सरकार के दौरान स्वीकृत किए गए कार्यों को आज तक शुरू नहीं किया गया ।

भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए बताया कि क्षेत्र से सांसद भागीरथ चौधरी केंद्र सरकार में मंत्री है वही विधायक डॉ प्रेमचंद बेरवा राजस्थान के उपमुख्यमंत्री पद पर हैं ।


**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर** www.jda.urban.rajasthan.gov.in

क्रमांक: जविप्रा/ उपा./जोन-1/2024/ डी-2325 **विज्ञप्ति:** दिनांक: 31.12.2024

जविप्रा की योजना मालवीय नगर के भूखण्ड संख्या: A-696, क्षेत्रफल 220.27 वर्गगज की लीजडीड दिनांक 10.09.2012 को श्री चन्द्र सिंह ढाबरिया पुत्र स्व. श्री मोहन सिंह ढाबरिया के पक्ष में जारी किया गई। प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण पत्र में श्री चन्द्र सिंह ढाबरिया पुत्र स्व. श्री मोहन सिंह ढाबरिया की मृत्यु दिनांक 27.02.2022 एवं श्रीमती शांता देवी पत्नी श्री चन्द्र सिंह ढाबरिया की मृत्यु दिनांक 19.08.2018 अंकित है। आवेदक द्वारा निर्धारित प्रपत्र में सजरा शपथ पत्र अपलोड किया गया है जिसके अनुसार आवेदक के अतिरिक्त मृतक के 3 पुत्र एवं 1 पुत्री है। जिनके द्वारा जरिये पंजीकृत हक त्याग दिनांक 07.11.2024 के उक्त भूखण्ड पर अपना हक अपने भाई अर्थात आवेदक (श्री गजराज सिंह ढाबरिया पुत्र स्व. श्री चन्द्र सिंह ढाबरिया) के पक्ष में त्याग किया गया है। उपरोक्त दस्तावेजों के आधार पर आवेदक के द्वारा नाम हस्तांतरण पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन किया है। अतः इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति/ संस्था/ फर्म व अन्य को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन की 07 दिवस की अवधि में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को आपत्ति दर्ज करावें अन्यथा निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही कर दी जावेगी। **उपायुक्त जोन-1 जविप्रा, जयपुर**

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत - तृतीय,**
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर - 0141-4901853

क्रमांक : 89 दिनांक: 10.01.2025

**आम जाहिर सूचना**

राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास संख्या-2/705 मालवीय नगर, जयपुर, क्षेत्रफल 120.00 वर्ग मीटर का आवंटन श्री तुलसीराम शर्मा पुत्र श्री सालिग राम शर्मा को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 4721 दिनांक 22/06/1981 जारी किया गया था। उनके द्वारा उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रो का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर प्रथम में दिनांक 13/12/1994 को करवाया गया। तत्पश्चात आवास के मूल आवंटी श्री तुलसीराम शर्मा पुत्र श्री सालिग राम शर्मा के द्वारा उक्त आवास के संबंध में एक वसीयतनामा अपने पुत्रों 1. श्री सुनील दत्त शर्मा, 2. श्री विनोद सारस्वत, 3. श्री प्रकाश चन्द्र शर्मा एवं श्री पवन कुमार सारस्वत के पक्ष लिखा गया गया है। उक्त वसीयतनामा का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर, पंचम में दिनांक 13/04/2011 को करवाया गया। ततश्चात वसीयतकर्ता श्री तुलसीदास शर्मा की मृत्यु दिनांक 22/11/2012 को हो गयी एवं उक्त वसीयतधारको में श्री विनोद सारस्वत की मृत्य भी दिनांक 24/04/22017 को हो गयी हैं। अब 1. श्री सुनील दत्त शर्मा, 2. प्रकाश चन्द्र शर्मा, 3. श्री पवन कुमार सारस्वत, 4. ज्योति सारस्वत, 5. भव्या सारस्वत एवं 6. अविका सारस्वत-नाबालिग जरीये संरक्षिका श्रीमती ज्योति सारस्वत के द्वारा आवेदन पत्र के साथ क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, रजिस्टर्ड वसीयतनामा की छाया प्रति प्रस्तुत कर उक्त आवास का प्रतिस्थापन अपने संयुक्त नाम से करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के प्रतिस्थापन के संबंध में किसी भी व्यक्ति / बैंक/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ताओं **1. श्री सुनील दत्त शर्मा, 2. प्रकाश चन्द्र शर्मा, 3. श्री पवन कुमार सारस्वत, 4. ज्योति सारस्वत, 5. भव्या सारस्वत एवं 6. अविका सारस्वत-नाबालिग जरीये संरक्षिका श्रीमती ज्योति सारस्वत** के संयुक्त नाम से उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी।

**सम्पदा प्रबंधक, वृत तृतीय, रा0आ0मण्डल जयपुर**

**उद्घोषणा ( इश्तिहार ) न्यायालय ( राज. )**

व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 03/2024

**विषय :** उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।

**प्रार्थी-** नाम पुनीत गुप्ता पुत्र प्रीतमकुमार गुप्ता जाति वैश्य

विवाद स्थान जयपुर

**मृतक** प्रीतम कुमार गुप्ता की सम्पत्ति के विषय में।

पेशी दिनांक 12/02/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम प्रीतम कुमार गुप्ता पुत्र श्री रिधनारायण गुप्ता जाति वैश्य निवासी एम. 242, आशियाना उत्सव, माचवा, चम्पापुरा जयपुर (राजस्थान) 303706 का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावे।

अत: उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में 12 माह 02 सन् 2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। आज दिनांक 18 माह 12 सन् 2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।

मोहर अदालत

आज्ञा से
एडमिनिस्ट्रेटर जनरल,
राजस्थान, जयपुर


## पेंशनर समाज की मासिक बैठक का आयोजन

**सांभरझील,** (निसं)। पेंशनर समाज़ जयपुर ग्रामीण की शाखा सांभर लेक की मासिक सभा का आयोजन डॉ .ज्ञान प्रकाश दायमा प्राचार्य (सेवानिवृत्त ) कॉलेज शिक्षा राजस्थान की अध्यक्षता में किया गया । डॉ दायमा ने उपस्थित समस्त पेंशनर्स को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाइयाँ प्रेषित की। संरक्षक रामदेव गुर्जर ने प्रस्ताव रखा कि सरकार को आठवें वेतन आयोग के गठन करने के संदर्भ में आवश्यक कार्यवाही करनी चाहिए। संरक्षक डॉ ओपी दायमा ने बताया कि आरबीआई की गाइड लाइन के अनुसार सभी बैंकों को पेंशनर्स कि बैंक डायरी पर उनके पीपीओ नंबर अंकित करना अनिवार्य है ।संरक्षक डॉ प्रेमराज कुमावत ने अवगत कराया कि जिन पेंशनर्स ने अभी तक अपना जीवन प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किया है वे दिनांक 31 जनवरी के पूर्व ई मित्र पर जाकर अपना जीवन प्रमाण पत्र अवश्य प्रस्तुत कर दें । कोषाध्यक्ष गौरीशंकर जांगिड़ ने बताया कि जिन पेंशनर्स की टीडीएस कटौती की गई है उसका उल्लेख आईटीआर भरते समय कर दें, अगर टीडीएस की कटौती ज़्यादा हुई है तो उसका पुनर्भुगतान आयकर विभाग द्वारा संबंधित सेवानिवृत्त कार्मिकों कर दिया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में सभी ने नंदकिशोर हरितवाल को धन्यवाद देकर सभा का विसर्जन किया।

## पावटा में सर्दी से हाल-बेहाल

**पावटा।** मौसम का मिजाज तीखा होता जा रहा है। पिछले दो, तीनों से हाल यह है कि ठिठुरन भरी सर्दी से लोगों का हाल बेहाल है।

शनिवार को भी मौसम के तेवर कम नहीं रहे। पावटा कस्बे में सुबह से ही रिमझिम बारिश के चलते बादलों के कारण सूर्य भगवान के दर्शन नहीं देने से धूप भी नहीं निकली। इससे सर्द हवाएं बराबर चलती रही।

# भूपेंद्र यादव ने खेतानाथ महाराज की 34वीं पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया

■ देश में सुख, समृद्धि और उन्नित की कामना की


केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव नीमराणा के बाबा श्री मस्तनाथ आश्रम में बाबा खेतानाथ महाराज की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

**अलवर ।** अलवर सांसद और केंद्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव आज नीमराणा के जोशीहोड़ा स्थित बाबा श्री मस्तनाथ आश्रम पहुंचे और बाबा खेतानाथ महाराज की 34वीं पुण्यतिथि पर आयोजित वार्षिक कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस दौरान भूपेंद्र यादव ने आश्रम में स्थित मंदिर में पूजा-अर्चना कर देश में खुशहाली के लिए प्रार्थना की और बाबा खेतानाथ की प्रतिमा के आगे शीश नवाकर साधु-संतों से आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर भूपेंद्र यादव ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि पूरे क्षेत्र में सत्संग और आध्यात्मिक मूल्यों की जो नींव खेतानाथ महाराज ने रखी थी, आश्रम के द्वारा उसे आगे बढ़ाने का काम किया जा रहा है।

उन्होंने कहा, आज मैंने खेतानाथ महाराज की 34वीं पुण्यतिथि पर उन्हें नमन करके देश में सुख, समृद्धि और उन्नित की कामना की है। जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने बताया कि इससे पूर्व भूपेंद्र यादव का शाहजहांपुर टोल नाके पर स्थानीय नेता और कार्यकर्ताओं द्वारा फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। वहीं, नीमराणा में श्री कृष्णा टॉवर के पास नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्षों ने केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव का पुष्पगुच्छ देकर अभिनंदन किया। इस दौरान बाबा खेतानाथ आश्रम के महंत शंकर नाथ महाराज, अलवर जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर, नीमराणा भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश खंडेलवाल, भाजपा नेत्री अंजली यादव, नीलम यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष बलवान यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष जय भारत सोनी, महेंद्र शर्मा सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।


**कार्यालय नगर परिषद, दौसा ( राजस्थान )**

क्रमांक :- 6300 दिनांक 9/1/2025

प्रारूप-10
नियम 6 ( 7 )
( प्राधिकृत अधिकारी ) नगर परिषद दौसा

**लोक सूचना**

मुक्ति शर्मा पुत्री कुन्दनलाल पत्नी दिनेश कुमार शर्मा हिस्सा-पूर्ण जाति ब्राह्मण ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर-कृषिक आवासीय प्रयोजनार्थ के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। अर्थात:-

| क्र.सं. | जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा न. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | दौसा | नामोलाव | 3713 | 0.25है. |
| 2 | दौसा | नामोलाव | 3714 | 0.26है. |
| 3 | दौसा | नामोलाव | 3715 | 0.38है. |

इसलिये, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के आवासीय उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी की आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 9/1/2025 को जारी की गयी। **प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त, नगर परिषद, दौसा**

# 30 करोड़ रु. से ज्यादा की साइबर ठगी करने वाले 30 शातिर बदमाश गिरफ्तार

## ''ऑपरेशन साइबर शील्ड'' के तहत जयपुर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर उपकरण जब्त किए

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** राजधानी जयपुर में जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी), जिला स्पेशल टीम जयपुर पश्चिम (डीएसटी) ने ऑपरेशन साइबर शील्ड के तहत कार्रवाई करते हुए 30 से ज्यादा बदमाशों को इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के साथ अलग-अलग जगह से गिरफ्तार किया है। इनमें 3 लोग ऐसे भी गिरफ्तार किए गए, जो ज्योतिष बनकर ऑनलाइन लोगों पूजा-पाठ करने के नाम पर रुपए ठग रहे थे। साथ ही इस ठगी में दो बाल अपचारी भी शामिल हैं।

इस कार्रवाई में पुलिस ने 135 बैंक खाते और 64 यूपीआई आईडी ब्लॉक कराया है और

- **इन बदमाशों ने पिछले एक साल में 9.27 करोड़ रु. से ज्यादा की रकम अलग-अलग बैंक खातों में निकाली है, जिसमें से 3.85 करोड़ रु. पुलिस ने ब्लॉक करवाया है।**
- **जयपुर पश्चिम पुलिस के 51 पुलिसकर्मियों ने करीब एक महीने तक अलग-अलग जगहों पर जांच पड़ताल, तब जाकर इस गिरोह के काले कारनामों को उजागर कर सके**

साथ ही बीस एटीएम भी ब्लॉक किए हैं। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने 30 करोड़ से अधिक की साइबर ठगी करना स्वीकार किया है। जानकारी के अनुसार आरोपितों ने एक साल के दौरान यानी पिछले एक साल में 9 करोड़ 27 लाख रूपए से ज्यादा की राशि ठगों ने बैंक खातों से निकाली है जिसमें से करीब चालीस फीसदी से ज्यादा राशि यानी तीन करोड 85 लाख रुपए से ज्यादा पैसा पुलिस ने ब्लॉक कराया है।

पुलिस ने बताया कि पकड़े गए अपराधी फर्जी वेबसाइट, ऑनलाइन लिंक और बैंक धोखाधड़ी के माध्यम से लोगों को जाल में फंसाते थे। जयपुर पश्चिम पुलिस के 51 पुलिसकर्मियों ने एक महीने तक अलग-अलग जगहों पर जांच पडताल की और उसक बाद पिछले 2 से 3 दिनों के दौरान करीब 30 साइबर ठग धरे हैं। फिलहाल इस मामले में पूछताछ जारी है। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि साइबर अपराध की चुनौती को देखते हुए पुलिस मुख्यालय ने ऑपरेशन साइबर शील्ड चला रखा है। इसके तहत जयपुर पश्चिम जिला पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 30 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से मोबाइल, लैपटॉप, इंटरनेट डोंगल सहित इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए हैं।

जांच में मिले कागजों से करीब 30 करोड़ रुपए का लेनदेन का हिसाब मिला है। इसकी जांच शुरू कर दी गई है। ये लोग ऑनलाइन क्रिकेट मैच पर सट्टा लगाने के साथ-साथ ऐप के माध्यम से लोगों को गेम खिलाते और लाखों रुपए लूटा करते थे। सूचना पर पुलिस की अलग-अलग टीम बनाई, फिर एक्शन किया।

अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर कुंवर राष्ट्रदीप ने बताया कि साइबर ठगी के खिलाफ चलाए गए विशेष अभियान साइबर शील्ड अभियान के तहत एनसीआरबी, डिजिटल सूत्रों से मिली जानकारी के बाद करधनी, हरमाड़ा, बिंदायका, करणी विहार, भांकरोटा, बगरू थाना पुलिस की विशेष टीम बनाई गई। बिंदायका, करधनी, कालवाड़ व हरमाड़ा में कुछ जगहों पर पुलिस ने छापेमारी की।

इस दौरान मौके से पुलिस को इलेक्ट्रॉनिक जैसे मोनिटर, सीपीयू कीबोर्ड, माउस, लैपटॉप, मोबाइल, एटीएम कार्ड, बैंक पासबुक, चेकबुक, एलईडी राउटर, स्वीच, नोटबुक, नकद, सिम कार्ड, चार्जर, एचडीएमआई केबल, एचडीएमआई कनेक्टर, पावर केबल उपकरण मिले, जिन्हे जब्त की गई। इस जांच में अभी तक लगभग 30 करोड़ के फ्रॉड के सबूत मिले हैं। कार्रवाई के दौरान कुल 135 बैंक अकाउंट, 64 यूपीआई आईडी, 20 एटीएम सीज करवा दिया गया हैं।





जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने गत 2-3 दिनों में 30 से ज्यादा साइबर ठगों को गिरफ्तार कर उनके इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए।

### ज्योतिषी बनकर लोगों को ठगने वाले बदमाश दबोचे

पुलिस थाना कालवाड़ ने करणी विहार क्षेत्र में ऑनलाइन धोखाधडी पर कार्रवाई की। यहां लोग ने इंस्टाग्राम पर अलग-अलग नामों से खुद के और अन्य लोगों के फर्जी आईडी बना रखे थे। जो एस्ट्रोलॉजिस्ट (ज्योतिष) बनकर लोगों की समस्याओं को हल करने का झांसा दे रहे थे। ऑनलाइन पुरुषों व महिलाओं से पूजा-पाठ करने के नाम से पैसा लिया जा रहा था। इस पर पुलिस ने विक्रम भार्गव (25) निवासी लक्ष्मणगढ़ सीकर, विकास कुमार (19) निवासी गंगाशहर बीकानेर, सचिन भार्गव (22) निवासी फतेहपुर को गिरफ्तार किया।

### क्रिकेट पर सट्टा लगवाने वाले भी गिरफ्तार

हरमाड़ा थाना पुलिस ने ऑनलाइन क्रिकेट व अन्य गेमों पर चल रहे सट्टे पर कार्रवाई की। यहां आरोपी ऑनलाइन गेमिंग साइट पर सट्टा विभिन्न आईडी की मदद से लगवा रहे थे। इस दौरान पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। गजेंद्र कुमार (30) निवासी हरमाड़ा जयपुर को गिरफ्तार किया। बिंदायका थाना पुलिस ने क्षेत्र मे चल रहे ऑनलाइन क्रिकेट सट्टे के खिलाफ कार्रवाई की।

रेड के दौरान सामने आया कि आरोपी ऑनलाइन गेमिंग साइट पर सट्टा खिलवा रहे थे। इस पर टीम ने मौके से विष्णु सैनी (22) निवासी जयसिंहपुरा कच्ची बस्ती, गुरप्रताप सिंह (22) निवासी ग्राम सतकोहा पंजाब, गुरप्रीत सिंह (19) निवासी ग्राम सहारी गुरदासपुर पंजाब, रामरतन सैनी (25) निवासी ग्राम मोरीजा सामोद,कमलेश कुमार जाट (25) निवासी ग्राम खेड़ा कुम्भोलाव टोंक,राकेश जाट (25) निवासी ग्राम खेड़ा कुम्भोलाव टोंक,विशालदीप सिंह (22) निवासी ग्राम आलोवाल पंजाब्र और विनोद माहथा (40) निवासी ग्राम पटना झारखंड को गिरफ्तार किया है।

इसके अलावा भांकरोटा थाना पुलिस ने क्षेत्र में भी चल रहे आनलाइन क्रिकेट सट्टे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए आरोपित रोहित वाधवानी (30) पुत्र स्व. ज्ञानचन्द वाधवानी निवासी आदर्श कॉलोनी नियर धोराभाटा छत्तीसगढ़, राज वाधवानी (28) पुत्र ज्ञानचन्द वाधवानी निवासी आदर्श कॉलोनी छत्तीसगढ़, साहिल परपयानी (23) पुत्र रमेश परपयानी निवासी मातादेवाला छत्तीसगढ़, सिद्धार्थ गौतम (23) पुत्र स्व. अरुण गौतम निवासी शास्त्री कॉलोनी मध्यप्रदेश, राहुल रंगवानी (25) पुत्र अजय रंगवानी निवासी थाना राजेन्द्र नगर छत्तीसगढ़, विशाल निर्वाण (25) पुत्र शिवनारायण निर्वाण निवासी जवाहर गेट मौचीगली महाराष्ट्र और शुभम गाबवानी (26) पुत्र विनोद कुमार गागबानी निवासी मकान नंबर 36 एफ कमल विहार संतोषीनगर छत्तीसगढ़ को गिरफ्तार किया गया।

### ठगों को बैंक खाता उपलब्ध कराने वाले भी 4 गिरफ्तार

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि पुलिस थाना करधनी विहार क्षेत्र में बैंक खाते की खरीद फरोख्त, साइबर धोखाधड़ी करने वालों को बैंक खाता उपलब्ध कराने के संबंध में कार्रवाई की गई।

पुलिस टीम ने कार्यवाही के दौरान भारी मात्रा में फर्जी खाते मिले। इनका उपयोग साइबर फ्रॉड करने वाले कर रहे थे। इस पर कार्रवाई करते हुए जितेन्द्र कुमार अटल (24) निवासी सांभर जिला जयपुर हाल कालवाड़ रोड ,रमेश चौधरी (26) निवासी फुलेरा जिला जयपुर हाल करधनी ,रवि महावर (23) निवासी करधनी जयपुर और वेदप्रकाश भार्गव (46) निवासी चुरू हाल मुरलीपुरा को गिरफ्तार किया।

## भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों को कैनवास पर किया जायेगा साकार



**जवाहर कला केंद्र में श्रीराम कला महोत्सव शिविर में प्रतिभागियों को चित्रकला की बारीकियां सिखाई जा रही है।**

**जयपुर।** जवाहर कला केंद्र की ओर से शनिवार को 10 दिवसीय श्री राम कला महोत्सव का शुभारंभ किया गया। महोत्सव का शुभारंभ शनिवार सुबह 11 बजे चतुर्दिक गैलेरी में हुआ। यह आयोजन अयोध्या स्थित श्री राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष में किया जा रहा है। वरिष्ठ चित्रकार संदीप सुमहेन्द्र के क्युरेशन में हो रहे महोत्सव के तहत होने वाले शिविर में 20 वरिष्ठ एवं युवा चित्रकार भाग ले रहे हैं। ये सभी श्री राम के अलग-अलग जीवन प्रसंगों का चित्रण करेंगे। इस दौरान तैयार पेंटिंग्स की 16 से 20 जनवरी तक चतुर्दिक आर्ट गैलेरी में प्रदर्शनी लगाई जायेगी।

वहीं कार्यशाला में राजस्थान स्कूल ऑफ आर्ट्स, राजस्थान यूनिवर्सिटी के दृश्य कला विभाग और निम्स यूनिवर्सिटी के कला विद्यार्थियों ने भी हिस्सा ले रहे हैं। वरिष्ठ चित्रकार सभी विद्यार्थियों को राजस्थान की पारम्परिक चित्रण शैली, रंग संयोजन और कम्पोजिशन की बारीकियां सीखा रहे हैं।

शुभारंभ के अवसर जेकेके के सहायक निदेशक अब्दुल लतीफ उस्ताद, डिप्टी जनरल मैनेजर भरत सिंह, ऑडियो विसुअल ऑफिसर अनिल शर्मा और कंसलटेंट प्रोग्राम मैनेजर डॉ. चन्द्रदीप हाडा उपस्थित रहे।

## भांकरोटा में यू-टर्न लेते हुए फिर पलटा ट्रेलर

**जयपुर।** भांकरोटा इलाके में डीपीएस कट पर यू-टर्न पर एक बार फिर हादसा हुआ। कोयले से भरा एक ट्रेलर शनिवार शाम यू-टर्न करते हुए पलट गया। ट्रेलर पलटने से हाईवे पर कोयले की बोरियां गिर गई। भांकरोटा थाना पुलिस सूचना पर मौके पर पहुंची। पुलिस ने क्रेन की मदद से ट्रेलर को सीधा करवाकर साइड करवाया। कोयले की बोरियों को हटवाकर बाधित ट्रैफिक को चालू कराया। हादसे में किसी के हताहत होने की बात से इनकार किया है।

पुलिस ने बताया कि हाईवे पर पलटने वाले ट्रेलर में कोयले की बोरियां भरी हुई थी। शाम करीब 5:30 बजे कोयला लेकर ट्रेलर हाईवे पर डीपीएस कट से यू-टर्न लेते समय अचानक पलटी खा गया। ट्रेलर के पलटने से उसमें रखी कोयले की बोरिया हाईवे पर गिर गई। हादसे में ट्रेलर ड्राइवर मामूली घायल हो गया। हादसे की सूचना पर भांकरोटा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने क्रेन की मदद से ट्रेलर को सीधा करवाकर साइड खड़ा करवाया। हाईवे पर पड़ी कोयले की बोरियों को हटवाकर करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद बाधित ट्रैफिक को चालू करवाया।

## कृष्ण कुणाल ने की ''राइजिंग राजस्थान'' के निवेशकों से चर्चा

**जयपुर।** स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग के शासन सचिव कृष्ण कुणाल ने शनिवार को शिक्षा संकुल में आयोजित बैठक में राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टर्स समिट के दौरान किए गए समझौता ज्ञापनों (एमओयू) को धरातल पर लाने और वास्तविक परियोजनाओं में बदलने पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि शिक्षा, कौशल विकास एवं तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने और विभागीय अपेक्षाओं पर खरा उतरने सहित शिक्षा के क्षेत्र में भावी योगदान सुनिश्चित करने के लिए शीघ्र परियोजनाओं का क्रियान्वयन जरूरी है।

कुणाल ने कहा कि सरकार ने निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया है। बैठक में 20 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया और विभिन्न परियोजनाओं की कार्य प्रणाली, आगामी कार्य योजना, और प्रगति पर विस्तार से चर्चा की। इस मौके पर राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त श्री अविचल चतुर्वेदी ने विचार साझा करते हुए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि राइजिंग राजस्थान के तहत शिक्षा क्षेत्र में निवेश और विकास की दिशा में सरकार की यह पहल न केवल राज्य को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में सहायक होगी, बल्कि युवाओं को बेहतर अवसर भी प्रदान करेगी।

कृष्ण कुणाल ने इन्वेस्टर्स से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में किए गए वादों को समय पर पूरा करें और विभाग के साथ सहयोग करें, ताकि इन परियोजनाओं का लाभ आम जनता को मिल सके। उन्होंने कहा कि सरकार ने निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण बनाने और प्रक्रियाओं को सरल करने के कई कदम उठाए हैं। विभिन्न विभागों के बीच समन्वय को और मजबूत किया जाएगा, जिससे परियोजनाओं को शीघ्रता से मंजूरी मिल सके और उनकी प्रगति की प्रभावी निगरानी हो। बैठक के दौरान निवेशकों ने भू-रूपांतरण, भू-अलॉटमेंट, सब्सिडी व अन्य सुविधाओं को लेकर राज्य सरकार और विभाग से अपनी अपेक्षाएं साझा कीं। इस पर कुणाल ने कौशल शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, स्पोर्ट्स व वोकेशनल एजुकेशन पर फोकस करते हुए भू-अलॉटमेंट की शीघ्र स्वीकृति दिलाने का आश्वासन दिया। उन्होंने अन्य मुद्दों पर विचार कर समाधान देने का भी भरोसा दिलाया। इस अवसर पर निदेशक माध्यमिक शिक्षा आशीष मोदी, निदेशक प्रारंभिक शिक्षा सीताराम जाट मौजूद थे।

## श्रेष्ठ कलाकृतियां हुईं सम्मानित

**जयपुर।** राजस्थान ललित कला अकादमी की ओर से आयोजित 65वीं वार्षिक कला प्रदर्शनी के पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह में यहां झालाना स्थित अकादमी परिसर में 10 कलाकारों को उनकी श्रेष्ठ कलाकृतियों के लिए सम्मानित किया गया। प्रत्येक कलाकार को सम्मान स्वरूप माला पहनाकर, स्मृति चिन्ह समेत 25 हजार रुपए नकद भेंट किए गए।

सभी कलाकारों को संभागीय आयुक्त (राजस्थान ललित कला अकादमी) रश्मि गुप्ता ने सम्मानित किया। अकादमी सचिव डॉ. रजनीश हर्ष ने बताया कि हितेन्द्र सिंह भाटी उदयपुर, विपुल शर्मा जयपुर, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जयपुर, दीपाली शर्मा जयपुर, पवन कुमार कुमावत किशनगढ़, पूजा प्रजापत जयपुर, काव्यांश बोहरा उदयपुर, डॉ. मनीषा सांचीहर नाथद्वारा, संदीप पालीवाल उदयपुर, चंदन कुमार, जयपुर को उनकी श्रेष्ठ कृतियों के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि संस्कार भारती के क्षेत्रीय प्रभारी अरुण कुमार मौजूद रहे। प्रदर्शनी में 85 कलाकारों की 96 कलाकृतियों का चयन किया। इनमें पुरस्कृत कलाकृतियां भी सम्मिलित है। प्रदर्शनी 17 जनवरी प्रातः 11 बजे से शाम 6 बजे तक खुली रहेगी।

## निर्माणाधीन आवासीय भवनों के लिए मिल सकेंगे स्थायी विद्युत कनेक्शन

### जयपुर डिस्कॉम ने ने आमजन को परेशानियों से राहत देने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिया

**जयपुर (कासं)।** स्वयं के आवासीय उपयोग के लिए भवन निर्माणकर्ताओं को अब स्थाई घरेलू विद्युत कनेक्शन मिल सकेंगे। जयपुर विद्युत वितरण निगम ने ऐसे आवेदकों के हित में यह बड़ा निर्णय किया है। इस संबंध में आदेश जारी कर दिए गए हैं।

- **हालांकि स्वयं के आवासीय उपयोग के लिए निर्माण कराने वाले आवेदकों को मिलेगी राहत**
- **पूर्व में अस्थायी कनेक्शन दिए जाते थे, जिनमे सामान्य टैरिफ के बजाय डेढ़ा गुणा दर लगती थी**

डिस्कॉम्स चेयरमैन एवं जयपुर विद्युत वितरण निगम की प्रबंध निदेशक आरती डोगरा ने बताया कि पूर्व में स्वयं के उपयोग के लिए आवासीय भवन निर्माण कराने वाले आवेदकों को अस्थायी कनेक्शन जारी किए जाते थे। जिस पर उन्हें उपभोग के आधार पर सामान्य टैरिफ की डेढ़ गुना दर वहन करनी होती थी।

साथ ही, निर्माण पूरा होने के बाद स्थाई कनेक्शन के लिए उपभोक्ताओं को अलग से आवेदन करना पड़ता था। जिसके लिए फिर से कनेक्शन और निरीक्षण संबंधी प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता था। ऐसे आवेदकों को नए निर्णय से बड़ी राहत मिलेगी।

साथ ही आवेदक सुगमता से स्थायी कनेक्शन ले सकें इसके उनसे वांछित दस्तावेज के साथ ही मात्र घरेलू प्रयोजन से बिजली उपभोग का स्व प्रमाणित प्रमाण पत्र लिया जाएगा और निर्माण पूरा होने के बाद मीटर को उपयुक्त स्थान पर स्थापित कर दिया जाएगा।

## सड़क सुरक्षा के लिए जागरूक किया

**जयपुर।** मानव सेवा ट्रस्ट राजस्थान द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत लोगों को जागरूक करने के लिए सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिसका शुभारम्भ राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा परिषद् परिवहन मंत्रालय नई दिल्ली के सदस्य डॉ. निर्मल जैन ने पोस्टर विमोचन के साथ किया। कार्यक्रम संयोजक कौशल सत्यार्थी ने बताया कि इसके अंतर्गत सड़क हादसों से बचाने के लिए जागरूकता अभियान, यातायात नियमों एवं कार्यो के प्रति जागरूक करने के लिए वेबिनार, प्रतिज्ञा, रैली, ड्राइवर्स के लिए नेत्र एवं स्वास्थ्य जाँच शिविर, निबंध एवं कला प्रतियोगिता, भाषण, नुक्कड़ नाटक, जानकारी, हेलमेट वितरण सहित अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। स्वास्थ्य कल्याण होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज में वरिष्ठ आचार्य, ट्रस्ट सदस्य व मिडिया प्रभारी प्रो. डॉ. राजीव सक्सेना ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा 36वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 1 से 31 जनवरी तक मनाया जाएगा।

## सड़क किनारे महिला का शव मिलने से हड़कंप मचा

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** रामनगरिया थाना इलाके में सड़क किनारे महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने आशंका जाहिर कि महिला की कहीं अन्यत्र स्थान पर हत्या करने के बाद शव को यहां पर फैका गया है। पुलिस मामले में हत्या और आत्महत्या दोनों ही पहलुओं को लेकर जांच कर रही है। फिलहाल महिला की पहचान नहीं हो पाई है।

पुलिस के अनुसार शनिवार सुबह करीब 8.30 बजे किसी ने जीरोता में अपेरल पार्क के पास सड़क किनारे महिला का शव पड़ा होने की जानकारी दी। सूचना पर मौके पर पहुंच कर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अस्पताल में रखवाया। मृतक की उम्र करीब 26 साल है और उसके दाहिनें हाथ पर राहुल डूना लिखा हुआ है। महिला के गले पर निशान मिले है। महिला की पहचान के लिए पुलिस आस-पास के लोगों से जानकारी जुटा रही है।

- **पुलिस को आशंका है कि महिला की कहीं अन्यत्र हत्या के बाद शव यहां डाला गया है**
- **पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी**

पुलिस ने बताया कि महिला के गले पर निशान मिले है। यह निशान गला घोटने या फांसी लगाने जैसा लग रहा है।

किसी ने वारदात को अन्यत्र स्थान पर अंजाम देकर शव को यहां पर फेंक दिया है। महिला की पहचान के प्रयास किए जा रहे है। महिला की पहचान के बाद ही घटना से पर्दा उठ पाएगा। महिला ने पजामा और काला बनियान पहन रखा है। घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे है।

## सार-समाचार

### सर्व समाज ने निकाली भगवा रैली

**जयपुर।** राष्ट्रीय करणी सेना की ओर से सर्व समाज की भगवा रैली का आयोजन शनिवार को किया गया। जनजागृति पैदा करने के उद्देश्य से राजधानी में यह रैली निकाली गई थी, जिसका नेतृत्व राज्य के प्रमुख संतों ने किया। राष्ट्रीय करणी सेना के राष्ट्रीय प्रवक्ता विष्णु प्रताप सिंह ने बताया कि हिंदू समाज को संगठित करने के उद्देश्य से यह रैली भवानी निकेतन से शुरू होकर चोमू पुलिया, झोटवाड़ा पुलिया, वैशाली नगर, चित्रकूट स्टेडियम होते हुए करणी सेना के प्रधान कार्यालय पहुंचकर आम सभा में तब्दील हो गई। रैली में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक बालमुकुन्दाचार्य शामिल रहे। भगवा रैली से पहले भवानी निकेतन परिसर में हजारों लोग एकत्रित हुए और महाआरती की। उसके बाद भगवा ध्वज लहराकर रैली की शुरुआत हुई। इस रैली में 5 हजार से अधिक दुपहिया वाहन और चौपहिया वाहन पर हजारों लोग शामिल हुए। करीब तीन किलोमीटर लम्बी रैली का जगह जगह भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान कई जगह रैली पर पुष्प वर्षा की गई। भगवा रैली के माध्यम से हिंदू राष्ट्र की मांग बुलन्द करने के साथ साथ वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में बदलाव, वक्फ बोर्ड को पूर्ण रूप से समाप्त करने, देश की सडकों से मुगल शासकों के नाम हटाने, यूसीसी और जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करने की मांग की गई। इस दौरान राष्ट्रीय करणी सेना के पदाधिकारी व सदस्यों के अलावा सर्व समाज के लोग भी उपस्थित रहे।

### जे.एफ.एम. 18 से 20 जनवरी तक

**जयपुर।** जिफ में जयपुर फिल्म मार्केट -(जेएफएम) 18 से 20 जनवरी तक आयोजित होगा। इसमें 11 सत्रों और 20 विषयों पर चर्चा के लिए फिल्म उद्योग के प्रसिद्ध फिल्मकारों, निर्माताओं और विशेषज्ञों को एक मंच पर मौजूद होंगे। यह सभी सत्र जीटी ऑइनोक्स के ऑडी 6 में होगा। पर इसका आयोजन होगा। इसके अनुसार 18 जनवरी को वर्ल्ड सिनेमा समिट सत्र में निर्माता, वितरक, और प्रदर्शक हिस्सा लेंगे। इनमें फिल्म डायरेक्टर संजय चतर, फ्रेंच फिल्म निर्माता मार्क बाशिएट आदि शामिल होंगे। मॉडरेटर नितिन शर्मा होंगे। सीमित बजट में बड़ी फिल्में : इंडस्ट्री इनसाइट्स और रणनीतियां विषयक सत्र में पैनेलिस्ट अमरीकन फिल्म डायरेक्टर जियोवानी जेलको, फिल्म समीक्षक दीपक दुआ, ऑस्ट्रेलियन एक्टर एंड्रयू वायल, फिल्म डायरेक्टर नीलांजन रीता दत्ता शामिल होंगी। मॉडरेटर प्रेरणा साहनी होंगी। भारतीय दिग्गज फिल्मकार और उनकी यादगार फिल्मों का योगदान विषयक सत्र में राकेश ओमप्रकाश मेहरा विशेष अतिथि होंगे। मॉडरेटर विनोद भारद्वाज होंगे। फिर 19 जनवरी को होने वाले सत्रों में प्रेरणा देने और शिक्षित करने के लिए डिजाइन की गई विषयवस्तु होंगी। सिनेमा में एआई प्रॉडक्शन, वितरण और दर्शकों की भागीदारी में परिवर्तन विषयक सत्र में डाटा ग्रुप के प्रबंध निदेशक अजय डाटा,फिल्म निर्माता प्रसंथ मम्बुली, स्विट्जरलैंड फिल्म निर्माता उवे श्वार्जवाल्डर शिामल होंगे। इसके अलावा फिल्म मार्केटिंग:वैश्विक पहुंच और सफलता के लिए रणनीतियां, राजस्थान के रंग,फिल्म लोकेशन, फिल्म पर्यटन और वैश्विक सिनेमा, और फिल्म फंडिंग को अनलॉक करना :अवसर, रणनीतियां और वैश्विक नेटवर्क विषयक सत्र खास होंगे। 20 जनवरी को डॉक्यूमेंट्री सिनेमा : सत्य और यथार्थ पर चर्चा, विश्व सिनेमा व्र महिला फिल्मकारों पर चर्चा होगी।

### पेंशनर्स की बैठक आयोजित

**जयपुर।** राजस्थान पेंशनर समाज, उप शाखा मालवीय नगर की यहाँ शनिवार को आयोजित बैठक में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मंगल अस्पताल, मान सरोवर के रोबोटिक ऑर्थोपेडिक्स सर्जन डॉ एस.एस. खत्री ने बताया रोबोटिक ऑर्थोपेडिक सर्जरी सटीकता, दक्षता और रोगी-केंद्रित देखभाल के एक नए युग का प्रतीक है। ऑर्थोपेडिक रोबोट और रोबोटिक घुटने की प्रक्रियाओं ने ऑर्थोपेडिक सर्जरी को बदल दिया है। ये प्रगति बढ़ी हुई सटीकता, तेजी से ठीक होने का समय और बेहतर दीर्घकालिक सफलता दर प्रदान करती है। डॉ उत्कर्ष गुप्ता ने योगा और फिजियोथरेपी की जानकारी दी। पेंशनर समाज, उप शाखा मालवीय नगर के सचिव प्रीतम दास अरोड़ा ने आयोजन विषयक जानकारी देते हुए पेंशनर्स को नए वर्ष और मकर संक्रांति की बधाई दी। कार्यक्रम संयोजक आर के व्यास, अध्यक्ष आर सी कटारा, उप सचिव बाबूलाल गुप्ता आदि उपस्थित थे। समृति शेष विजय खेर, अशोक तिवारी और राधा रमन पाठक के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### जयपुर लांटर्न फेस्टिवल का आगाज

**जयपुर (कासं)।** जयपुर में पिछले कुछ दशक से मनाये जाने वाले जयपुर लांटर्न फेस्टिवल की शनिवार को जयपुर क्लब में विधिवत शुरुआत की गई। जयपुर क्लब के मानद सचिव, विशाल कौशल ने बताया कि इस अवसर पर क्लब के मेंबर्स एकत्रित हुए एवं सभी ने हर्ष उल्लास से लांटर्न्स की रोशनी का आनंद लिया एवं जयपुर के रिमझिम भरे आकाश में लांटर्न्स छोड़ी। जयपुर लांटर्न फेस्टिवल के संस्थापक, अरशद हुसैन ने जयपुर वासियो का आव्हान किया कि वह सुरक्षा का ध्यान रखते हुए लांटर्न्स का इस्तेमाल करें एवं पर्यावरण मित्र लांटर्न्स ही छोड़ें व गाइडलाइंस की पालना करें और सुरक्षा के प्रति पूर्ण सतर्कता बरतें।

### लॉटरी से चुने जाएंगे मिट्टी कामगार

**जयपुर।** राजस्थान सरकार के बजट घोषणा वर्ष-2024-2025 के अनुसार 1000 विद्युत चालित चाक व पगमिल (मिट्टी गूंथने की मशीन) मिट्टी के कामगारों को देने की योजना के तहत 13 जनवरी को प्रातः 11 बजे उद्योग भवन के सभागार में लॉटरी के माध्यम से 8 जिलो के 160 मिट्टी कामगारों का चयन किया जाएगा। श्रीयादे माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद राय टांक ने बताया सभागार मे उपस्थित जन लाटरी निकलेंगे। अध्यक्ष ने बताया कि राजस्थान के सभी जिलों से लगभग 13 हजार ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से चयनित 1000 कामगारों को विधुत चालित चाक व मिट्टी गूंथने की मशीनों का वितरण किया जाना है। प्रथम चरण में 25 जिलों का चयन किया गया है, उनमें से करौली जिला प्रथमता चयनित कर लॉटरी निकाली जा चुकी है। दूसरे चरण में सवाई माधोपुर , भरतपुर, धौलपुर, दौसा, टोंक, बूंदी, कोटा व बारां जिलों की लॉटरी 13 जनवरी को निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि चयनित कामगारों को जिला मुख्यालय पर 20 के समूह में 10 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जावेगा। इसके बाद प्रशिक्षण प्राप्त कामगारों को राज्यस्तरीय समारोह में विधुत चालित चाक व पगमिल (मिट्टी गुथंने की मशीन) वितरित किया जायेगा।

### श्रद्धालु घर बैठे कर सकेंगे शाही स्नान

**जयपुर।** प्रयागराज महाकुंभ में प्रथम शाही स्नान मकर संक्रांति 14 जनवरी को होगा। लाखों की संख्या में संगम तट पर डुबकी लगाएंगे। किसी कारणवश प्रयागराज नहीं पा पाने वाले छोटीकाशी के श्रद्धालु घर बैठे भी त्रिवेणी संगम के जल से कुंभ स्नान का पुण्य कमा सकेंगे। प्रयागराम कुंभ में लगे गोविंद धाम के माध्यम से बड़ी मात्रा में त्रिवेणी संगम का जल जयपुर लाया गया है। रविवार, 12 जनवरी को गोविंद देवजी मंदिर में सुबह सवा नौ बजे मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में कुंभ जल घट का पूजन किया जाएगा। अगले दिन 13 जनवरी को राजभोग झांकी में सुबह 11 बजे जल का निशुल्क वितरण किया जाएगा।

### कथक नृत्य प्रस्तुति से समां बांधा



**जयपुर।** जवाहर कला केंद्र और कलावर्त-प्रेरणा श्रीमाली कथक संस्था की सहभागिता में शनिवार शाम तीसरे युवा एकल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कृष्णायन सभागार में कथक नृत्यांगना मनीषा गुलियानी ने अपनी 90 मिनट की एकल प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत मनीषा ने राग ललित में निबद्ध गणेश वंदना, ''विघ्न हरण गवरी के नंदन'' पर कथक के साथ की। इसके बाद उन्होंने जयपुर घराने की विशिष्ट शैली में विलंबित तीन ताल पर कथक नृत्य प्रस्तुत किया। इस दौरान थाट, उठान, गणेश परण, आमद, तोड़े, परमेलू, सादा परण, चक्करदार परण और तिहाइयों ने दर्शकों को प्रभावित किया। अगली प्रस्तुति में राग पहाड़ी में निबद्ध ठुमरी ''छाड़ो जी छाड़ो मोहे बिहारी, नारी देखे सगरी' रही। इसके बाद कवित्त अंग की रचनाओं और चक्करदार तोड़ो की आकर्षक प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम का समापन मनीषा ने गीता के एक श्लोक के साथ किया जिसने जिसने सभी को आध्यात्मिक अनुभव कराया। इस प्रस्तुति में रमेश मेवाल ने गायन और हार्मोनियम, मोहित चौहान ने तबला, मनस्विनी शर्मा ने पढ़ंत और मोहम्मद इरफान ने सितार पर संगत की।



## Work Harder Day

The roots of Work Harder Day go back to 2016, marking the inception of a day dedicated to the spirit of persevering in work and putting in extraordinary effort. While the day is a relatively new addition to the yearly calendar, its ethos has long been a cornerstone of success stories throughout history. Work Harder Day reminds us of how easy it becomes to get caught up in the routine of simply getting things done. However, this special day of the year challenges us to push beyond our usual limits and strive for more.

#RESEARCH

# Does coffee prevent certain cancers?

While there has been prior research on coffee and tea consumption and reduced risk of cancer, this study highlighted their varying effects with different sub-sites of head and neck cancer, including the observation that even decaffeinated coffee had some positive impact.









In a new analysis of data from more than a dozen studies, coffee and tea consumption was linked with lower risks of developing head and neck cancers, including cancers of the mouth and throat.

Cancers of the head and neck are the seventh most common forms of cancer worldwide, with 745,000 new cases and 364,000 deaths in 2020, and rates are rising in low- and middle-income countries.

Many studies have assessed whether drinking coffee or tea, which contain bioactive compounds with potential antioxidant, anti-cancer and anti-inflammatory effects, is associated with decreased risks of head and neck cancer, with inconsistent results.

To provide additional insight, investigators led by the University of Utah's Huntsman Cancer Institute, examined data from 14 studies by different scientists associated with the International Head and Neck Cancer Epidemiology (INHANCE) consortium, a collaboration of research groups around the globe. Study participants completed questionnaires about their prior consumption of caffeinated coffee, decaffeinated coffee, and tea in cups per day/week/month/year.

"While there has been prior research on coffee and tea consumption and reduced risk of cancer, this study highlighted their varying effects with different sub-sites of head and neck cancer, including the observation that even decaffeinated coffee had some positive impact," says senior author, Yuan-Chin Amy Lee, an adjunct associate professor for the Division of Public Health in the University of Utah's Family and Preventive Medicine department.

"Coffee and tea habits are fairly complex, and these findings support the need for more data and further studies around the impact that coffee and tea can have on reducing cancer risk."

When investigators pooled information on 9,548 patients with head and neck cancer, and 15,783 patients without cancer, they found that compared with non-coffee-drinkers, individuals, who drank more than four cups of caffeinated coffee daily, had 17% lower odds of having head and neck cancer overall, 30% lower odds of having cancer of the oral cavity, and 22% lower odds of having throat cancer. Drinking three to four cups of caffeinated coffee was linked with a 41% lower risk of having hypopharyngeal cancer (a type of cancer at the bottom of the throat).

Drinking decaffeinated coffee was associated with 25% lower odds of oral cavity cancer. Drinking tea was linked with 29% lower odds of hypopharyngeal cancer.

Also, drinking one cup or less of tea daily was linked with a 9% lower risk of head and neck cancer overall, and a 27% lower risk of hypopharyngeal cancer, but drinking more than one cup was associated with 38% higher odds of laryngeal cancer.






Extent of Maratha confederacy.

Vishwasrao was on the Delhi throne. At this point, the Jats withdrew their support from the Marathas. Their withdrawal from the ensuing battle was to play a crucial role in its result. The first blood was drawn when the leader of the Rohillas, an Indian Muslim named Qutb Khan, attacked a small Maratha army, led by Dattaji Shinde at Barari Ghat. Dattaji camped at the Buradi Fort, south of Panipat, deciding to only engage with Abdali with the aid of Malharao Holkar. He was beheaded and killed in an attack by Qutb Khan.

# The Rise of the Marathas

PART:2

## #THE BATTLE OF ALL BATTLES



Anjali Sharma
Senior Journalist & Wildlife Enthusiast

The Marathas, after the demise of Aurangzeb and faced with weakling sons of Aurangzeb, began a rapid growth. It is aptly illustrated in this document.

### Grant Duff, describing the Maratha army

The lofty and spacious tents, lined with silks and broadcloths, were surmounted by large gilded ornaments, conspicuous at a distance. Vast numbers of elephants, flags of all descriptions, the finest horses, magnificently caparisoned, seemed to be collected from every quarter. It was an imitation of the more becoming and tasteful array of the Mughuls in the zenith of their glory. The Marathas had gained control of a considerable part of India in the intervening period (1712-1757). In 1758, they nominally occupied Delhi, captured Lahore and drove out Timur Shah Durrani, the son and viceroy of the Afghan ruler, Ahmad Shah Abdali. This was the high-water mark of Maratha expansion, where the boundaries of their empire extended north of the Sindhu river, all the way down south to northern Kerala. This territory was ruled through the Peshwa, who talked of placing his son Vishwasrao on the Mughal throne. However, Delhi still remained under the control of Mughals, key Muslim intellectuals, including Shah Waliullah, and other Muslim clergies in India were frightened at these developments. In desperation, they appealed to Ahmad Shah Abdali, the ruler of Afghanistan, to halt the threat. The Marathas attempted to turn over the support of the Gujarati Muslim Babis, the Indian Rohillas, Nizam brothers of the Deccan, and Shuja-ud-Daula.



Sadashivrao Bhau.

### Advent of Sadashivrao Bhau

Ahmad Shah Durrani (Ahmad Shah Abdali), angered by the news from his son and his allies, was unwilling to allow the Marathas' spread go unchecked. By Ahmad Shah Durrani (Ahmad Shah Abdali), angered by the news from his son and his allies, was unwilling to allow the Marathas' spread go unchecked. By the end of 1759, Abdali, with his Qizilbash and the Afghan tribes, had reached Lahore as well as Delhi and defeated the smaller enemy garrisons, and was joined by the Muslims of Northern India, the Rohillas, and Shuja-ud-Daula. Ahmad Shah, at this point, withdrew his army to Anupshahr, on the frontier of the Rohilla country, where he successfully convinced the Nawab of Oudh, Shuja-ud-Daula, to join his alliance against the Marathas. The Marathas had earlier helped Safdarjung (father of Shuja) in defeating Rohillas in Farrukhabad. The Marathas, under Sadashivrao Bhau, responded to the news of the Afghans' return to North India by raising an army, and they marched North. Bhau's force was bolstered by some Maratha forces under Holkar, Scindia, Gaikwad and Govind Pant Bundele. Suraj Mal (the Jat ruler of Bharatpur) also had joined Bhausaheb initially. This combined army captured the Mughal capital, Delhi, from an Afghan garrison in December 1759. Delhi had been reduced to ashes many times due to previous invasions, and in addition, there being acute shortage of supplies in the Maratha camp. Bhau ordered the sacking of the already depopulated city. He is said to have planned to place his nephew and the Peshwa's son, Vishwasrao, on the Delhi throne. At this point, the Jats withdrew their support from the Marathas. Their withdrawal from the ensuing battle was to play a crucial role in its result. The first blood was drawn when the leader of the Rohillas, an Indian Muslim named Qutb Khan, attacked a small Maratha army, led by Dattaji Shinde at Barari Ghat. Dattaji camped at the Buradi Fort, south of Panipat, deciding to only engage with Abdali with the aid of Malharao Holkar. He was beheaded and killed in an attack by Qutb Khan.



Third Battle of Panipat.




Plan of the Battle of Panipat, 1761.

The Marathas had gained control of a considerable part of India in the intervening period (1712–1757). In 1758, they nominally occupied Delhi, captured Lahore and drove out Timur Shah Durrani, the son and viceroy of the Afghan ruler, Ahmad Shah Abdali. This was the high-water mark of Maratha expansion, where the boundaries of their empire extended.



Ahmad Shah Durrani in battle.

### Skirmishes before the battle, Afghan defeat at Kunjpura, Battle of Kunjpura

With both sides poised for battle, maneuvering followed, with skirmishes between the two armies, fought around Karnal and Kunjpura. Abdus Samad Khan, the *faujdar* of Sirhind, had come to Kunjpura, on the banks of the Yamuna river, 60 miles to the north of Delhi, with a force of more than ten thousand and supplies for the Afghan force. Kunjpura was stormed by the Marathas, who was running short of supplies. Aided by the musketeers under Ibrahim Gardi, the Marathas achieved a rather easy victory at Kunjpura against an army of around 15,000 Afghans posted there. Some of Abdali's best generals, like Najabat Khan, were killed. Abdus Samad Khan, the faujdar of Sirhind, was also killed during the battle. Qutb Shah, who was responsible for beheading Dattaji Shinde at the battle of Barari Ghat, was executed by the Marathas, after their capture of Kunjpura. Ahmad Shah was encamped on the left bank of the Yamuna River, which was swollen by rains, and was powerless to aid the garrison. The whole Afghan garrison was killed or enslaved. The massacre of the Kunjpura garrison, within sight of the Durrani camp, exasperated Abdali to such an extent that he ordered crossing of the river at all costs.

### Afghans cross Yamuna and the Battles of Samalkha and Meerut

Ahmad Shah and his allies, on 17 October, 1760, broke up from Shahdara, marching south. Taking a calculated risk, Abdali plunged into the river, followed by his bodyguards and troops. Between 23 and 25 October, they were able to cross at Baghpat (a small town about 24 miles up the river), unopposed by the Marathas, who were still preoccupied with the sacking of Kunjpura and visit to nearby Kurukshetra, an important Hindu pilgrimage destination.

After the Marathas failed to prevent Abdali's forces from crossing the Yamuna River, they set up defensive works in the ground near Panipat, thereby blocking his access back to Afghanistan, just as Abdali's forces blocked theirs to the south. However, on the afternoon of 26 October, Ahmad Shah's advance guard reached Sambalka, about halfway between Sonepat and Panipat, where they encountered the vanguard of the Marathas. A fierce skirmish ensued, in which the Afghans lost 1000 men but drove the Marathas back to their main body, which kept retreating slowly for several days. This led to the partial encirclement of the Maratha army. In skirmishes that followed, Govind Pant Bundele, with 10,000 light cavalry, who weren't formally trained soldiers, was on a foraging mission with about 500 men. They were surprised by an Afghan force near Meerut, and in the ensuing fight, Bundele was killed. This was followed by the loss of a contingent of 2,000 Maratha soldiers, who had left Delhi to deliver money and rations to Panipat. This completed the encirclement, as Ahmad Shah had cut off the Maratha army's supply lines.

With supplies and stores dwindling, tensions started rising in the Maratha camp. Initially, the Marathas had moved in almost 150 pieces of modern long-range, French-made artillery. With a range of several kilometres, these guns were some of the best of the time. The Marathas' plan was to lure the Afghan army to confront them while they had close artillery support.

### Preliminary Moves

During the next two months of the siege, constant skirmishes and duels took place between units from the two sides. In one of these, Najib lost 3,000 of his Rohillas and had nearly killed himself. Facing a potential stalemate, Abdali decided to seek terms, which Bhau was willing to consider. However, Najib Khan delayed any chance of an agreement with an appeal on religious grounds and sowed doubt about whether the Marathas would honour any agreement. After the Marathas moved from Kunjpura to Panipat, Diler Khan Marwat, with his father Alam Khan Marwat and a force of 2500 Pashtuns, attacked and took control of Kunjpura, where there was a Maratha garrison of 700-800 soldiers. At that time, Atai Khan Baluch, son of the Shah Wali Khan, the Wazir of Abdali, came from Afghanistan with 10,000 cavalry and cut off the supplies to the Marathas. The Marathas at Panipat were surrounded by Abdali in the south, Pashtun Tribes (Yousufzai, Afridi, Khattak) in the east, Shuja, Atai Khan and others in the north and other Pashtun tribes (Gandapur, Marwat, Durranis and Kakars) in the west. Unable to continue without supplies or wait for reinforcements from Pune any longer, Bhau decided to break the siege. His plan was to pulverise the enemy formations with cannon fire, and not to employ his cavalry until the Afghans were thoroughly softened up. With the Afghans broken, he would move camp in a defensive formation towards Delhi, where they were assured supplies.

### Formations

**Plan of the Third Battle of Panipat based on Kashi Raja (Casi Raja) Pandit's account**

With the Maratha chiefs pressurizing Sadashivrao Bhau, to go to battle rather than perish by starvation, on 13 January, the Marathas left their camp before dawn and marched south towards the Afghan camp in a desperate attempt to break the siege. The two armies came face-to-face around 8:00 A.M.

The Maratha lines began a little to the north of Kala Amb. They had thus blocked the northward path of Abdali's troops and at the same time were blocked from heading south, in the direction of Delhi, where they could get badly needed supplies, by those same troops. Bhau, with the Peshwa's son and the royal guard (Huzurat), was in the centre. The left wing consisted of the Gardis under Ibrahim Khan. Holkar and Sindhia were on the extreme right. The Maratha line was formed up some 12 kms across, with the artillery in front, protected by infantry, pikemen, musketeers and bowmen. The cavalry was instructed to wait behind the artillery and bayonet-wielding musketeers were ready to be thrown in, when control of the battlefield had been fully established. Behind this line was another ring of 30,000 young Maratha soldiers, who were not battle-tested, and then, the civilians. Many were ordinary men, women and children on their pilgrimage to Hindu holy places and shrines. Behind the civilians was yet another protective infantry line, of young, inexperienced soldiers. On the other side, the Afghans formed a somewhat similar line, a few metres to the south of today's Sanoli Road. Their left was being formed by Najib and their right by two brigades of troops. Their left centre was led by two Viziers, Shuja-ud-Daula with 3,000 soldiers and 50-60 cannons, and Ahmad Shah's Vizier, Shah Wali with a choice body of 19,000 mailed Afghan horsemen. The right centre consisted of 15,000 Rohillas under Hafiz Rahmat and other chiefs of the Rohilla Pathans. Pasand Khan covered the left wing with 5,000 cavalry, Barkurdar Khan and Amir Beg covered the right with 3,000 Rohilla cavalry. Long-range musketeers were also present during the battle. In this order, the army of Ahmad Shah moved forward, leaving him at his preferred post in the centre, which was now in the rear of the line, from where he could watch and direct the battle.

**To be continued...**

rajeshsharma1049@gmail.com



Dattaji Rao Shinde.

#COSMOS

# Dark Energy May Not Exist



A mind-boggling implication is that it no longer makes sense to say that the Universe has a single unified age of 13.8 billion years. Instead, different regions would have different ages.



There might not be a mysterious 'dark' force accelerating the expansion of the Universe after all. The truth could be much stranger, bubbles of space where time passes at drastically different rates.

The passage of time isn't as constant as our experience with it suggests. Areas of higher gravity experience a slower pace of time compared with areas where gravity is weaker, a fact that could have some pretty major implications on how we compare rates of cosmic expansion, according to a recently developed model called timescape cosmology.

Discrepancies in how fast time passes in different regions of the Universe could add up to billions of years, giving some places more time to expand than others. When we look at distant objects through these time-warping bubbles, it could create the illusion that the expansion of the Universe is accelerating.

Two new studies have analyzed more than 1,500 supernovae to investigate how likely the concept could be, and found that the timescape model might be a better fit for observations than our current best model.

The standard model of cosmology does a pretty good job of explaining the Universe, provided we fudge the numbers a bit. There doesn't seem to be enough mass to account for the gravitational effects we observe, so, we invented an invisible placeholder called dark matter.

There also seems to be a strange force that counteracts gravity, pushing the cosmos to expand at accelerating rates. We don't know what it is yet, so, in the same spirit, we dubbed it dark energy. All of this comes together, along with ordinary matter, to form what we call the lambda cold dark matter model.

The problem is that this model uses a simplified equation that assumes the whole Universe is smooth, and expands at the same speed everywhere. But it's far from smooth out there. We see a colossal cosmic web, criss-crossed by filaments of galaxies, separated by vast voids, emptier than we can comprehend. Timescape cosmology takes that 'lumpiness' into account. More matter means stronger gravity, which means slower time. In fact, an atomic clock located in a galaxy could tick up to a third slower than the same clock in the middle of a void. When you stretch that over the huge lifespan of the Universe, billions more years may have passed in the voids than in the matter-dense areas. A mind-boggling implication of that is that it no longer makes sense to say that the Universe has a single unified age of 13.8 billion years. Instead, different regions would have different ages.



And since, so much more time has passed in the voids, more cosmological expansion has taken place there. Therefore, if you look at an object on the far side of a void, it would appear to be moving away from you much faster than something on this side of the void. Over time, these voids take up a larger proportion of the Universe, creating the illusion of an accelerating expansion, without needing to conjure up any dark energy.

In 2017, astronomers from the University of Canterbury in New Zealand tested timescape cosmology against observations, and found that it was a slightly better fit than lambda-CDM to explain cosmic expansion. More data was needed.

So, for the new studies, an astronomy team from the University of Canterbury and the German University of Heidelberg has collected and analyzed that extra data in the form of a catalog of 1,535 Type Ia supernovae. These explosions shine with a predictable brightness every time, so, shifts in their light can reliably reveal distance, speed and direction of movement. As such, they're often called 'standard candles.'

This time, the astronomers say that they've found 'very strong evidence in favour of timescape over lambda-CDM.' This suggests a potential need to rethink the foundations of cosmology. "Dark energy is a misidentification of variations in the kinetic energy of expansion, which is not uniform in a Universe as lumpy as the one we actually live in," says David Wiltshire, a Physicist at the University of Canterbury. "The research provides compelling evidence that may resolve some of the key questions around the quirks of our expanding cosmos. With new data, the Universe's biggest mystery could be settled by the end of the decade."



## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# ऑनलाइन गेमिंग के माध्यम से ठगी और सट्टा गिरोह का पर्दाफाश

## दो आरोपी गिरफ्तार, एक आरोपी दबिश के दौरान खिड़की से कूदकर फरार हो गया

**डीडवाना, (निसं)।** ऑनलाइन गेम गेमिंग के माध्यम से लोगों को ऑनलाइन सट्टा खिलाने और उनसे ठगी करने के गिरोह का डीडवाना पुलिस ने पर्दाफाश किया है। साइबर सेल और गच्छीपुरा पुलिस थाना की टीम ने संयुक्त रूप से इस कार्रवाई को अंजाम देते हुए दो आरोपी श्रवण राम और हरेंद्र चोयल को गिरफ्तार किया है। साथ ही उनके कब्जे से दो लैपटॉप, 12 मोबाइल फोन, 6 फर्जी सिम कार्ड, 20 एटीएम कार्ड और वाई-फाई राउटर जब्त किये हैं। साथ ही पुलिस को आरोपियों के मोबाइल से करोड़ों रुपए के लेनदेन का भी विवरण मिला है।

डीडवाना एसपी हनुमान प्रसाद मीणा ने प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि गच्छीपुरा थाना क्षेत्र के मीदियान ग्राम में स्थित एक घर से आरोपी ऑनलाइन सट्टा और साइबर ठगी का गिरोह चला रहे थे। इसकी शिकायत पुलिस को प्रतिबिंब पोर्टल पर मिली थी। पुलिस ने जब शिकायत की जांच की तो पुलिस को आरोपियों की लोकेशन मिदियान ग्राम में मिली। इस पर पुलिस ने आरोपियों के ठिकाने पर दबिश दी, जिस पर वहां से मुख्य आरोपी बाबूलाल सहित तीन आरोपी खिड़की से कूदकर भाग छूटे, जबकि दो आरोपी श्रवणराम और हरेंद्र चौयल को पुलिस ने धर दबोचा। एसपी ने बताया यह आरोपी ऑनलाइन गेमिंग की वेबसाइट के माध्यम से अनजान लोगों को शिकार बनाते थे और फिर उनसे साइबर ठगी करते थे। साथ ही लोगों को ऑनलाइन सट्टा भी खिलाते थे।



साइबर फील्ड अभियान के तहत साइबर सेल और गच्छीपुरा थाना पुलिस ने कार्रवाई की।

- आरोपियों के कब्जे से दो लैपटॉप,12 मोबाइल, 6 फर्जी सिम, 20 एटीएम कार्ड और वाई-फाई राउटर जप्त किये
- आरोपियों के मोबाइल से करोड़ों रुपए के लेनदेन का भी विवरण मिला है

इस दौरान आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने लैपटॉप, मोबाइल, एटीएम कार्ड और फर्जी सिम कार्ड जब्त किए हैं। जब्त लैपटॉप में बुकी की आईडी पर लॉगिन पाई गई। पुलिस ने जब इसके बारे में आरोपियों से पूछताछ की, तो उन्होंने बताया कि वे अनजान लोगों को इस वेबसाइट का लिंक भेज कर उनकी आईडी व पासवर्ड बनाकर ऑनलाइन गेमिंग करवाकर उनके साथ धोखा करते थे। जो अनजान व्यक्ति इस वेबसाइट पर पैसे लगाते थे, उन पैसों को आरोपी अन्य लोगों के खातों में, यानी कि उधार के बैंक खातों में ट्रांसफर करते थे, और बाद में एटीएम या ऑनलाइन तरीके से विड्रोल कर ठगी को अंजाम देते थे। आरोपी हरेंद्र के चार बैंक खातों के विरुद्ध पुलिस को तीन सायबर शिकायतें भी मिली है, जिनमें 5 लाख रुपए का सायबर फ्रॉड पाया गया है।

इन खातों को बैंकों द्वारा फ्रिज भी कर दिया गया है। वहीं आरोपियों के मोबाइल में करोड़ों रुपए के लेनदेन का विवरण मिला है और कई स्क्रीनशॉट भी मिले हैं, जिससे पुलिस को आशंका है कि आरोपी करोड़ों रुपए के सायबर फ्रॉड में शामिल थे। फिलहाल पुलिस अब पूरे मामले की जांच में कर रही है और आरोपियों से सघन पूछताछ की जा रही है। साथ ही फरार हुए मुख्य आरोपी बाबूलाल की भी तलाश की जा रही है।

# विदेशी कोयले की चोरी का खुलासा, एक गिरफ्तार

## सिणधरी थाना क्षेत्र में होटल के पीछे बने बाड़े में चल रहा था कारोबार

**जोधपुर, (निसं)।** सीआईडी क्राइम ब्रांच रेंज सेल जोधपुर की टीम ने विदेशी कोयले की चोरी का खुलासा किया है। सिणधरी थाना क्षेत्र में मेगा हाईवे स्थित एक होटल के पीछे बने बाड़े में गुप्त रूप से यह कारोबार चल रहा था। मामले में पुलिस ने होटल संचालक आरोपी मोहन लाल जाट पुत्र लालाराम (26) निवासी भूका भगत सिंह थाना सिणधरी को गिरफ्तार कर लिया है।

- 76 टन कोयला व डस्ट सहित ट्रैक्टर लोडर, एक हिटाची मशीन व पांच सीलें जब्त



सीआईडी क्राइम ब्रांच रेंज सेल जोधपुर की टीम ने आरोपी होटल संचालक को गिरफ्तार किया।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध एवं एजीटीएफ दिनेश एमएन ने बताया कि गुजरात पोर्ट से विदेशी कोयला लेकर निकले ट्रक चालकों से मिलीभगत कर आरोपी महंगे कोयले की चोरी कर लेते और उसमें चोरी किए गए कोयले की मात्रा में डस्ट व कंक्रीट मिलाकर ट्रक में पुनः सील लगाकर आगे भेज देते। मौके से पुलिस ने करीब 76 टन कोयला व डस्ट सहित बिना नंबरी ट्रैक्टर लोडर, एक हिटाची मशीन व 5 सीलें जब्त की है। एडीजी एमएन ने बताया कि सीआईडी सीबी रेंज जोधपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुभाष चन्द्र को सूचना मिली थी कि गांधीधाम, कांडला, मून्दड़ा पोर्ट से राजस्थान, हरियाणा, पंजाब अच्छी क्वालिटी का कोयले लेकर निकले ट्रक चालकों से मिलीभगत कर सिणधरी-बालोतरा हाईवे पर बने बाड़े में कोयला चोरी कर उसमें खराब कोयला मिलावट किया जाता है। एमएन ने बताया कि इस सूचना पर एएसपी सुभाष चन्द्र के सुपरविजन में रेंज सैल जोधपुर के हैड कांस्टेबल सुमेर सिंह व कांस्टेबल सुरेन्द्र सिंह को सूचना विकसित करने के लिए सिणधरी-बालोतरा हाईवे रोड़ पर भेजा गया। शुक्रवार को सूचना की पुष्टि होने के बाद टीम ने स्थानीय सिणधरी थाना पुलिस के सहयोग से नाकोड़ा मेगा हाईवे पर भूका भगत सिंह गांव के पास संसार होटल के पीछे बने बाड़े में दबिश दी।

पुलिस को देखकर होटल का संचालक मोहन लाल झाड़ियों में होकर भागने लगा, जिस टीम ने घेर कर डिटेन कर लिया। पूछताछ में आरोपी मोहनलाल ने बताया कि उसने अपना यह बाड़ा गुलाम नवी संधू नामक व्यक्ति को किराए पर दे रखा है जो यहां चोरी का कोयला खरीद कर मिक्स कर आगे सप्लाई करता है। मौके पर 37600 किलो कोयला एवं 37960 किलो डस्ट, एक बिना नंबरी लोडर ट्रैक्टर व एक बिना नंबरी हिताची मशीन व बाड़े में बने कमरे से ट्रकों पर लगाने वाली पांच सीलें भी मिली।

वाहनों के बारे में आरोपी ने बताया कि असली कोयले से भरे ट्रक से कोयला उतारने व मिक्सड कर दोबारा लोड करने के काम में लिया जाता है। मामले में अग्रिम अनुसंधान सिवाना पुलिस द्वारा किया जा रहा है। सीआईडी सीबी रेंज सेल जोधपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुभाष चंद्र के सुपरविजन में की गई इस कार्रवाई में हेड कांस्टेबल सुमेर सिंह व कांस्टेबल सुरेंद्र सिंह की विशेष भूमिका रही।

# चोरों ने दो घरों से 15 लाख के आभूषण व नगदी चुराई

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले के सवाईपुर क्षेत्र के बोरखेड़ा गांव में शुक्रवार रात्रि को चोरों ने दो घरों को अपना निशाना बनाते हुए यहां से लाखों रुपए के सोने-चांदी के आभूषण के साथ लाखों रुपए पर हाथ साफ किया। चोरी की घटना का पता परिजनों को शनिवार अलसुबह लगा, जिसकी सूचना पुलिस को दी।

सूचना पर बड़लियास थाना पुलिस मौके पर पहुंची। बोरखेड़ा निवासी शैतानसिंह पिता गोपालसिंह ने बताया कि शुक्रवार मध्यरात्रि करीब ढाई बजे मेरे छोटे भाई प्रहलाद सिंह के घर के पास बाड़े की तरफ लगे कमरे की खिड़की को तोड़कर चोर कमरे में घुसे, जहां कमरे में रखी अलमारी व पलंग का लॉक तोड़ा, अलमारी में रखे सोने-चांदी की आभूषण सहित नगदी को चुरा लिया, जिसमें 13 तोला सोने व सवा किलो चांदी के आभूषण के साथ ही 2 लाख 75 हजार की नगद राशि को भी चोर चुरा कर ले गए।

इसी तरह चोरों ने गांव के ही जयलाल पिता हरजी गुर्जर के मकान को भी निशाना बनाया, जहां चोर मुख्य गेट का ताला तोड़कर घर में घुसे जहां कमरे का ताला तोड़कर कमरे में रख दो बक्सों के ताले तोड़कर उसमें रखे सोने का मादलिया आधा तोला चांदी का कड़ा व एक जोड़ी पायजेब के साथ थी 10 हजार की नगद राशि को चुरा कर ले गए। चोरी की घटना की जानकारी परिजनों को शनिवार अलसुबह लगी, सुचना पर बड़लियास थाना दीवान रणजीत मीणा मौके पर पहुंचे। कुछ महीने पूर्व भी चोरों ने जयलाल के घर को निशाना बनाया था। गांव में पहले हुई चोरी का खुलासा नहीं होने के चलते ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।

# विवाहिता ने आत्महत्या की

**कोटा, (निसं)।** सिमलिया थाना इलाके में एक विवाहिता ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। मृतका कल्याणपुरा निवासी ज्योति (28) है। सिमलिया थाने के उपनिरिक्षक थानाधिकारी सुरेश शर्मा ने बताया कि मृतका ज्योति मूल रूप से गोरधनपुरा गांव की रहने वाली थी जिसका विवाह कल्याणपुरा गांव के विकास के साथ कुछ माह पहले हुआ था।

थानाधिकारी ने बताया कि शुक्रवार देर रात्रि को सूचना मिली कि गोरधनपुरा अंडरपास के समीप रेलवे ट्रेक पर शव पड़ा हुआ है। सूचना पर मौके पर पहुंचे और मृतका की शिनाख्त ज्योति के रूप में हुई। थानाधिकारी ने बताया कि शनिवार को मेडिकल बोर्ड से विवाहिता के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव पीहर पक्ष में मृतका के भाई को सौंप दिया। थानाधिकारी ने बताया कि मृतका के भाई ने शिकायत दी है।

शिकायत में कहा कि उसकी बहन के पति विकास का गांव मे अन्य महिला से संबंध था, जिसको लेकर 6 माह पहले भी समझाइश की लेकिन समझाइश के बाद भी मामला शांत नहीं हुआ, जिसके चलते उसकी बहन ज्योति ने ये कदम उठाया है। थानाधिकारी ने बताया कि मृतका के भाई की शिकायत पर मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद ही मौत के कारण सामने आयेंगे।

# चोरी के मुख्य आरोपी सहित तीन गिरफ्तार

**उदयपुर, (निसं)।** हाथीपोल थाना क्षेत्र में दुकान से सामान चोरी करने की वारदात कर पुलिस ने खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी किया माल मय वाहन जब्त किया।

प्रकरण के अनुसार 9 जनवरी को पीड़ित युनूस पुत्र सैफुद्दीन फतहनगरवाला बोहरा निवासी प्रताप मार्ग स्वरूप सागर ने अज्ञात चोर के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। पीड़ित ने बताया कि चमनपुरा लौहा बाजार में सैफुद्दीन ब्रदर्स के नाम से दुकान तथा थियोसोफिकल सोसायटी के पास कब्रिस्तान के सामने गोदाम है। आठ जनवरी रात में हमेशा की तरह दुकान बंद कर घर गया था। दूसरे दिन नौ जनवरी तड़के अज्ञात चोर मेरी दुकान का ताला तोड़कर करीब 2100 किलो लोहे के पाइप, पत्तियां सहित अन्य माल चुरा ले गए। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर पुलिस टीम ने मुखबिर से मिली सूचना एवं सीसीटीवी फुटेज से मिले साक्ष्यों के आधार पर रिछावर जेकड़ा फला तहाडीया वाघपुरा निवासी प्रभूलाल पुत्र धूलाजी गमेती, टेक्सी चालक लीलडी पोस्ट मादला थाना फलासिया निवासी कैलाश पुत्र कमलेश्वर वडेरा तथा प्रवीण कटारा पुत्र हाकरचंद कटारा निवासी बछारफला हिराखेड़ा थाना नाई को गिरफ्तार किया। इससे पूर्व आरोपी प्रभूलाल मीणा हाथीपोल लोहा बाजार में आयरन गोदाम से नकबजनी के मामले में गिरफ्तार हो चुका है। जमानत पर छूटने के बाद दूसरी गैंग बनाकर उक्त वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है, जिनसे और भी वारदातें खुलने की संभावना है।

# वाहन की टक्कर से दो महिलाएं घायल

**सादुलपुर, (निसं)।** गांव बैरासर बड़ा में लकड़ी लाने के लिए खेत में जा रही दो महिलाओं को अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मार दी, जिससे दोनों महिलाओं के चोट लगी, जिनमें एक महिला की गंभीर हालात होने पर उसे राजकीय उप जिला केन्द्र राजगढ़ से चूरू रेफर किया गया है। थानाधिकारी पुष्पेन्द्र झाझडिया ने बताया कि धनसिंह पुत्र अमीलाल धाणक निवासी बैरासर बड़ा पुलिस थाना राजगढ़ जिला चूरू ने दर्ज मामले में बताया है कि उसके छोटे भाई मांगेराम धाणक पुत्र अमीलाल धाणक की पत्नी बाला उर्फ गोमती तथा उनके पड़ोसी पपीता पत्नी सुरेश नायक, मुकेश पत्नी बुधराम धाणक तीनों महिलाएं खेत से लकड़ी लाने जा रही थी। तभी हमारे गांव बैरासर बड़ा के बस स्टेण्ड के पास अज्ञात कार ने बाला उर्फ गोमती, पपीता पत्नी सुरेश नायक के टक्कर मार दी, जिसमें बाला उर्फ गोमती पत्नी मांगेराम के गंभीर चोटें आई है।

# प्रदेश में गांव बंद आंदोलन 29 जनवरी से

**अजमेर, (कासं)।** आगामी 29 जनवरी को राजस्थान में गांव बंद आंदोलन यानी गांव का व्यक्ति गांव में, गांव का उत्पादन गांव में अभियान को लेकर शनिवार को किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट ने अजमेर जिले के किसानों से जनसंपर्क किया। शनिवार को अजमेर में पत्रकार वार्ता आयोजित कर किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट ने बताया कि जन जागरण का प्रथम चरण 8 दिवसों में 19 जिलों में सम्पर्क किया जा रहा है, जिनमें भीलवाड़ा, चितौड़गढ़, राजसमंद, प्रतापगढ़, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, उदयपुर, जोधपुर, जैसलमेर, बाड़मेर, जालौर, सिरोही, पाली, ब्यावर, जयपुर, अलवर, खैरथल तिजारा, कोटपूतली बहरोड़ शामिल हैं।

जाट ने बताया कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसल खरीद के कानून को लेकर राजस्थान में 29 जनवरी को गांव बंद आंदोलन होगा। किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट ने अजमेर में मीडिया को बताया कि इस आंदोलन में राज्य के 45,537 गांवों से शामिल होने का आव्हान किया गया है। गांव बंद आंदोलन के तहत ग्रामीण न तो गांव छोड़ेंगे और न ही अपने उत्पादों को बाहर भेजेंगे। खरीदारी के लिए बाहरी लोगों को गांव आना होगा। आपातकालीन स्थितियों को छोड़कर किसी भी प्रकार के यातायात साधनों का उपयोग नहीं किया जाएगा। आंदोलन का उद्देश्य है कि किसानों को अपने उत्पादों का उचित मूल्य मिल सके और खाद्य वस्तुओं में मिलावट से बचाव हो। जाट ने बताया कि आंदोलन सत्य, शांति और अहिंसा पर आधारित होगा। यह स्वेच्छा से किया जाएगा और इसमें टकराव की न्यूनतम संभावना होगी। किसान अपने उत्पाद का मूल्य निर्धारण खुद करेंगे।



**राम मंदिर में रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर शनिवार को मसूदा नगर पालिका क्षेत्र में विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शनिवार को सकल हिंदू समाज के तत्वाधान में ऐतिहासिक शोभायात्रा निकाली गई। मसूदा स्थित अखाड़े वाले बालाजी मंदिर परिसर से शुरू होकर मसूदा नगर पालिका के विभिन्न मार्गों से गुजरती हुई निकली शोभयात्रा का लोगों ने जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। मसूदा अखाड़ा संघ ने कई करतब दिखाए। विभिन्न प्रकार की झांकियां शोभायात्रा में शामिल थी। ऐतिहासिक शोभायात्रा कुंड के इच्छापूर्ण बालाजी मंदिर पर पहुंची, जहां पर भव्य महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।**

# तेज धमाके के साथ आकाशीय बिजली गिरी

**सादुलपुर, (निसं)।** गांव मोडावासी में शनिवार को आकाशीय बिजली गिरने से जीओ कम्पनी के टॉवर में नुकसान होने के साथ-साथ विद्युत पोल की केबिल जल गई, जिसके कारण मोडावासी गांव में जीओ कम्पनी के टॉवर का नेटवर्क फैल होने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानी हा रही है।

ग्रामीण जंगशेर खान, साबीर, अलताफ व रज्जाक खान आदि ने बताया कि सुबह से ही क्षेत्र में हल्की बारिश का दौर जारी था।

जिसके चलते सुबह करीबन 10 बजे के आसपास अचानक से तेज धमाके साथ गांव मोडावासी में आकाशीय बिजली गिर गई, जिससे जीओ कम्पनी के टॉवर में उपकरण जल गये तथा पास ही खड़े विद्युत पोल की केबिल जल गई, जिसके कारण दिनभर से जीओ कम्पनी के टॉवर का नेटवर्क फैल है तथा जीओ कम्पनी के टॉवर पर हुए नुकसान के कारण फैल हुए नेटवर्क के चलते जीओ कम्पनी के उपभोक्ताओं की सेवाएं ठप्प पड़ी है। देर शाम तक मोडावासी गांव में जीओ कम्पनी के टॉवर का नेटवर्क फैल होने के कारण मोबाइल सेवाएं बन्द हैं।

# शाहपुरा जिला बचाओ आंदोलन 10वें दिन भी जारी

**शाहपुरा, (निसं)।** जिला बचाओ संघर्ष समिति के द्वारा उपखंड कार्यालय शाहपुरा के बाहर तीसरे दिन शनिवार को विप्र सेना शाहपुरा के सदस्यों ने क्रमिक अनशन व धरना दिया।

संघर्ष समिति के व अभिभाषक संस्था के सहसचिव कमलेश मुण्डेतिया ने बताया कि शाहपुरा जिला बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष दुर्गालाल राजोरा व संयोजक रामप्रसाद जाट ने क्रमिक अनशन धरने पर बैठे विप्र सेना ब्राह्मण समाज शाहपुरा के जिला अध्यक्ष अंकुर ओझा व नगर अध्यक्ष अभय पारीक के नेतृत्व में सदस्य जयदेव जोशी, तेजपाल उपाध्याय, सोमेश्वर व्यास, विष्णु दत्त शर्मा, महावीर प्रसाद दीक्षित, सूर्यप्रकाश ओझा, रविशंकर शर्मा, अजय कुमार मेहता, पुखराज जोशी, जगदीश जोशी, राजमल शर्मा, सूर्यकांत पारीक, प्रदीप भारद्वाज, अशोक भारद्वाज, अखिल व्यास, सुनील पाराशर, सुनील मिश्रा सहित कई सदस्यों को माला पहनाकर धरने पर बैठाया गया। विप्र सेना शाहपुरा के सदस्यों एवं संघर्ष समिति के सदस्यों और अधिवक्ताओं ने शाहपुरा जिला को समाप्त करने के विरोध में सुंदरकांड का पाठ कर नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया और शाहपुरा को वापस जिला बनाने की मांग की। इस मौके पर शाहपुरा जिला बचाओ संघर्ष समिति के रामेश्वर लाल सोलंकी, पूर्व शारीरिक शिक्षक रामस्वरूप खटीक, हाजी उस्मान मोहम्मद छीपा, अभिभाषक संस्था के अध्यक्ष दुर्गालाल राजोरा, उपाध्यक्ष गजेंद्र प्रताप सिंह राणावत, सह सचिव कमलेश मुंडेतिया, पुस्तकालय अध्यक्ष दीपक मीणा, वरिष्ठ अधिवक्ता नमन ओझा, अंकित शर्मा, प्रियेश यदुवंशी, पीएलवी अभय गुर्जर मौजूद रहे।




शाहपुरा जिला बचाओ संघर्ष समिति के द्वारा उपखंड कार्यालय के बाहर अनशन व धरना जारी है।

अभिभाषक संस्था के सहसचिव कमलेश मुंडेतिया ने बताया कि जिला बचाओ संघर्ष समिति को आमजन का सहयोग लगातार मिल रहा है। शनिवार को भी अभिभाषक संस्था शाहपुरा के अधिवक्तागणों ने न्यायिक कार्यों का बहिष्कार जारी रखा और शाहपुरा को यथावत जिला बनाए की मांग की।

जिला बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा ने कहा कि 12 जनवरी को क्रमिक अनशन धरने पर विप्र सेना शाहपुरा के सदस्य बैठकर धरना देंगे। वहीं शिव शक्ति खटीक समाज शाहपुरा एवं विप्र ब्राह्मण समाज शाहपुरा की महिलाओं ने धरने पर पहुँचकर समर्थन दिया। जिला बचाओ संघर्ष समिति के तत्वाधान में चल रहे आंदोलन और धरने पर भीलवाड़ा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी पहुंचे और कांग्रेस की सरकार आने पर पुनः शाहपुरा को जिला का दर्जा देने की बात कही। इस दौरान पीएससी सदस्य संदीप जीनगर, अशोक भारद्वाज, दुर्गेश सेन, जिला कांग्रेस कमेटी भीलवाड़ा अविनाश शर्मा सहित कई आमजन नागरिक मौजूद रहे।

# नीमकाथाना जिला बनाने की मांग, बारिश व सर्दी में भी धरना जारी

**पाटन, (निसं)।** नीमकाथाना जिला बनाने की मांग को लेकर बारवें दिन भी भूख हड़ताल जारी रही। वहीं आंदोलनकारी सर्दी और बारिश में भी धरना स्थल पर बैठे रहे। शनिवार को महावीर कुमावत (पार्षद), झाबरमल कुमावत छावनी, श्रवण कुमार शर्मा पार्षद, कृष्ण सैनी वार्ड नं. 31 पार्षद और कृष्ण वर्मा वार्ड नं. 23 पार्षद भूख हड़ताल पर बैठे, जिनका विधायक सुरेश मोदी ने माला पहनाकर स्वागत किया।

- 'नीमकाथाना जिला हटाने से सरकार के खिलाफ धीरे-धीरे लोगों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है'
- नीमकाथाना, उदयपुरवाटी, खेतड़ी, श्रीमाधोपुर विधानसभा क्षेत्र के लोगों का विरोध प्रदर्शन जारी



नीमकाथाना जिला बनाने की मांग को लेकर बारवें दिन भी भूख हड़ताल जारी रही।

सरकार के पूर्व मंत्री राजेन्द्र सिंह गुढ़ा ने कहा कि नीमकाथाना जिला बनाने की मांग 70 साल से चली आ रही है। नीमकाथाना जिला हटाने से राजस्थान सरकार के खिलाफ धीरे-धीरे लोगों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। नीमकाथाना, उदयपुरवाटी, खेतड़ी, श्रीमाधोपुर विधानसभा क्षेत्र के लोग जगह-जगह टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, गांव-ढाणीयों में भी भाजपा सरकार के खिलाफ नारे लगाकर नीमकाथाना को जिला यथावत रखने के लिए भाजपा सरकार पर दबाव बनाया जा रहा है। सरकार द्वारा नीमकाथाना को जिला सूची से हटाने के बाद से लोगों में सरकार के खिलाफ आक्रोश है तथा क्षेत्र के लोग संघर्ष समिति का समर्थन करने में उनका साथ दे रहे हैं। राजेन्द्र सिंह गुढा ने उदयपुरवाटी, श्रीमाधोपुर, खण्डेला, खेतड़ी और नीमकाथाना के लोगों से आव्हान किया है कि 13 जनवरी को नीमकाथाना के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली विशाल महासभा में पहुंचकर संघर्ष समिति का हौसला बढ़ाते हुए सरकार पर दबाव बनावें जिससे सरकार को मजबूर होकर नीमकाथाना को पुनः जिला घोषित करना पड़े। गुढा ने कहा कि जितनी मजबूत हमारी सभा होगी उतनी ही जल्दी सरकार को हमारी मांग माननी पड़ेगी। इस मौके पर कांता प्रसाद शर्मा, राजेन्द्र महारानियां, सरपंच सुरेश खैरवा, बलवीर खैरवा, देवेन्द्र बिजारणियां, बलदेव यादव, भूपेन्द्र सिंह तंवर पंचायत समिति सदस्य सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# प्रदेश में पलटा मौसम, कई जिलों में बरसात होने से सर्दी बढ़ी

## बरसात को खेतों में खड़ी जौ, चना, गैहूँ, सरसों, तारामीरा की फसल के लिए काफी फायदेमंद माना जा रहा है

## श्रीमाधोपुर में मौसम की दूसरी मावठ से किसानों के चेहरे खिले

### सुबह से ही पूरे दिन तक बारिश जारी रही, सर्दी ने दिनचर्या बदली

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। कस्बे व ग्रामीण अंचल में शनिवार सुबह नौ बजे से कभी धीमा तो कभी तेज बरसात का दौर शाम तक लगातार रहा। लगातार हो रही बरसात के बाद आमजन की दिनचर्या में भी प्रभाव पड़ा है। मौसम की मावठ के चलते सर्दी ने भी अपने तीखे तेवर दिखाना शुरू कर दिया। पूरे दिनभर रुक-रुक कर बारिश हुई।

दिनभर हो रही बरसात ने आमजन की दिनचर्या को प्रभावित कर दिया और लोग शाम तक भी घरों में गर्म कपड़ों में दुबके नजर आये। वहीं बाजार में आम दिनों की तरह चहल-पहल दिखाई नहीं दी। बाजार में रौनक नहीं दिखी। कई दुकानदार घरों में ही दुबके रहे व घरों में ही चाय, पकौड़ी, मूंगफली आदि का आनंद लेते रहे। लगातार हो रही वर्षा के बाद चारों ओर बारिश का पानी ही पानी हो गया। फिलहाल बारिश का दौर जारी है।



श्रीमाधोपुर में लगातार हो रही वर्षा के बाद चारों ओर पानी ही पानी हो गया।

इस बरसात से किसानों के खेतों में खड़ी जौ, चना, गैहूँ, सरसों, तारामीरा की फसल के लिए काफी फायदेमंद माना जा रहा है। किसान जैसाराम गठाला, सीताराम सैनी, मोहनलाल सैनी लालवाला राजेंद्र कुमार रुड़ावाली ने बताया की फसल के लिए यह मावठ अमृत के समान है। इस बारिश से फसलों को काफी फायदा होगा।

## चूरू में मावठ से मौसम का मिजाज बदला, न्यूनतम पारा 8.4 डिग्री दर्ज

**चूरू,** (निसं)। चूरू में शनिवार सुबह मावठ की हल्की बारिश हुई। बारिश से रबी की फसलों को लाभ मिलने की उम्मीद है। हालांकि शीतलहर और

- लोगों ने सर्दी से बचाव के लिये अलाव का सहारा लिया
- ओलावृष्टि की संभावना ने किसानों की चिंता बढ़ाई

ओलावृष्टि की संभावना ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। लोग ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा ले रहे हैं।

मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा के अनुसार बीकानेर संभाग में कहीं-कहीं बूंदाबांदी, तो कहीं मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है। 12 जनवरी से मौसम शुष्क होने और घना कोहरा छाने की संभावना है। शनिवार को न्यूनतम



चूरू में बरसात होने से कई जगह पानी भर गया।

तापमान में तीन डिग्री की बढ़ोतरी हुई। जिससे तापमान 8.4 डिग्री पहुंच गया। बारिश के बाद सुबह की सर्द हवाओं ने लोगों को ठिठुरा कर रख दिया। डीबी अस्पताल के वरिष्ठ फिजीशियन डॉ. मो. आरिफ ने अस्थमा के मरीजों को विशेष सावधानी बरतने और बिना जरूरी काम के घर से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी है।

## बीकानेर सहित कई जिलों में यलो अलर्ट

**बीकानेर,** (निसं)। बीकानेर जिले में मौसम बदल गया है। शनिवार की सुबह रिमझिम बारिश के साथ शुरू हुई। ये दौर रविवार तक चल सकता है। वहीं एक बार फिर कोहरा भी छा सकता है। मौसम विभाग ने बीकानेर संभाग में बारिश के साथ ही घने कोहरे की संभावना जताई है। बीकानेर सहित कई जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है।

शनिवार सुबह पांच बजे के बाद से ही हल्की रिमझिम बारिश ने बीकानेर को भिगोना शुरू कर दिया था। इस बीच सुबह सात बजे तक रिमझिम बारिश ने मौसम ही बदल दिया। सड़कों पर लोगों की आवाजाही कम हो गई। अत्यावश्यक होने पर घर से निकल रहे लोग सर्दी का पूरे इंतजाम के साथ बाहर आए। अभी रविवार को मौसम साफ रह सकता है। मंगलवार तक की भविष्यवाणी में रविवार से मौसम पूरी तरह शुष्क बताया गया है। मौसम विभाग ने यलो अलर्ट जारी किया है यहां मेघ गर्जन के साथ बूंदाबांदी और हल्की वर्षा की संभावना है। मौसम विभाग ने मेघगर्जन की स्थिति में सुरक्षित स्थानों पर रहने की चेतावनी दी है। वहीं पेड़ के नीचे खड़े नहीं होने की सलाह दी है। सुबह छह बजे से सात बजे तक लगातार रिमझिम रही। पिछले चौबीस घंटे में बीकानेर में न्यूनतम तापमान नौ डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया। गुरुवार की रात पारा नौ डिग्री सेल्सियस था।

## पाली में बरसात, बादल छाए रहे

**पाली,** (नि.सं.)। पाली में शनिवार अलसुबह चार बजे से हल्की बरसात हुई। बारिश रुक-रुककर साढ़े पांच बजे तक होती रही। ऐसे में शहर की सड़कें बरसाती पानी से भीग गई। सुबह आठ बजे तक शहर में सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए, बादल छाए रहे। सुबह के समय कोल्ड वेव चल रही थी। मौसम विभाग की माने तो शनिवार को पाली का न्यूनतम तापमान 9 डिग्री और अधिकतम तापमान 23 डिग्री दर्ज किया गया। वेस्टर्न डिस्टरबेंस के चलते मौसम में अचानक बदला आया है। पाली शहर में शनिवार को अलसुबह बरसात हुई, बादल छाए रहे। कोल्ड वेव चलने से स्कूल जाने वाले स्टूडेंट से लेकर वॉकिंग पर निकले लोग गर्म कपड़ों में नजर आए। चाय की कई थड़ियों पर लोग अलाव तापते हुए सर्दी से राहत पाने का जतन करते नजर आए। शहर की सड़कें भी सुबह के समय सूनी-सूनी सी नजर आई।

## गंगापुर सिटी में बूंदाबांदी से ठण्ड बढ़ी

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। गंगापुर सिटी और आसपास के क्षेत्रों में मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। शनिवार की सुबह से छाए घने कोहरे और शीतलहर ने जनजीवन को प्रभावित किया है। मौसम विभाग के अनुसार विजिबिलिटी 40 मीटर से भी कम रही, जिससे वाहन ड्राइवरों को दिन में भी हेडलाइट का सहारा लेना पड़ा।

जानकारी के अनुसार पिछले दो-तीन दिनों से मौसम साफ रहा। शुक्रवार शाम से अचानक मौसम में बदलाव शुरू हुआ। शहर का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस पर स्थिर है, जबकि अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सर्द हवाओं और गलन ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है।

मौसम विभाग ने शनिवार के लिए बारिश और ओलावृष्टि का अलर्ट जारी कियौ। पिछले 10 दिन के आंकड़ों के अनुसार तापमान में लगातार उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। 8 और 7 जनवरी को न्यूनतम तापमान 5 डिग्री तक गिर गया था, जबकि अधिकतम तापमान 3-4 जनवरी को 25-26 डिग्री तक पहुंच गया था। मौसम की इस अनिश्चितता से आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। वहीं शाम के समय आसमान में घटाएं उमड़ पड़ी और बूंदाबांदी चालू हो गई। बूंदाबांदी से मौसम में ठण्डक बढ़ गई।

## वरिष्ठ अध्यापक से व्याख्याता बने शिक्षकों का इंतजार बढ़ा

### चार साल बाद पदोन्नति, काउंसलिंग प्रक्रिया दूसरी बार स्थगित

**बीकानेर,** (निसं)। राज्य के सबसे बड़े विभाग शिक्षा विभाग के दिनों दिन हाल बेहाल होते जा रहे हैं। कभी काउंलसिंग प्रक्रिया स्थगित होती है कभी परिणाम जारी होने के बाद जिला आवंटन नहीं होते। ऐसा ही हाल ही में सम्पन्न हुई वरिष्ट अध्यापक से व्याख्याता पदोन्नति वर्ष 2021-22 और 2022- 23 की में पदोन्नत हुए 10 हजार 515 व्याख्याताओं एक बार वर्तमान स्कूलों में कार्यग्रहण करवा लिया।

उसके बाद 19 दिसम्बर को निदेशक द्वारा पदोन्नत होने वाले कार्मिकों के पदस्थापन आदेश जारी किए जाने से पूर्व शाला दर्पण एसएसपीएमएस पर ऑनलाइन काउसंलिंग प्रक्रिया के लिए 24 दिसंबर से कार्यक्रम शुरू होकर 15 जनवरी को इनके पदस्थापन आदेश जारी किए जाने थे, लेकिन 6 जनवरी को संयुक्त निदेशक (कार्मिक) के द्वारा काउंसलिंग का कार्यक्रम निर्धारित किया गया, जिसके अनुसार 10 जनवरी को प्राथमिकता श्रेणी के साक्ष्य एवं आपत्तियों का निस्तारण एवं अंतिम रूप से वरीयता सूची का प्रकाशन तथा रिक्तियों का प्रकाशन व 11 से 16 जनवरी तक वरीयता सूची में उल्लेखित आशार्थियों द्वारा विद्यालयों का चयन एवं ऑप्शन लॉक किया जाना व 20 जनवरी को आशार्थियों द्वारा लिए गए विकल्पों के आधार पर एनआईसी एवं शाला दर्पण जयपुर/बीकानेर द्वारा रिजल्ट / रिपोर्ट तैयार कर उपलब्ध कराना ओर 22 जनवरी को तैयार रिजल्ट/रिपोर्ट के आधार पर पदस्थापन आदेश जारी करना था।

शिक्षक संघ रेसटा के प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद ने बताया कि 10 जनवरी से काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू होती उससे पहले ही माध्यमिक शिक्षा निदेशालय बीकानेर के संयुक्त निदेशक (कार्मिक) द्वारा निर्देश जारी करके तकनीकी कारणों का हवाला देते हुए काउंसलिंग प्रक्रिया को स्थगित कर दिया है। काउंसलिंग की आगामी तिथियां फिलहाल घोषित नहीं की गई हैं। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय के संयुक्त निदेशक कार्मिक ने इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं। इनके पदस्थापन होने के बाद दो सत्रों की बकाया पदोन्नति भी करनी है।

वरिष्ट अध्यापक से व्याख्याता पदोन्नति के बाद पदस्थापन हेतु दो बार काउंसलिंग प्रक्रिया को स्थगित कर दिया गया है जो सही नहीं है। मार्च माह में शुरू होने जा रही बोर्ड परीक्षाओं से पहले अगर इनका पदस्थापन होता तो राज्य के सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे लाखों विद्यार्थियों को लाभ मिलता। इसलिए शिक्षक संघ रेसटा की मांग है कि 7 दिवस में काउसंलिंग प्रक्रिया शुरू करवाकर पदस्थापन आदेश जारी करने चाहिए।

## सचिन पायलट के प्रस्तावित नोहर दौरे को लेकर बैठक ली

**नोहर।** कांग्रेस नेत्री व पूर्व विधायक सुचित्रा आर्य ने राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट के 17 जनवरी को प्रस्तावित नोहर दौरे के संबंध में पल्लू देहात ब्लॉक कांग्रेस कार्यकर्ताओं, पार्टी एवं नोहर शहर क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के साथ अपने आवास पर बैठक की। इस दौरान आर्य ने विभिन्न कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां देकर अधिक से अधिक लोगों तक अपील पहुंचाने एवं जनसम्पर्क, प्रिंट मीडिया, सोशल मीडिया के माध्यम से पायलट के कार्यक्रम से अवगत करवाने के लिए निर्देशित किया।

आर्य ने अपने संबोधन में कहा पायलट देश के ख्यातिनाम लोकप्रिय नेता हैं उन्होंने नोहर को पहला कार्यक्रम दिया है ऐसे में उनके स्वागत सत्कार में कोई कसर नहीं रहनी चाहिए। युवा एवं किसान वर्ग की बड़ी भागीदारी पर हमें



पूर्व विधायक सुचित्रा आर्य ने सचिन पायलट के 17 जनवरी को नोहर दौरे के संबंध में बैठक ली।

विशेष ध्यान देना है। क्षेत्र के ज्यादा ज्यादा लोगों तक उनके विचारों को रूबरू करवाने का अपने को अवसर मिला है जिसका भरपूर फायदा कांग्रेस पार्टी को होगा। इस दौरान सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## करौली में बारिश से सर्दी बढ़ी

**करौली,** (निसं)। करौली जिला मुख्यालय पर शनिवार को दिनभर सर्द हवाएं चली और सांयकाल मौसम के अचानक पलटा खाने के बाद झमाझम बारिश का दौर शुरू हुआ, जिससे सड़कों पर सन्नाटा पसर गया। करौली जिला मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बीते कई दिनों से सर्द हवाओं का दौर जारी है। शनिवार को दिनभर ठंडी हवाएं चली जिसके चलते लोग गर्म कपड़ों में लिपटे नजर आए।

## कार में सिगड़ी जलाने से दो युवक अचेत

### सिगड़ी जलाने से कार में ऑक्सीजन की कमी हो गई थी

**टोंक,** (निसं)। निवाई थाना क्षेत्र में चैनपुरा चौराहे पर एक कार में सिगड़ी जलाने से बंद कार में ऑक्सीजन की कमी होने से दो युवक अचेत हो गये, जिन्हें ग्रामीणों व पुलिस की सहायता से निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया है।

निवाई थानाधिकारी हरिराम वर्मा ने बताया कि चैनपुरा ग्राम के पास पेट्रोल खत्म होने के कारण दो युवकों ने कार में ही ठण्ड से बचने के लिए सिगड़ी चलाकर कार बंद कर लिया। शीशे बन्द होने से ऑक्सीजन की कमी के चलते दोनों युवक बेहोश हो गए। जिनको पास निर्माणाधीन मकान में काम कर रहे मजदूरों ने कार के शीशे तोड़कर दोनों युवकों को निकाला तथा मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने युवकों को अचेत देखकर सीपीआर देकर बचाने का प्रयास किया। वहीं पुलिस की सूचना पर एम्बुलेंस को बुलाकर निवाई चिकित्सालय में ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गम्भीर हालत के चलते दोनों युवको को जिला अस्पताल टोंक रैफर कर दिया। सूत्रों के अनुसार घायल युवकों में एक की पहचान राजाराम पुत्र भागुता मीणा निवासी मुण्डिया के रूप में हुई है तथा दूसरे की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।

## प्रतिबंधित चाइनीज मांझे से बाइक सवार युवक की गर्दन कटी, 16 टांके लगे

**सादुलपुर,** (निसं)। शहर में प्रतिबंधित चाइनीज मांझे की चपेट में आकर जहां पशु-पक्षी घायल होने के साथ-साथ काल के ग्रास बन रहे हैं, वहीं राहगीर भी इसकी चपेट में आकर चोटिल हो रहे हैं, जिसमें एक मोटरसाइकिल सवार युवक राजगढ़ में हिसार सड़क पर चाइनीज मांझे की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक का गला चाइनीज धागे से कट गया तथा गले पर सोलह टांके आए। बाइक चालक की जान पर संकट आ गई।

जानकारी के अनुसार लीलकी गांव का बंटी नामक युवक चाइनीज मांझे की चपेट में ऐसा आया कि गले



चाइनीज मांझे की चपेट में आने से लिलकी गांव निवासी युवक बंटी की कटी गर्दन में 16 टांके आये।

का हिस्सा इस मांझे से कट गया। लोगों ने इसे तत्काल संभाला और हॉस्पिटल में पहुंचाया। अस्पताल में डॉ. अल्केश कुमार ने घायल युवक का तत्काल उपचार किया और टांके लगाकर जिंदगी बचाई। उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी एक मासूम बालक का गाल इस चाइनीज मांझे के कारण कट गया था, लेकिन घायल पशु-पक्षियों की कोई सूध नहीं ले रहा है। और ना ही प्रशासन इस पर कोई कठोर कार्रवाई कर रहा है, बिना किसी रोक-टोक के धडल्ले के साथ राजगढ़ कस्बे में जानलेवा चाइनीज मांझे की बिक्री हो रही है। इस तरह की घटनाएं चाइनीज मांझे के खतरों को उजागर करती हैं।

- पूर्व में भी एक मासूम बालक का गाल चाइनीज मांझे के कारण कट गया था

मकर संक्रांति पर्व अंतर्गत शहर में बिना किसी रोक टोक के चाइनीज धागा की बिक्री हो रही है ना प्रशासन कार्रवाई कर रहा है और ना ही नगर पालिका की ओर से जांच हो रही है। मकर संक्रांति और अन्य अवसरों पर चाइनीज मांझा, प्लास्टिक मांझा, अन्य सिंथेटिक पदार्थ से बने मांझे और खतरनाक सामग्री जैसे लोहा, कांच आदि के मिश्रण से बने मांझे के उपयोग, भंडारण, निर्माण और विपणन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की कार्रवाई नहीं हो रही है।

## 60 हजार के टायर-ट्यूब चोरी

**नारायणपुर,** (निसं)। उपखंड क्षेत्र की ठाम पंचायत मुण्डावरा में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक टायर पंचर की दुकान को निशाना बनाया। दुकान के मालिक महेश सैनी ने बताया कि सुबह उठने पर जब उन्होंने दुकान को देखा तो पाया कि दुकान के पीछे जाल में रखे छोटे-बड़े करीब 45 नए और पुराने टायर चोरी हो चुके थे। घटना स्थल पर गाड़ी के टायरों के निशान भी मिले हैं, जिससे अंदेशा लगाया जा रहा है कि चोर चोरी किए गए सामान को गाड़ी में ले गए। चोरी हुए सामान की कीमत लगभग 50 से 60 हजार रुपये आंकी गई है। दुकानदार महेश सैनी ने इस घटना की सूचना नारायणपुर थाने में दी। पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गौरतलब है कि क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं ने स्थानीय निवासियों और व्यापारियों में डर का माहौल बना दिया है।


राजस्थान-सरकार

**कार्यालय प्रधानाचार्य राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय एवं नियंत्रक सलंग्न चिकित्सालय समूह कोटा**

website:https://medicaleducation.rajasthan.gov.in / mckota e-mail.:principalmck@gmail.com. tel 0744-2470674

क्रमांक:पं()/क्रय-2/2024-25/166 दिनांक : 03-01-2025

**ऑन लाइन बोली सूचना संख्या 10/2024-25 (E-Tender)**

चिकित्सा महाविद्यालय कोटा द्वारा CAMC and support service with Spare part of active & passive Components of computer, printer, UPS and Computer-Networking-Hardware, other Equipmwnts installed of under arogya, and Hostal LAN project, govt.medical college, kota and Attached group of Hospital Kota के लिये दो वर्ष हेतु कुल अनुमानित लागत 72.00 लाख बाबत मूल निर्माताओं/अधिकृत विक्रेताओं सदभावी सव्यवहारियों आदि से ई-उपापन प्रकिया के तहत दिनांक 04/01/25 प्रात: 10.00 बजे से दिनांक 17/01/25 सांय 05:00 बजे तक बोली आमंत्रित की जाती है। बोली से सम्बन्धित समस्त विवरण वेबसाइट www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

UBN : CMH2425GLOB00168

DIPR/C/325/2025

**कार्यालय अधिशाषी अभियंता सा.नि.वि कोलाना एयरपोर्ट खण्ड झालावाड़**

क्रमांक:-962 दिनांक:-01.01.2025

**निविदा सूचना सुख्या 05/2024-25**

NIB Code :- PWD2425A3627

राजस्थान के राज्यपाल महोदय, की ओर से राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से (1) कोलाना हवाई पट्टी झालावाड़ के अप्रेन टेक्सीवे इत्यादि का शेष कार्य (2) कोलाना हवाई पट्टी झालावाड़ में विभिन्न कार्य हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदको एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादित में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के "एए", "ए", "बी", "सी" एवं "डी" श्रेणी के संवेदकों क समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूमेंट प्रक्रिया हेतु ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेब साईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट http:/eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट http:/eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है। निविदा फार्म ऑन लाईन लाईन दिनांक 10.01.2025 से 30.01.2025 को सांय 6.00बजे तक डाउनलोड किये जा सकेंगे। ऑन लाईन निविदायें जमा कराने की तिथि 10.01.2025 से 30.01.2025 को सांय 6.00 बजे तक रहेगी। वेब साईट पर वित्तीय बिड दिनांक 31.01.2025 को 3.00 PM पर खण्ड कार्यालय में खोली जावेगी।

UBN: PWD2425WSOB13158, PWD2425WSOB13159

अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. कोलाना एयरपोर्ट
खण्ड झालावाड

DIPR/C/298/2025

**दि ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड**

क्षेत्रीय कार्यालय

आईआरडीए पंजीकृत सं. 556 सीआइएन : U66010DL1947GO1007158

क्षेत्रीय कार्यालय, नवाँ एवं दसवाँ तल, बीमा भवन, एनबीसीसी सेंटर, सहकार मार्ग, जयपुर-302015

**सार्वजनिक सूचना**

कंपनी के नीचे सूचीबद्ध मोटर/फायर/विविध कवरनोट्स खो गए हैं:

| डिपार्टमेंट कोड | बुक नंबर | कवर नोट नंबर |
|---|---|---|
| 48 | 296955 | 240000317504 TO 240000317525 |
| 31 | 290649 | 240000759406 TO 240000759425 |
| 11 | 238770 | 24000074627 TO 24000074650 |
| 48 | 352699 | 240000362902 TO 240000362925 |
| 48 | 491125 | 240000364353 |
| 48 | 491125 | 240000364355 TO 240000364375 |
| 11 | 504719 | 240000124255 TO 240000124275 |
| 48 | 604605 | 240000387529 TO 240000387550 |
| 31 | 441731 | 240000881176 TO 240000881200 |
| 31 | 133743 | 242103543626 TO 242103543650 |
| 31 | 214331 | 240000593808 |
| 31 | 214331 | 240000593812 TO 240000593825 |
| 31 | 325218 | 240000731311 |
| 31 | 325218 | 240000731315 |
| 31 | 348170 | 242301798914 TO 242301798921 |
| 31 | 348170 | 242301798923 TO 242301798925 |
| 31 | 348171 | 242301798933 |
| 31 | 348173 | 242301798978 |
| 31 | 348173 | 242301798989 |
| 31 | 348173 | 242301798995 TO 242301798997 |
| 31 | 490252 | 242300862295 TO 242300862296 |
| 31 | 489307 | 240000922517 |
| 31 | 489307 | 240000922522 |
| 31 | 489308 | 240000922526 |
| 31 | 489308 | 240000922529 |
| 31 | 489308 | 240000922536 |
| 31 | 489308 | 240000922544 |
| 31 | 489308 | 240000922546 |
| 31 | 489308 | 240000922548 |
| 31 | 489309 | 240000922553 |
| 31 | 489309 | 240000922558 TO 240000922559 |
| 31 | 489311 | 240000922608 TO 240000922625 |
| 21 | 131183 | 24230821715 TO 24230821725 |
| 11 | 156292 | 24230870299 TO 24230870300 |
| 11 | 346405 | 240000118235 TO 240000118250 |
| 48 | 441755 | 240000381405 TO 240000381425 |

| डिपार्टमेंट कोड | बुक नंबर | कवर नोट नंबर |
|---|---|---|
| 31 | 1207632 | JPMOT/2017737176 TO JPMOT/2017737179 |
| 31 | 637113 | 240000983751 TO 240000983775 |
| 44 | 772948 | 240000329078 TO 240000329100 |
| 21 | 1274232 | 24000043926 TO 24000043950 |
| 48 | 120867 | 24000039801 TO 24000039825 |
| 44 | 772950 | 240000329126 TO 240000329150 |
| 48 | 120868 | 24000039826 TO 24000039850 |
| 44 | 772949 | 240000329102 TO 240000329125 |
| 11 | 1342730 | 240000148002 TO 240000148025 |
| 11 | 1344495 | 240000151505 TO 240000151525 |
| 31 | 204845 | 240000622905 TO 240000622950 |
| 31 | 244831 | 240000671606 |
| 31 | 244831 | 240000671623 |
| 31 | 244831 | 240000671625 |
| 31 | 204848 | 240000622577 |
| 31 | 204848 | 240000622584 |
| 31 | 204848 | 240000622599 TO 240000622600 |
| 31 | 239393 | 240000671627 |
| 31 | 239393 | 240000671629 TO 240000671630 |
| 31 | 239393 | 240000671632 |
| 31 | 239393 | 240000671640 |
| 31 | 239393 | 240000671642 |
| 31 | 239393 | 240000671644 |
| 31 | 239393 | 240000671650 |
| 31 | 256837 | 240000687711 |
| 31 | 256837 | 240000687716 |
| 31 | 256837 | 240000687722 |
| 31 | 1071473 | JPMOT/2016637201 TO JPMOT/2016637225 |
| 48 | 1353462 | 243400315280 |
| 31 | 284752 | JPMOT/2017750979 |
| 31 | 284752 | JPMOT/2017750981 |
| 31 | 284752 | JPMOT/2017750984 |
| 31 | 126054 | 240000566851 TO 240000566875 |

Police Report has been lodged vide **LR No. 2538737/2025** Dated **02.01.2025** The Company shall not be liable for any loss or liability arising due to the misuse of the above covernotes. Finder may return to:
The Oriental Insurance Company Limited, 9th & 10th floor NBCC Building Sahkar Marg Jaipur 302015 Phone No.0141-2850453

आज्ञा से, उप महाप्रबंधक

# आदिवासी समाज के 35 लोगों से लाखों रुपए ठगने वाला बदमाश गिरफ्तार

## गार्ड और सुपरवाइजर की नौकरी दिलाने के बहाने आरोपी ने ठगी थी रकम

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** प्रतापगढ़ के आदिवासी समुदाय के 35 लोगों को नौकरी को झांसा देकर लाखों रु. ठगने वाले शातिर बदमाश को राजस्थान पुलिस की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने दबोचा है। आरोपी सियाराम गुर्जर ने इन 35 आदिवासियों को बांसवाड़ा बुलाकर ट्रेनिंग के बाद गार्ड और सुपरवाइजर की नौकरी पर लगाने का झांसा देकर रकम हड़पी थी। वारदात के बाद पिछले करीब 6 साल से आरोपी फरार था, पुलिस ने इस पर 10 हजार रु. का इनाम भी घोषित कर रखा था। अब एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने भरतपुर के डीग क्षेत्र स्थित निगोई में दबिश देकर इस शातिर बदमाश को दबोचा है, अब उसे अग्रिम कार्रवाई के लिए बांसवाड़ा के कोतवाली थाना पुलिस को सौंप दिया है।

एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स के अतिरिक्त महानिदेशक दिनेश एम.एन. ने बताया कि विभिन्न आपराधिक मुकदमों में वांछित अपराधियों, गैंगस्टर और तस्करों के बारे में आसूचना संकलन और धरपकड़ के लिए उपमहानिरीक्षक योगेश यादव व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिद्धांत शर्मा के सुपरविजन में विभिन्न टीमें अलग-अलग शहरों में रवाना की गई है।



राजस्थान पुलिस की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने प्रतापगढ़ के आदिवासी समुदाय के लोगों को झांसा देकर लाखों रु. ठगने वाले शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है।

दिनेश एम.एन. ने बताया कि 20 मई 2019 को बालाजी सिक्योरिटी सर्विस ट्रेनिंग सेंटर प्रताप सर्कल बांसवाड़ा के कर्मचारी जगराम और सियाराम के खिलाफ पीपलखूंट और घण्टाली के रहने वाले आदिवासी समाज के 35 लोगों ने मुकदमा दर्ज कराया था। इन पीड़ितों ने रिपोर्ट दी थी कि, जल स्वावलंबन योजना में लगी हुई पानी की टंकी और पाइपलाइन की सुरक्षा के लिए गार्ड व सुपरवाइजर पद पर प्रशिक्षण के बाद नियुक्ति देने की कहकर सिक्योरिटी राशि के रूप में आरोपी जगराम और सियाराम ने लाखों रुपये ले लिए गए। उसके बाद ना तो आरोपियों ने नौकरी दी ना पैसे लौटाये।

इस मामले में फरार आरोपी सियाराम गुर्जर के विरुद्ध बांसवाड़ा कोर्ट से स्थाई गिरफ्तारी वारंट भी जारी है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए एसपी बांसवाड़ा द्वारा 10 हजार रुपये के इनाम की घोषणा की गई थी। एजीटीएफ के उप निरीक्षक सुभाष सिंह के नेतृत्व में एएसआई शैलेंद्र शर्मा, हेड कांस्टेबल मदनलाल, अरुण कुमार, कांस्टेबल श्रवण व बृजेश कुमार की टीम को भरतपुर की ओर भेजा गया था। इस दौरान टीम को सूचना मिली कि बांसवाड़ा जिले का इनामी दिल्ली व गुड़गांव इलाके में फरारी काट रहा है जो अभी 10 दिन पहले ही अपने गांव लौटा है। इस पर एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने पुलिस अधीक्षक डीग राजेश मीणा के समन्वय एवं एसएचओ खोह विशंभर सिंह के सहयोग से निगोई गांव दबिश देकर आरोपी सियाराम गुर्जर को डिटेन किया, जिसे अग्रिम कार्रवाई के लिए थाना कोतवाली जिला बांसवाड़ा से आए हैड कांस्टेबल पृथ्वीपाल सिंह और उनकी टीम को सौंप दिया गया।

इस संपूर्ण कार्रवाई में एएसआई शैलेंद्र कुमार, हेड कांस्टेबल मदनलाल व कांस्टेबल बृजेश कुमार की विशेष भूमिका एवं हेड कांस्टेबल अरुण कुमार व कांस्टेबल श्रवण कुमार की सराहनीय भूमिका रही। दबिश एवं धरपकड़ की इस कार्रवाई के दौरान एसएचओ विशम्भर सिंह और उनकी टीम भी शामिल थी।



अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर छोटी काशी के मंदिरों में विभिन्न धार्मिक आयोजन हुए। ठिकाना मंदिर श्री रामचंद्र जी में प्रतिष्ठा द्वादशी महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। मंदिर में राम नवमी जैसा माहौल रहा। ठाकुर जी को जरकाशी और गोटा पत्ती की कलाबूत के काम की मखमल की पोशाक धारण करवाई गई। भगवा रंग के जरी के दुपट्टे धारण कराए गए। ठाकुर जी को रामनवमी की तरह ही सजाया गया। रत्न जड़ित आभूषण से आकर्षक श्रृंगार किया गया। मंदिर महंत नरेन्द्र तिवाड़ी ने बताया कि सुबह मंगला से ही नृत्य भजन मंडलियों का आवागमन शुरू हो गया। सुबह मंगलगान हुआ। मंदिर परिसर में चौक को भक्तों ने भक्ति भाव से नृत्य किया शाम 6 बजे श्री राम दरबार की विशेष आरती के बाद बधाई उत्सव शुरू हुआ। मंदिर भक्त समाज के लोगों ने बधाई के पद गाए।

# जीवन को खास बनाने के लिए हमें बड़े लक्ष्य चुनने पड़ेंगे : राज्यवर्धन सिंह

**जयपुर।** राजस्थान यूथ बोर्ड द्वारा सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित किए जा रहे राज्य स्तरीय युवा महोत्सव के चतुर्थ दिन शनिवार को "युवाओं के लिए अभिप्रेरणा संवाद" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के निर्माण में अहम योगदान देने वाले मोटिवेशनल स्पीकर बी.आर. शंकरानंद ने युवाओं को अपने ओजस्वी सम्बोधन से प्रेरित और प्रोत्साहित किया।

- **प्रश्नों के उत्तर ढूंढ़ना ही मनुष्य जीवन की विकास यात्रा है : शंकरानंद**

कर्नल राठौड़ इस अवसर पर उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि शंकरानंद ने युवाओं से जिस मार्ग पर चलने की अपेक्षा की है, उस पर चलने के लिए साहस की आवश्यकता है। हर मुश्किल को आसान बना देने वाले असाधारण लोग दुनिया में बहुत कम होते हैं। उन्होंने युवा महोत्सव में भाग ले रहे युवाओं से कहा कि वे अनुशासन, धैर्य और साहस के बूते यहां तक पहुंचे हैं लिहाजा वे अपने आप को भीड़ का हिस्सा नहीं समझें। कर्नल राठौड़ ने कहा कि अपने जीवन को खास बनाने के लिए हमें बड़े लक्ष्यों को चुनना पड़ेगा और उन्हें प्राप्त करने के लिए अपने आप को चुनौतियों के लिए तैयार करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि हमारी छोटी-छोटी कोशिशों से ही हमारे लिए बड़ा मार्ग तैयार हो पाएगा।

इससे पूर्व बी.आर.शंकरानंद ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि युवा विकास और विनाश दोनों के कारण बन सकते हैं। लेकिन भारत के युवा विशिष्ट हैं, जो कल्याणकारी मार्ग ही चुनते हैं। उन्होंने कहा कि हमें भारत को पहले आत्मनिर्भर, फिर विकसित, उसके बाद श्रेष्ठ और तत्पश्चात् विश्व गुरू बनाना है। स्वामी विवेकानन्द द्वारा दिखाया गया मार्ग ही भारत के विश्व गुरू बनने का माध्यम हो सकता है।

शंकरानंद ने स्वामी विवेकान्द की जीवन यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रश्न पूछना मनुष्य के व्यक्तित्व का बहुत अहम तत्व है। प्रश्न पूछने की तीव्रता को रोका नहीं जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रश्नों के उत्तर ढूंढ़ना ही मनुष्य जीवन की विकास यात्रा है। स्वामी विवेकान्द ने भी प्रश्नों पर मंथन से ही भारत के कल्याण का मार्ग खोजा। शंकरानंद ने कहा कि भारत को समझने के लिए हमें एक-दूसरे से कनेक्ट होने की भी आवश्यकता है। भारत को ज्ञान, पराक्रम और त्याग के लिए जाना जाता है। निर्भय होना भी भारत को समझने का एक माध्यम है। उन्होंने कहा कि अध्ययन और भ्रमण करने से भारत को समझने में आसानी होगी।

प्रारम्भ में शंकरानंद ने भारत माता और स्वामी विवेकान्द जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारम्भ किया। वहीं, कार्यक्रम के पश्चात् खिलाड़ियों ने मल्लखंभ का साहसिक प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों को रोमांचित किया। युवा मामले एवं खेल विभाग के शासन सचिव एवं राजस्थान यूथ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. नीरज के. पवन, राज्य क्रीड़ा परिषद् के सचिव राजेन्द्र सिंह, युवा मामले एवं खेल विभाग की उप सचिव अनीता मीणा और राजस्थान यूथ बोर्ड के सदस्य सचिव कैलाश पहाड़िया सहित विशिष्टजन और बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।राज्य स्तरीय युवा महोत्सव के चतुर्थ दिन शनिवार को विभिन्न खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। एकल गायन और वाद्य यंत्र प्रतियोगिता में प्रदेशभर से चयनित होकर आए प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

## राज्यपाल ने महाचिंतनी समारोह में भाग लिया

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि मानव धर्म सबसे श्रेष्ठ धर्म है। उन्होंने संत-महात्माओं के जीवन से प्रेरणा लेते हुए समाज के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करने पर जोर दिया। उन्होंने महानुभव पंथ की चर्चा करते हुए जाति, पाति, धर्म भेद से परे मानवता के धर्म को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए समाज के सभी वर्गों को जोड़कर जीवन उत्कर्ष के लिए कार्य करने का आ ान किया है। बागडे शनिवार को महाराष्ट्र के जालना में आयोजित महाचिंतनी कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महानुभाव संप्रदाय में संतों ने वर्ण व्यवस्था और जाति व्यवस्था को चुनौती देते हुए महिलाओं को शिक्षा और समानता का अधिकार प्रदान किया है।

# राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम के विद्युत गृहों ने किया अब तक का सर्वाधिक विद्युत उत्पादन

**जयपुर।** राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम के विद्युत गृहों ने शुक्रवार को अब तक का उच्चतम 7066 मेगावाट विद्युत उत्पादन करते हुए गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। उत्पादन निगम की 7330 मेगावाट क्षमता की 22 थर्मल इकाइयों ने शुक्रवार को सर्वाधिक 6792 मेगावाट का विद्युत उत्पादन हासिल किया। वहीं निगम की गैस आधारित 600.5 एवं जल विद्युत आधारित 411 मेगावाट क्षमता की इकाइयों से 274 मेगावाट का विद्युत उत्पादन अर्जित किया गया।

ऊर्जा मंत्री ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उत्पादन

- **8341.5 मेगावाट क्षमता की इकाईयों से किया गया 7066 मेगावाट उत्पादन**

निगम के प्रबन्धन एवं समस्त कर्मचारियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अग्रसर है। उनके दिशा-निर्देशन में कार्य करते हुए बेहतर रखरखाव, कुशल वार्षिक अनुरक्षण तथा श्रेष्ठ संचालन के कारण विद्युत उत्पादन ने यह शानदार सफलता हासिल की है। श्री नागर ने आशा प्रकट की है कि भविष्य में भी इसी प्रकार बेहतर प्रदर्शन करते हुए निगम प्रदेश के विद्युत उत्पादन में अपना विशिष्ट योगदान देता रहेगा।

नागर ने कार्यभार संभालते ही सूरतगढ़, कोटा एवं झालावाड़ थर्मल तथा रामगढ़ गैस आदि विद्युतगृहों के दौरे में निगम प्रबन्धन को विद्युत गृहों की तकनीकी खामियों को दूर करने के निर्देश दिये थे। इसके पश्चात् रामगढ़ स्थित गैस टरबाइन की इकाई संख्या 2 से पुनः उत्पादन शुरु करवाया गया। यह इकाई तकनीकी खामियों के कारण दिसंबर 2021 से बंद पड़ी थी।

ऊर्जा मंत्री ने बताया कि निगम ने 8341.5 मेगावाट की संचालित इकाईयों से यह उच्चतम विद्युत उत्पादन दर्ज किया है जो कि 28 जनवरी 2023 को पूर्ववर्ती सरकार के समय प्राप्त किये गए 6641 मेगावाट के सर्वोच्च विद्युत उत्पादन से लगभग 425 मेगावाट अधिक है। यह जुलाई 2000 को निगम के गठन के बाद से भी अब तक की सर्वश्रेष्ठ उपलब्धि है। वर्तमान में 7580 मेगावाट क्षमता की 23 इकाइयों में से 22 इकाइयों से उत्पादन किया जा रहा है। सूरतगढ़ थर्मल की 250 मेगावाट क्षमता की इकाई संख्या 3 वार्षिक रखरखाव के कारण फिलहाल बन्द है।


**शोक संदेश**



अत्यन्त दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी पूजनीया **श्रीमती मदन कँवर** पत्नी स्वर्गीय श्री करन सिंह देवल का देवलोक गमन 05.01.2025 को हो गया है। हरिकीर्तन 15-01-2025 को व शीशी पूजन -प्रसादी 16.01.2025 को मध्यान्ह में होगी। **शोकाकुल :** उमेशचंद्र सिंह, सियारघुनाथ दान, दिलीप सिंह, नारायण सिंह, गिरधारी सिंह, संपत सिंह (पुत्र), प्रताप, सिद्धार्थ, अक्षय, राघवेंद्र, सूर्य प्रताप, चंद्र प्रताप, रूद्र प्रताप, श्रीवर्धन (पौत्र, पद्मनाभ (प्रपौत्र) समस्त देवल (दधवाड़िया परिवार ठि. हाथाथली

**तीये की बैठक**



हमारी पूजनीय श्रीमती प्रेम माथुर पत्नी स्वर्गीय **श्री प्यारेमोहन माथुर** (खजाने वाले) का स्वर्गवास 10 जनवरी को हो गया। तीये की बैठक 12 जनवरी 4 से 5 सामुदायिक केन्द्र, श्याम नगर पर होगी। शोकाकुल : उमा, पुष्पा (देवरानी), राजेश-भावना (पुत्र-पुत्रवधु), प्रवीण-वन्दना, प्रतीक-दीप्ती आशीष-प्रतिभा, रोहित-कीर्ति (भतीजा-बहु), शशि-राजेन्द्र, मीनाक्षी-गिरीश, दीपा (बेटी-जवाई), आशा, शांति-रतन किशोर (नन्द-नन्दोई), प्रणव-मितिशा, ऋषिका, विभूति, ऋषभ, तनिष्क, तनीषा, रिद्धिमा, मिहिका (पोते-बहु, पोती), इशांत-मयंका, हर्षित, चित्रांश (दोहिता बहु), गरिमा-यश, पुलकित-सुरभि (दोहिती-जवाई), पीहर पक्ष : हिमांशु-दीपिका (भतीजा-बहु) कल्पना, शकुंतला-सूरज नारायण (बहन-बहनोई), नीत-भगवान स्वरूप (भतीजी-जवाई) 9414336462, 9828067871, 9549999374



अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करते हैं कि हमारे प्रिय **मेहुल पारीक** पुत्र श्री सत्यनारायण पारीक (झारेडा वाले) का आकस्मिक स्वर्गवास दिनांक 10.01.2025 को हो गया है। तीये की बैठक दिनांक 12.01.2025 (रविवार) को सायं 3 से 4 बजे तक महाराणा प्रताप पार्क सी-ब्लॉक हरीमार्ग करधनी शॉपिंग सेंटर के पास मालवीय नगर जयपुर पर रखी गई है। शोकाकुल : सत्यनारायण पारीक (पिता) द्रौपदी देवी, शांति देवी, भौरी देवी (दादी) रमेश, महेश, श्यामसुंदर, सुरेश, दिनेश, राधेश्याम, श्यामबाबू, वेदप्रकाश, राकेश, मदनमोहन, (ताऊ, चाचा) विपुल, आशीष, अभिषेक, गोपाल, चिराग, (भ्राता) एवं समस्त रतनपुरिया तिवाड़ी परिवार)।


# कांग्रेस की दलित और डॉ. अम्बेडकर विरोधी नीतियों को उजागर करेगी भाजपा : डॉ. राधा मोहनदास अग्रवाल

**जयपुर।** भारत रत्न और संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर का कांग्रेस द्वारा अपमान करने के मामले में पलटवार करते हुए भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस और कांग्रेसी नेताओं ने सरदार की हत्या करने के साथ ही बाबा साहब, डॉ. भीम राव अम्बेडकर का अपमान करने का कार्य किया है। 1952-54 के चुनाव में कांग्रेस ने बाबा साहब को हराने के लिए कम्युनिस्टो के साथ मिलकर रणनीति बनाई थी। इतना ही नहीं नेहरू सरकार में मंत्री रहते हुए भी डॉ. अम्बेडकर को रक्षा और विदेश मामलों की प्रमुख समितियों से बाहर रख कर उनके ज्ञान और योगदान को पूरी तरह नजर अंदाज किया गया। ऐसे में भारतीय जनता पार्टी देश भर में शनिवार से

- **राजीव गांधी ने एस.सी. आरक्षण को "मूर्खों को प्रोत्साहन" देने वाला बताया था, यह कांगेस का असली चेहरा : मदन राठौड़**
- **भाजपा ने प्रदेश भर में शुरू किया "संविधान गौरव अभियान"**

संविधान गौरव अभियान के माध्यम से कांग्रेसियो की हकीकत जनता के सामने रखेगी।

अग्रवाल ने कहा कि संविधान गौरव अभियान के तहत् भाजपा के प्रदेश पदाधिकरियो से लेकर जिला अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा, प्रकोष्ठ और विभाग सहित प्रत्येक कार्यकर्त्ता कांग्रेस की कुनीतियों को जनता के सामने रखेंगे और भाजपा द्वारा डॉ. अम्बेडकर के सम्मान में किये गये कार्यो को भी विस्तार से बताएंगे। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि एक ओर कांग्रेसी नेता है जिन्होंने कदम-कदम पर बाबा साहब का और दलितों का अपमान किया। वहीं दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी है जिसने बाबा साहब के न्याय, सम्मानता और सशक्तिकरण की दिशा में कि गई परिकल्पना को साकार करने का काम किया। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बाबा साहब के जीवन से जुड़े 5 महत्वपूर्ण स्थलों को पंच तीर्थ के रूप में विकसित करने का ऐतिहासिक कार्य किया है।

संविधान गौरव अभियान को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि बाबा साहब के सम्मान में भाजपा समर्थित सरकार ने उनके मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित करने और 1990 में उनका चित्र संसद में स्थापित करने का महत्वपूर्ण कदम उठाया था। इतना ही नहीं भाजपा सरकार ने 26 नवम्बर को संविधान दिवस के रूप में मनाने की परम्परा शुरू की। यह दिन संविधान के निर्माता के रूप में डॉ. अम्बेडकर के योगदान को याद करने और सम्मान देने के लिए समर्पित है। भारत रत्न बाबा साहब की 125वीं जयंती के अवसर पर भाजपा ने 125 रुपये और 10 रुपये के स्मारक सिक्के जारी कर उनके राष्ट्र निर्माण में अद्भूत पूर्व योगदान को चिंहित करता है। इतना ही नहीं प्रधानमंत्री मोदी ने बाबा साहब के सम्मान में डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करने के लिए "भीम ऐप" को लॉन्च किया। वहीं अनुसूचित जाति और जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम में संशोधन कर पीड़ितों के लिए आर्थिक मदद को बढ़ाने का काम भी किया है।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस हमेशा से दलित विरोधी , संविधान विरोध और डॉ. भीम राव अम्बेडकर विरोधी पार्टी रही है। इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने ओबीसी के लिए मंडल आयोग के सिफारिशों का विरोध किया।



जयपुर में शनिवार को सुबह से ही कोहरा और बादल छाये रहे। वहीं रूक-रूक कर बारिश होती रही। इससे शीतलहर का असर शुरू हो गया और कड़ाके की सर्दी पड़ने लगी। लोग अलाव तापने पर मजबूर हो गये।

# विकेन्द्रित सोलर प्लांट्स से जुड़े सब स्टेशनों का निरीक्षण करेंगे नोडल अधिकारी : डोगरा

**जयपुर।** डिस्कॉम्स चेयरमैन आरती डोगरा ने मुख्यालय से नियुक्त नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे सर्किल क्षेत्र के अपने नियमित दौरों में कुसुम योजना के तहत स्थापित सोलर

- **"सौर ऊर्जा संयंत्रों से बेहत्तर उत्पादन हासिल करने और लाइनों की ट्रिपिंग रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाया"**

प्लांटों से जुड़े सब स्टेशन तथा फीडरों का भी निरीक्षण करें। इससे इन सौर ऊर्जा संयंत्रों से बेहतर उत्पादन हासिल किया जा सकेगा। इससे लाइनों की ट्रिपिंग रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाना सुनिश्चित किया जा सकेगा



डिस्कॉम्स चेयरमैन आरती डोगरा ने शनिवार को विद्युत भवन में जयपुर डिस्कॉम के नोडल अधिकारियों तथा वृत्त के अधीक्षण अभियंताओं के साथ विभिन्न विषयों पर समीक्षा की।

सुश्री डोगरा शनिवार को विद्युत भवन में जयपुर डिस्कॉम के नोडल अधिकारियों तथा वृत्त के अधीक्षण अभियंताओं के साथ विभिन्न विषयों पर समीक्षा कर रही थीं। उन्होंने कहा कि नोडल अधिकारियों की माह में दो बार फील्ड विजिट की यह व्यवस्था इसलिए की गई है ताकि निचले स्तर तक निगम की उपभोक्ता सेवाओं तथा कार्यप्रणाली में सुधार आए। उन्होंने निर्देश दिए कि नोडल अधिकारी डिवीजन एवं सब डिवीजन कार्यालयों तथा ग्रिड सब स्टेशनों की विजिट के दौरान जेईएन तथा फीडर इंचार्जों की बैठक अवश्य लें। इससे निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने, फीडबैक प्राप्त करने तथा धरातल पर सेवाओं को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। डिस्कॉम्स चेयरमैन ने नोडल अधिकारियों को रिकवरी, मेटेरियल की उपलब्धता, जारी किए जा रहे विद्युत कनेक्शनों में एसओपी के दिशा-निर्देशों की पालना, विद्युत छीजत की स्थिति, पीएम सूर्य घर निशुल्क बिजली योजना को गति देने के उपाय आदि की धरातल पर स्थिति का भी गहनता से निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पीएम सूर्यघर योजना में रजिस्ट्रेशन को कनेक्शन में बदलने के सभी प्रयास सुनिश्चित किए जाएं। सुश्री डोगरा ने निर्देश दिए कि नोडल अधिकारी प्रतिमाह 100 यूनिट उपभोग की रीडिंग की रेंडम सैम्पल क्रॉस वेरीफिकेशन कराएं। साथ ही, बिजली चोरी के कारण कटे विद्युत कनेक्शनों से बकाया राशि की वसूली को गति दी जाए। डिस्कॉम्स चेयरमैन ने इस दौरान सर्किल वार छीजत की स्थिति, राजस्व रिकवरी, मेटेरियल की उपलब्धता आदि की भी समीक्षा की। बैठक में जयपुर डिस्कॉम के तकनीकी निदेशक एसएस नेहरा, सचिव एच.बी.भाटिया, मुख्य लेखा नियंत्रक एके जोशी, जयपुर, भरतपुर एवं कोटा जोन के मुख्य अभियंता सहित सभी नोडल अधिकारी एवं सर्किल के अधीक्षण अभियंता मौजूद रहे।

## मदन राठौड़ ने पतंग उड़ाकर मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दीं

**जयपुर।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने शनिवार को जयपुर में ढूंढाड परिषद के 13वें पतंगबाजी महोत्सव में शिरकत की। राठौड़ ने पतंग उड़ाते हुए पेच लड़ाये और मकर संक्रांति पर्व की शुभकामनाएं दी। राठौड़ ने कहा कि संक्रांति का हमारे शास्त्रों में अत्यधिक महत्व है। इस दिन सूर्य दक्षिणायन से उत्तरायण आता है और हमारे शास्त्रों में इस दान पुण्य का बड़ा महत्व है।

परिषद के संस्थापक अध्यक्ष विजयपाल कुमावत ने बताया कि शहर के शिप्रा पथ पर स्थित ब्राम्हण वैष्णव समाज भवन में आयोजित महोत्सव के दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अरूण चतुर्वेदी, ओबीसी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष चम्पालाल गैदर, ढूंढाड़ परिषद के उपाध्यक्ष एवं पार्षद कपिला कुमावत सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस अवसर पर गौड़ विप्र मंडल के उस्ताद कैलाश गौड़ ने लोक गीत की प्रस्तुति दी। ढूंढांड़ परिषद के महामंत्री अजय विजय वर्गीय, पूर्व जयपुर शहर अध्यक्ष शैलेंद्र भार्गव , प्रणवेंद्र शर्मा, अशोक गाय वाला, लोकेश जोशी, अजय शर्मा भी उपस्थित रहे।

# भारतीय संस्कृति का महासंगम है कुंभ : बालमुकुंद आचार्य

**जयपुर।** कुंभ भारतीय संस्कृति के महासंगम के रूप में श्रद्धा, अध्यात्म और सामूहिकता का महापर्व है। कुंभ आध्यात्मिक ही नहीं वैज्ञानिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। पवित्रता,आत्मशुद्धि और मोक्ष प्राप्ति के लक्ष्य को अर्जित करने की दृष्टि से कुंभ में होने वाली आध्यात्मिक चर्चा, तप और सत्संग की अहम भूमिका है।

यज्ञ फाउंडेशन के तत्वावधान में शनिवार को विधायक बालमुकुंद आचार्य के मुख्य आतिथ्य में कुंभ के आध्यात्मिक एवं वैज्ञानिक महत्व विषयक गोष्ठी में यह विचार व्यक्त किए गए। विधायक बालमुकुंद आचार्य ने भारतीय संस्कृति की विशेषताओं को रेखांकित करते हुए कहा कि महाकुंभ भारतीय समाज की समरसता का साक्षात उदाहरण है। उन्होंने कहा कि कुंभ में बिना किसी जातिगत भेदभाव के समस्त समाज एकत्रित होकर आध्यात्मिक चेतना का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने कहा कि कुंभ के दौरान देशभर से साधु सन्यासी आकर श्रद्धालुओं की आध्यात्मिक चेतना को प्रबल करते हैं और धर्म के मार्ग पर चलने का मार्ग प्रशस्त करते हैं। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए राजस्व मंडल के अध्यक्ष रहे राजेश्वर सिंह ने वेद, उपनिषद और गीता का उल्लेख करते हुए विस्तार से कुंभ की महिमा को प्रतिपादित किया। उन्होंने कहा कि कुंभ के दौरान ज्ञान की अमृत वर्षा होती है और कुंभ में शामिल होने वाले सभी श्रद्धालुओं को धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश मिलता है। उन्होंने कहा कि सूर्य चंद्रमा और गुरु के विशेष संयोग से कुंभ का समय निर्धारित होता है एवं इस विशिष्ट समय पर सकारात्मक वातावरण उत्पन्न होने के कारण कुंभ में स्नान का विशेष महत्व है।


**नम्बर मिलाइए 9587884433**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

**SHRI VINAYAK RESEARCH & TRAINING INSTITUTE**
Naila, Near Kanota, Agra Road, Jaipur
Requirement for AHDP 2 Year Course
PRINCIPAL – 01
M.V.Sc & B.V.Sc with 5 Year Exp
LECTURER – 03
M.V.B.V.Sc./B.V.Sc Fresher
Qualification as per RAJUVAS, Bikaner
APPLY WITHIN 7 DAYS
E-Mail-ahdp24@gmail.com
Contact No. 0141-2220999, 9928356257

**MAHATMA GANDHI LSA DIPLOMA TRAINING INSTITUTE**
Naila, Near Kanota, Agra Road, Jaipur
Requirement for AHDP 2 Year Course
PRINCIPAL – 01
M.V.Sc & B.V.Sc with 5 Year Exp
LECTURER – 03
M.V.B.V.Sc./B.V.Sc Fresher
Qualification as per RAJUVAS, Bikaner
APPLY WITHIN 7 DAYS
E-Mail-mgveternarycollege@gmail.com
Contact No. 0141-2399999, 9672978404



पुरुष हॉकी टीम ने तोक्यो और पेरिस में ओलंपिक में कांस्य पदक जीते। इसकी नींव वर्षों पहले पुरुष हॉकी इंडिया लीग ने रख दी थी।" उन्होंने कहा, "अब महिला एचआईएल की शुरुआत के लिए धन्यवाद। रानी रामपाल

पूर्व महिला हॉकी कप्तान, महिला हॉकी इंडिया लीग खेल पर वैसा ही प्रभाव डाल सकती है जैसा कि इंडियन प्रीमियर लीग ने क्रिकेट पर डाला है।

# खेल जगत

## आज का खिलाड़ी ▶ राहुल द्रविड़



**भारतीय** टीम पूर्व कोच राहुल द्रविड़ 11 जनवरी को 52 साल के हो गए। टीम इंडिया का कोच पद छोड़ने के बाद द्रविड़ इन दिनों अपने घर परिवार के साथ क्वालिटी समय बिता रहे हैं। एक सफल क्रिकेट करियर के बाद द्रविड़ की कोचिंग में भारतीय टीम ने पिछले साल टी20 विश्व कप जीता था। इसके बाद ही द्रविड़ ने अपना पद छोड़ दिया था। द्रविड़ की कोचिंग में टीम इंडिया विश्व टेस्ट चैंपियनशिप और वनडे विश्व कप का फाइनल भी खेल चुकी है। वह अपने समय के बेहतरीन बल्लेबाजों में रहे हैं। टेस्ट और वनडे दोनों फॉर्मेट में उनका रिकॉर्ड शानदार रहा है।

**क्या आप जानते हैं ?...** भारत टी-20 इतिहास में एक कैलेंडर वर्ष में 200 छक्के लगाने वाली पहली टीम बन गई, ऐसा उसने 2024 में किया।

# मोहम्मद शमी की एक साल बाद टीम इंडिया में वापसी

## बुमराह-सिराज को इंग्लैंड टी-20 सीरीज में आराम, अक्षर पटेल उपकप्तान, पंत बाहर

मुंबई, 11 जनवरी। इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज में तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की वापसी हो गई है। वह वनडे वर्ल्डकप फाइनल के 14 महीने बाद इंटरनेशनल मैच खेलेंगे। वहीं, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज को आराम दिया गया है। ने शनिवार रात को टीम की लिस्ट रिलीज की। अक्षर पटेल को टीम का उपकप्तान बनाया गया, सूर्यकुमार यादव कप्तानी करेंगी।

ऋषभ पंत को जगह नहीं मिली, उनकी जगह ध्रुव जुरेल बैकअप विकेटकीपर होंगे। वॉशिंगटन सुंदर और नीतीश कुमार रेड्डी को भी टीम में जगह



दी गई। टी-20 सीरीज का पहला मुकाबला 22 जनवरी को खेला जाएगा। 6 फरवरी से 3 वनडे की सीरीज शुरू होगी। वनडे सीरीज और चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम का ऐलान नहीं हुआ।

**भारत की टी-20 टीम**

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अक्षर पटेल (उपकप्तान), संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, रिंकू सिंह, नीतीश रेड्डी, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद शमी, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रवि बिश्नोई, वरुण चक्रवर्ती और वॉशिंगटन सुंदर।

# श्रीलंका ने न्यूजीलैंड को 140 रन से हराया

## तीन बल्लेबाजों ने फिफ्टी लगाई, असिथा को 3 विकेट, सीरीज 201 से कीवियों के नाम

ऑकलैंड, 11 जनवरी । श्रीलंकाई टीम ने 3 मैचों की वनडे सीरीज के आखिरी मुकाबले में न्यूजीलैंड को 140 रन से हरा दिया। ऑकलैंड के ईडन पार्क में टीम से 3 बल्लेबाजों ने फिफ्टी लगाई साथ ही तीन गेंदबाजों ने 3-3 विकेट भी लिए।

टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका ने जेनिथ लियानागे (53 रन), पथुम निसांका (66 रन), कुसल मेंडिस (54 रन) की फिफ्टी की मदद से



290/8 का स्कोर खड़ा किया। जवाब में कीवी टीम 29.4 ओवर में 150 रन पर सिमट गई। मार्क चैम्पमैन ने 81 रन बनाए। टीम से तीन बल्लेबाज खाता भी न खोल सके। श्रीलंका से असिथा फर्नांडो, महीश तीक्षणा और इसहान मलिंगा ने 3-3 विकेट लिए। हालांकि सीरीज 2-1 से न्यूजीलैंड के नाम रही। असिथा फर्नांडो को तीसरे मैच में 3/26 के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वनडे सीरीज में 9 विकेट लेने वाले मैट हेनरी को प्लेयर ऑफ द सीरीज बनाया गया।

श्रीलंका के ओपनर पाथुम निसांका और अविष्का फर्नांडो ने शानदार शुरुआत दी। दोनों ने मिलकर पहले पावरप्ले के 10 ओवर में 66/0 का स्कोर बना दिया। निसांका ने 42 बॉल पर 66 रन बनाए। उन्होंने पारी में 157.14 के स्ट्राइक रेट और 6 चौके, 5 छक्के से रन बनाए।अविष्का के 17 रन पर आउट होने से पहले निसांका चोटिल होकर रिटायर्ड हुए। हालांकि वह चौथे विकेट के बाद उतरे। उन्हें सैंटनर ने नाथन स्मिथ के हाथों कैच कराया। टॉप ऑर्डर बैटर कुसल मेंडिस ने शानदार पारी खेलते हुए 54 रन बनाए। उन्होंने कमिंडू मेंडिस 46 रन के साथ मिलकर 98 रन की साझेदारी की।

## कुशाग्र ओझा व ओशनिक के ऑल राउंड प्रदर्शन से शांति एशियाटिक स्कूल फाइनल में

जयपुर, 11 जनवरी। क्रॉस ओवर क्रिकेट एकेडमी द्वारा आयोजित इन्टर स्कूल चैलेन्जर ट्रोफी के अन्तर्गत आज खेले गये सेमी फाईनल मैच में शान्ति एशियाटिक स्कूल के कुशाग्र औझा 61 रन (28 गेन्द, 2 चौके, 6 छक्के) तथा 19 रन पर 3



विकेट व ओशनिक ग्रोवर 70 रन तथा 34 रन पर 2 विकेट के ऑल राउण्ड प्रदर्शन की बदोलत देहली पब्लिक स्कूल को 89 रन से हरा कर फाईनल में प्रवेश किया। टोस जीतकर शान्ती एशियाटिक स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुये रोनक गुप्ता 29 रन व शुभांकर त्यागी 37 रन ने पहले विकेट पर अद्धर्शतकीय साझेदारी निभाकर अच्छी शुरूवात कि, मध्य क्रम में बल्लेबाजी करने उतरे बाये हाथ के बल्लेबाज कुशाग्र औझा ने तेज तर्रार बल्लेबाजी करते हुये मैदान के चारों दिशाओं में छक्कों की बौछार लगा दी ओर कुशाग्र औझा 61 रन (28 गेन्द, 2 चौके, 6 छक्के) तथा तथा ओशनिक ग्रोवर 70 रन (49) गेन्द, 8 चौके) ने मिलकर शानदार बल्ले बाजी करते हुये निर्धारित 25 ओवर में अपनी टीम का स्कोर 4 विकेट खोकर 223 रन पहुँचा। मैच का मैन ऑफ दी मैच कुशाग्र औझा को चुना गया। जिसने कल भी मात्र 28 गेन्दो में ही अपना शतक पूरा कर स्कूल स्तर पर एक अनूठा रिकार्ड स्थापित कर दिया था।

## बीपीसीएल ने पुरुष, ओआईएल ने महिला और वेटरन टीम चैम्पियनशिप जीती

### टॉप सीड सूरज चन्द ने जीता पुरुष एकल का खिताब

जयपुर, 11 जनवरी। बीपीसीएल ने शनिवार को यहां सवाई मानसिंह स्टेडियम में संपन्न पीएसपीबी की इंटर यूनिट स्क्वैश प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग की टीम चैंपियनशिप जीती। महिला और वेटरन टीम चैंपियनशिप का खिताब ओआईएल ने हासिल किया। पुरुष वर्ग की व्यक्तिगत स्पर्धा में बीपीसीएल के सूरज चन्द ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। पुरुष टीम चैंपियनशिप के फाइनल में बीपीसीएल ने एनआरएल को 2-0 से पराजित किया, वहीं महिला टीम चैंपियनशिप में ओआईएल ने ओएनजीसी को 2-0 से शिकस्त दे खिताब अपने नाम किया। वेटरन टीम इवेंट में ओआईएल की टीम बीपीसीएल को 2-1 से हरा चैंपियन बनी। पुरुष एकल में शीर्ष वरीयता प्राप्त सूरज चन्द ने ओआईएल के विश्ववर्धन भाटी को 11-6, 11-7, 11-5 से पराजित कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। समापन समारोह में मेजबान इन्द्रप्रस्थ गैस लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक एसके भाटिया, पेट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड के संयुक्त सचिव गौतम बड़ेरा और स्क्वैश फेडरेशन ऑफ इंडिया की उपाध्यक्ष सुरभि मिश्रा ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए।

## चोट के कारण इंग्लैंड के खिलाफ नहीं खेल पाएंगे मयंक यादव

नई दिल्ली, 11 जनवरी। भारतीय क्रिकेट टीम के युवा तेज गेंदबाज मयंक यादव इंग्लैंड के खिलाफ अगले सफेद गेंद सीरीज से बाहर हो सकते हैं। दरअसल, मयंक पीठ में चोट से जूझ रहे हैं और वो पिछले साल ही चोटिल हो गए थे। वो इस समय अपनी इंजरी से उबर रहे हैं। भारत को इंग्लैंड टीम के खिलाफ 5 टी20 और 3 वनडे मैच खेलने हैं। वहीं चोट के कारण मयंक का टीम इंडिया की टी20 टीम में शामिल होना संभव नहीं लग रहा है। मयंग यादव ने अक्टूबर 2024 में बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज में अपना इंटरनेशनल डेब्यू किया था। हालांकि, इस सीरीज के बाद उन्हें एक और चोट लगी और इसकी वजह से वो नवंबर 2024 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज से चूट गए थे साथ ही सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी जैसे घरेलू टूर्नामेंट भी नहीं खेल पाए।

# जीवन को खास बनाने के लिए हमें बड़े लक्ष्य चुनने पड़ेंगे : राठौड़

जयपुर, 11 जनवरी। राजस्थान यूथ बोर्ड द्वारा सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित किए जा रहे राज्य स्तरीय युवा महोत्सव के चतुर्थ दिन शनिवार को 'युवाओं के लिए अभिप्रेरणा संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के निर्माण में अहम योगदान देने वाले मोटिवेशनल स्पीकर बी.आर. शंकरानंद ने युवाओं को अपने ओजस्वी सम्बोधन से प्रेरित और प्रोत्साहित किया।

युवा मामले एवं खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ इस अवसर पर उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि शंकरानंद ने युवाओं से जिस मार्ग पर चलने की अपेक्षा की है, उस पर चलने के लिए साहस की आवश्यकता है। हर मुश्किल को आसान बना देने वाले असाधारण लोग दुनिया में बहुत कम होते हैं। उन्होंने युवा महोत्सव में भाग ले रहे युवाओं से कहा कि वे अनुशासन, धैर्य और साहस के बूते यहां तक पहुंचे हैं लिहाजा वे अपने आप को भीड़ का हिस्सा नहीं समझें।



इससे पूर्व बी.आर.शंकरानंद ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि युवा विकास और विनाश दोनों के कारण बन सकते हैं। लेकिन भारत के युवा विशिष्ट हैं, जो कल्याणकारी मार्ग ही चुनते हैं। उन्होंने कहा कि हमें भारत को पहले आत्मनिर्भर, फिर विकसित, उसके बाद श्रेष्ठ और तत्पश्चात् विश्व गुरू बनाना है। स्वामी विवेकानन्द द्वारा दिखाया गया मार्ग ही भारत के विश्व गुरू बनने का माध्यम हो सकता है। वहीं, कार्यक्रम के पश्चात् खिलाड़ियों ने मल्लखंभ का साहसिक प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों को रोमांचित किया। राज्य स्तरीय युवा महोत्सव के चतुर्थ दिन शनिवार को विभिन्न खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। एकल गायन और वाद्य यंत्र प्रतियोगिता में प्रदेशभर से चयनित होकर आए प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जबकि, रंगोली, मांडणा और कठपुतली प्रतियोगिताओं में राजस्थान की लोक संस्कृति की झलक नजर आई। राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद् के सहयोग से कबड्डी, खो-खो और रस्साकस्सी की प्रतियोगिताएं भी हुईं, जिनमें युवाओं ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज करेंगे पुरस्कार वितरण समारोह

पांच दिवसीय युवा महोत्सव का रविवार को समापन होगा। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा राज्य स्तरीय युवा महोत्सव की विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले युवाओं को पुरस्कार प्रदान करेंगे। वहीं, शिक्षा, नवाचार, उद्यिमता, कला एवं संस्कृति, पर्यावरण, उच्च शिक्षा, सामाजिक कार्य और महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 11 युवाओं को यूथ आइकन अवॉर्ड दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री इस अवसर पर युवा साथी केन्द्र का वर्चुअल उद्घाटन भी करेंगे। युवा मामले एवं खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ और राज्य मंत्री कृष्ण कुमार के.के. विश्नोई समारोह में उपस्थित रहेंगे।

# अंडर-13 राजस्थान फुटबॉल लीग का जयपुर में उद्घाटन



जयपुर, 11 जनवरी। राजस्थान फुटबाल संघ के तत्वाधान में राजस्थान फुटबाल स्कूल जयपुर द्वारा आयोजित 13 वर्ष बालक राजस्थान फुटबॉल लीग 2024-25 का आगाज आज जयपुर के सुबोध पब्लिक स्कूल जयपुर में हुआ।

उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय फुटबाल संघ के अध्यक्ष मान कल्याण चौबे, राजस्थान फुटबॉल संघ की महिला विंग की चैयरमेन रोशनी टॉक, सुबोध पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल कमलजीत यादव तथा राजस्थान फुटबाल संघ के सचिव दिलीप सिंह शेखावत रहे। कल्याण चौबे ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया व फुटबाल से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। प्रतियोगिता के पहले दिन पांच मुकाबले खेले गए सुबह खेले गए मुकाबले में जयपुर एलीट ने राजस्थान फुटबाल स्कूल को 4 -1 के अंतर से पराजित किया। दूसरे मुकाबले में रॉयल फुटबाल कल्ब ने जयपुर फुटसल को 2:1 से पराजित किया तीसरे मुकाबले में एएसएल फुटबाल क्लब ने जयपुर बॉयज एंड गर्ल्स को 6-0 गोल से पराजित किया। चौथे मुकाबले में चैंपियन मेकर अजमेर ने रियान फुटबाल क्लब को 6-0 से पराजित किया वही आखिरी मैच में ब्रदर्स यूनाइटेड ने जयपुर यूनाइटेड फुटबाल क्लब को 3-1 से हराया।

प्रज्ञा सैनी ने बताया कि भारतीय खेल प्राधिकरण व अखिल भारतीय फुटबाल संघ मिलकर अस्मिता महिला फुटबाल लीग के माध्यम से राजस्थान में महिला फुटबाल को बढ़ावा दे रहे है। यह लीग तीन वर्गों में आयोजित हो रही है। 13वर्ष ( जयपुर ),15 वर्ष (उदयपुर) और 17 वर्ष (जोधपुर ) में। 17 वर्ष अस्मिता फुटबॉल लीग जो जोधपुर के उम्मेद फुटबॉल स्टेडियम में आयोजित हुई। वह प्रतियोगिता संपन्न हो चुकी है जिसमें 6 टीमों ने भाग लिया और प्रथम स्थान पर मगन सिंह राजवी फुटबॉल अकादमी रही।

# स्मिथ ने बीबीएल में मचाया धमाल



ऑस्ट्रेलिया, 11 जनवरी। स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने बिग बैश लीग 2024-25 में उतरने के बाद धमाल मचाया है। स्टीव स्मिथ ने बिग बैश लीग सीजन के अपने पहले ही मैच में तूपानी शतक ठोकने का बड़ा कारनामा कर दिया है। सिडनी सिक्सर्स और पर्थ स्कॉर्चर्स के बीच खेले जा रहे लीग के 30वें मैच में स्मिथ ने सेंचुरी जड़ने का कमाल किया। सिडनी सिक्सर्स की ओर से खेलते हुए स्मिथ ने महज 58 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया। इस दौरान उनके बल्ले से 10 चौके और 6 छक्के निकले। शतक पूरा करने के बाद भी स्मिथ का बल्ला नहीं रूक और उन्होंने आखिरी ओवर में लगातार 3 छक्के जड़ते हुए अपनी टीम का स्कोर 220/3 रन तक पहुंचा दिया। स्टीव स्मिथ 64 गेंदों पर 10 चौके और 7 छक्कों की मदद से 121 रन बनाकर नाबाद लौटे। इस तरह स्मिथ ने बिग बैश लीग में बड़ा करिश्मा कर दिया।

स्मिथ ने ताबड़तोड़ अंदाज में सेंचुरी जड़ी जो टी20 क्रिकेट में उनके बल्ले से आई चौथी सेंचुरी है। यही नहीं, बिग बैश लीग के इतिहास में स्मिथ ने तीसरा सैकड़ा जड़ा। इसके साथ ही दिग्गज बल्लेबाज ने बिग बैश लीग यानी बीबीएल में सबसे ज्यादा सेंचुरी जड़ने के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। स्मिथ ने बेन मैकडरमोट के 3 शतकों के रिकॉर्ड की बराबरी की है।

## बीसीसीआई के आधिकारिक सचिव होंगे देवजीत सैकिया

नई दिल्ली, 11 जनवरी। 12 जनवरी मुंबई में होने वाली बीसीसीआई की विशेष आम बैठक में देवजीत सैकिया और प्रभतेज सिंह भाटिया को आधिकारिक तौर पर सचिव और कोषाध्यक्ष चुना गया है। बीसीसीआई के चुनाव अधिकारी और भारत के पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त अचल कुमार जोती ने मंगलवार को सूची को जब अंतिम रूप दिया तो सैकिया और प्रभतेज रिक्त पदों के लिए मैदान में एकलौते उम्मीदवार थे। ऐसे में इन्हीं दोनों को आधिकारिक तौर पर सचिव और कोषाध्यक्ष की कुर्सी मिलेगी। जय शाह के एक दिसंबर को इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल यानी आईसीसी का चेयरमैन बनने के बाद से देवजीत सैकिया बीसीसीआई के अंतरिम सचिव के रूप में काम कर रहे हैं। बीसीसीआई के संविधान के अनुसार किसी भी रिक्त पद को एसजीएम बुलाकर 45 दिनों के भीतर भरा जाना चाहिए। रविवार को इस अवधि का 43वां दिन है। ऐसे में इस अवधि से पहले ही सचिव और कोषाध्यक्ष का पद भर जाएगा। इससे पहले आशीष शेलार बोर्ड के कोषाध्यक्ष थे, लेकिन उन्होंने महाराष्ट्र सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ले ली जिस कारण उन्होंने ये पद छोड़ दिया। इसके बाद प्रभतेज सिंह भाटिया ने कोषाध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल किया। इन दोनों पदाधिकारी का चुनाव एसजीएम का मुख्य एजेंडा है। आईसीसी अध्यक्ष शाह विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में बैठक में भाग लेंगे। इस दौरान बीसीसीआई की राज्य इकाइयां उन्हें सम्मानित भी करेंगी। शाह ने पिछले महीने आईसीसी प्रमुख के रूप में ग्रेग बार्कले की जगह ली थी।

## इकबाल ने फिर से इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लिया

बांग्लादेश, 11 जनवरी। पूर्व कप्तान तमीम इकबाल ने फिर इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। यह दूसरी बार है जब उन्होंने अपने करियर को अलविदा कहा है। तमीम ने जुलाई 2023 में भी इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लिया था, लेकिन 24 घंटे के भीतर ही अपना फैसला बदल दिया था। तमीम ने हाल ही में नेशनल सेलेक्शन पैनल से मुलाकात की थी। उन्होंने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम के ऐलान से पहले ही संन्यास ले लिया।

## सीनियर नेशनल वालीबॉल चैम्पियनशिप के क्वार्टरफाइनल मुकाबले रहे रोमांचक

जयपुर, 11 जनवरी। जयपुर के सवाई मान सिंह स्टेडियम के इंडोर मैदान में चैम्पियनशिप के प्ले ऑफ, प्री-क्वार्टर और क्वार्टर फाइनल मुकाबले हुए जिसमें सभी टीमों ने जीतने के लिए बेहतर प्रदर्शन किया। पुरूषों के प्ले ऑफ मुकाबलों में जम्मू-कश्मीर ने आन्ध्र प्रदेश को 24-26, 25-22, 25-20, 21- 25, 15-10 से हराया। पंजाब ने दिल्ली को 25-16, 25-13, 23-25, 25-23 से हराया।

महिलाओं के प्ले ऑफ़ में गुजरात ने पंजाब को 20-25, 25-17, 28-26, 25-12 से और तेलंगाना ने दिल्ली को 25-12, 25-10, 25-13 से हराया। पुरुषों के प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में जम्मू-कश्मीर और हरियाणा का मुक़ाबला हुआ जिसमें हरियाणा ने जम्मू कश्मीर को 25-17, 25-17, 25-18 से हराया।

महिलाओं के प्री क्वार्टर फाइनल मुक़ाबलों में तेलंगाना का सामना हरियाणा से चल रहा है जबकि पुरुषों के क्वार्टर फाइनल मुक़ाबलों में कर्नाटक और रेल्वे के बीच प्रेस नोट लिखे जाने तक रेल्वे 1-0 से आगे चल रही है। महिलाओं के प्री क्वार्टर फ़ाइनल में अगला मुक़ाबला गुजरात का राजस्थान से होगा। पुरुषों में सर्विसेज का पंजाब से, केरल का राजस्थान से और तमिलनाडु का मुक़ाबला हरियाणा से होगा।

## पैरा राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में 250 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया



जयपुर, 11 जनवरी। पूर्णिमा यूनिवर्सिटी में आयोजित पैरा राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का आज शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में देशभर से 250 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। यह प्रतियोगिता 11 जनवरी से 13 जनवरी तक आयोजित हो रही है। प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि पैरालंपिक कमिटी के अध्यक्ष देवेंद्र झाझरिया थे। देवेंद्र झाझरिया ने अपने संबोधन में कहा कि राजस्थान में पैरा खिलाड़ियों के लिए इतनी बड़ी तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन होना गौरव की बात है। इस प्रकार के आयोजन न केवल तीरंदाजी के खेल को बढ़ावा देंगे, बल्कि पैरा तीरंदाजों की संख्या में भी बढ़ोतरी करेंगे। आयोजन समिति के सदस्य अनिल जोशी ने बताया कि प्रतियोगिता में कई अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जो इस आयोजन को और भी रोमांचक और प्रतिस्पर्धात्मक बना रहे हैं।

# विजय हजारे ट्रॉफी : महाराष्ट्र सेमीफाइनल में पहुंचा, अर्शिन कुलकर्णी का दोहरा प्रदर्शन

बड़ौदा, 11 जनवरी। महाराष्ट्र और कर्नाटक की टीमों ने विजय हजारे ट्रॉफी के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। रविवार को महाराष्ट्र ने पंजाब को 70 रन से हराया। वहीं, कर्नाटक ने बड़ौदा को 5 रनों से मात दी। बड़ौदा में पंजाब ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। महाराष्ट्र ने 50 ओवर में 6 विकेट पर 275 रन बनाए। जवाब में पंजाब की टीम 44.4 ओवर में 205 रन पर ऑलआउट हो गई। अर्शिन कुलकर्णी मैन ऑफ द मैच रहे। दिन के दूसरे मुकाबले में बड़ौदा ने भी टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। कर्नाटक ने 50 ओवर में 8 विकेट पर 281 रन बनाए। जवाब में बड़ौदा की टीम 49.5 ओवर में 276 रन पर ऑलआउट हो गई। देवदत्त पडिक्कल प्लेयर ऑफ द मैच रहे। मुंबई की खराब शुरुआत, अर्शदीप सिंह ने 8 रन पर 2 झटके दिए कोताम्बी क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए



मुकाबले में मुंबई के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। लेकिन, अर्शदीप सिंह ने उन्हें पहले ओवर की आखिरी बॉल पर बोल्ड कर दिया और उनके फैसले को गलत साबित किया। अर्शदीप ने 8 रन के स्कोर पर मुंबई को दूसरा झटका भी दिया। उन्होंने सिद्धेश वीर को विकेटकीपर अनमोल मल्होत्रा के हाथों कैच कराया।कुलकर्णी-बावने ने पारी संभाली, 145 रन की साझेदारी 8 रन पर दो विकेट गंवाने के बाद ओपनर अर्शिन कुलकर्णी ने अंकित बावने ने मुंबई की बिखरती पारी को संभाला। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 145 रन की साझेदारी की। अर्शिन ने 107 और अंकित ने 60 रन की पारी खेली। लोअर ऑर्डर में निखिल नाइि ने नाबाद 52 रन की पारी खेलकर टीम का स्कोर 275 रन तक पहुंचा दिया। पंजाब के अर्शदीप सिंह ने 3 विकेट झटके।

## इंग्लैंड सीरीज : राहुल के आराम पर सिलेक्टर्स का यू-टर्न

नई दिल्ली, 11 जनवरी। इंग्लैंड सीरीज के लिए केएल राहुल के सिलेक्शन पर सिलेक्टर्स ने यू-टर्न लिया है। चयनकर्ताओं ने उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज खेलने को कहा है, ताकि राहुल को चैंपियंस ट्रॉफी से पहले अच्छी प्रैक्टिस मिल जाए। सूत्रों के हवाले से दावा किया है कि पहले राहुल को चैंपियंस ट्रॉफी तक आराम देने का फैसला किया गया था, जिसे अब बदल दिया गया है। टीम इंडिया को चैंपियंस ट्रॉफी से ठीक पहले 3 वनडे और 5 टी-20 की सीरीज खेलनी है।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उदयपुर में केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित चिंतन शिविर का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, राजस्थान महिला एवं बाल विकास विभाग राज्यमंत्री डॉ मंजू बाघमार, ओडिशा की उपमुख्यमंत्री पार्वती परिदा तथा केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।*

# 'मोदी सरकार में 100 रूपये भेजते हैं तो सौ रूपए ही मिलते हैं'

## मुख्यमंत्री भजनलाल ने कहा, कई पूर्व प्रधानमंत्री कहते थे कि 1 रूपया भेजते हैं, पर, 15 पैसे ही पहुँचते हैं

- **केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित चिंतन शिविर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के अलावा केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर, राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, ओडिशा की उपमुख्यमंत्री पार्वती परिदा, राजस्थान की राज्य मंत्री मंजू बाघमार तथा वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।**
- **मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण, सुरक्षा, शिक्षा, सामाजिक सम्मान आदि के प्रति राज्य सरकार पूरी तरह संवेदनशील है।**

उदयपुर, 11 जनवरी (कासं)। मुख्यमंत्री ने शनिवार को उदयपुर में केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित चिंतन शिविर के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि यह चिंतन शिविर महिलाओं एवं बच्चों के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित होगा। शिविर में हम साथ मिलकर इनके भविष्य को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में चिंतन करें, जिससे महिला एवं बाल विकास को नई दिशा मिले। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि जब तक हम किसी बात का मूल्यांकन नहीं करेंगे, तब तक हमें जमीनी स्तर का परिणाम नहीं पता चलेगा। हमें हमारी योजनाओं का आकलन करना होगा, आकलन ठीक होगा तो योजनाएं और अच्छी होंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे कई पूर्व प्रधानमंत्री कहते थे कि दिल्ली से 1 रुपया भेजते हैं और नीचे 15 पैसे पहुंचते हैं। अब मोदी सरकार के आने के बाद 100 रुपए भेजते हैं तो नीचे पूरे के पूरे 100 रुपए मिलते हैं।

शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मातृशक्ति तथा बच्चों के समग्र विकास के लिए समर्पित हैं। उनके अनुसार, देश में महिलाएं, युवा, किसान तथा मजदूर, चार जातियां हैं, जिनके उत्थान एवं सर्वांगीण विकास के लिए सरकार काम कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार की प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत मिलने वाली प्रोत्साहन राशि को राज्य सरकार ने 5 हजार से बढ़ाकर 6 हजार 500 रुपये कर दिया है। साथ ही, दिव्यांग गर्भवती महिलाओं को 10 हजार रुपये की सहायता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि पालनहार योजना से राज्य के 6 लाख बच्चों के लिए आर्थिक सहायता भी उपलब्ध करवाई जा रही है। शर्मा ने कहा कि महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण की देखरेख के साथ, उनकी सुरक्षा, शिक्षा,कौशल संवर्धन, रोजगार, उद्यमिता, सामाजिक सम्मान, महिला हितैषी नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन सहित विभिन्न पहलुओं के प्रति सरकार पूरी तरह संवेदनशील है।

इस अवसर पर केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि चिन्तन शिविर की परिकल्पना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की, तथा महिला एवं बाल विकास की चुनौतियों और उनके समाधान को लेकर आयोजित यह चिन्तन शिविर महिला बाल विकास के समेकित उत्थान का नया अध्याय लिखेगा। केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि चिन्तन शिविर का मंच विचारों को कार्यों और कार्यों को परिणाम में बदलने का अवसर सिद्ध होगा।

उपमुख्यमंत्री एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री दिया कुमारी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार विकसित भारत विकसित राजस्थान के लक्ष्य को लेकर निरंतर आगे बढ़ रही है। राज्य सरकार महिला सम्मान, शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए लगातार काम कर रही है।

इससे पूर्व, मुख्यमंत्री शर्मा ने दीप प्रज्वलित करते हुए शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर राजस्थान महिला एवं बाल विकास विभाग राज्यमंत्री डॉ मंजू बाघमार, ओडिशा की उपमुख्यमंत्री पार्वती परिदा, महिला एवं बाल विकास विभाग के शासन सचिव महेंद्र सोनी, निदेशक ओपी बुनकर, अतिरिक्त निदेशक मेघराजसिंह मीणा सहित केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार के कई वरिष्ठ अधिकारी सहित आदि मौजूद थे।

# भाजपा ने दिल्ली में 29 टिकट और दिये

- **राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा के घर कोर कमेटी तथा मुख्यालय में केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक हुई।**

नयी दिल्ली, 11 जनवरी। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने अपने उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट जारी कर दी है। भाजपा की दूसरी लिस्ट में कपिल मिश्रा का नाम शामिल है उनको करावल नगर से टिकट दिया गया है, राज करण खत्री को नरेला से और सूर्य प्रकाश खत्री कोतिमारपुर से उम्मीदवार बनाया गया है। गजेंद्र दराल को मुंडका से तो बजरंग शुक्ला को किराड़ी सीट से चुनावी मैदान में उतारा गया है। करम सिंह कर्मा को सुल्तानपुर माजरा से, करनैल सिंह शकूर बस्ती सीट से, तिलक राम गुप्ता त्रिनगर सीट से, मनोज कुमार जिंदल सदर बाजार से और सतीश जैन को चांदनी चौक से टिकट दिया गया है। भाजपा की इस दूसरी लिस्ट में पांच महिला उम्मीदवारों के नाम भी शामिल हैं। शुक्रवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के घर भाजपा कोर कमेटी और भाजपा मुख्यालय में केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक हुई थी, इसमें प्रत्याशियों के नाम तय किए गए थे।

# लवली कंडारा एनकाउंटर मामले में सी.बी.आई. ने जाँच शुरु की

- **उदयपुर के इंस्पेक्टर सहित चार कांस्टेबलों के खिलाफ मामल दर्ज किया।**
- **वर्ष 2021 में जोधपुर में बदमाश नवीन उर्फ लवली कंडारा और पुलिस के बीच मुठभेड़ हुई थी, जिसमें लवली मारा गया था।**

उदयपुर/जोधपुर, 11 जनवरी (कासं)। सीबीआई दिल्ली ब्रांच ने जोधपुर के रातानाड़ा थाना क्षेत्र में नवीन उर्फ लवली कंडारा एनकाउंटर मामले में, उदयपुर सायबर सैल में तैनात तत्कालीन इंस्पैक्टर लीलाराम सहित, चार कांस्टेबलों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

प्रकरण के अनुसार, 13 अक्टूबर 2021 को जोधपुर की बनाड़ रोड पर बदमाश नवीन उर्फ लवली कंडारा और पुलिस के बीच मुठभेड़ हुई, जिसके दौरान गोली लगने से लवली कंडारा की मौत हो गई और उसके दो साथी फरार हो गए। कंडारा के साथियों ने एनकाउंटर से इंकार करते हुए उस समय अलग कहानी बताई थी। लवली के परिजनों ने रातानाड़ा थाने के एसएचओ लीलाराम व टीम पर लवली कंडारा को गोली मारकर उसकी हत्या करने एवं साक्ष्य मिटाकर एनकाउंटर का रूप देने का आरोप लगाया था। घटना के बाद पांच दिन बाद लवली का अंतिम संस्कार हुआ था। परिजनों ने तत्कालीन गहलोत सरकार से सीबीआई जांच की सिफारिश करते हुए, रातानाड़ा एसएचओ लीलाराम, जो वर्तमान में उदयपुर सायबर सैल में तैनात हैं, के साथ कांस्टेबल जितेन्द्रसिंह, किशनसिंह, विश्वास व अंकित के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करवाया था। अब सीबीआई ने रातानाड़ा थाने में दर्ज प्रकरण के आधार पर मामला दर्ज कर सीबीआई डीएसपी मोहिंदरराम को जांच सौंपी है।

ज्ञातव्य। है कि इस मामले में 13 अक्टूबर 2021 को एनकाउंटर के बाद लवली कंडारा के साथी द्वारा वीडियो वायरल करने के बाद, हत्या के आरोप लगाए गए थे। वीडियो को देखने के बाद समाज के लोगों ने धरना प्रदर्शन किया था, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के हनुमान बेनीवाल भी इस धरने में शामिल हुए थे।

पांच दिन तक परिजनों ने लवली का शव नहीं उठाया था। फिर सरकार ने एडीजी रविप्रकाश मेहरड़ा को भेजकर वार्ता करवाई थी तथा 17 अक्टूबर को एनकांउटर टीम के लीलालराम सहित पांच पुलिसकर्मियों को निलंबित करने के बाद परिजनों ने लवली का अंतिम संस्कार किया था।

## युवा दिवस...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

विभाग, राजस्व विभाग, शिक्षा विभाग (माध्यमिक) तथा शिक्षा विभाग (प्राथमिक) में विभिन्न पदों पर नियुक्तियां दी जाएंगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक के कार्यों का शिलान्यास तथा 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक के कार्यों का लोकार्पण किया जाएगा। इनमें ऊर्जा, सार्वजनिक निर्माण, जल संसाधन, ग्रामीण विकास, पीएचईडी, कृषि, शिक्षा, पर्यटन, पंचायतीराज तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग सहित विभिन्न विभागों के कार्य शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार 5 वर्षों में 4 लाख सरकारी नौकरी व 6 लाख निजी क्षेत्र में रोजगार सहित कुल 10 लाख रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए संकल्पबद्ध है।

# 'भाजपा सांसद, मंत्री और पूर्व सांसद भारी चुनावी घोटाला कर रहे हैं'

## आप नेता संजय सिंह ने आरोप लगाया कि ये नेता अपने सरकारी बंगले के पते पर वोटर्स के नाम रजिस्टर करवा रहे हैं

- **उन्होंने राजस्थान के भाजपा सांसद सी पी जोशी पर 28 वोट रजिस्टर करने का आरोप लगाया।**
- **संजय सिंह ने पूर्व सांसद प्रवेश वर्मा, केन्द्रीय मंत्री पंकज चौधरी, कमलेश पासवान, सांसद जय प्रकाश आदि पर भी फर्जी वोट रजिस्टर कराने का आरोप लगाया।**

नयी दिल्ली, 11 जनवरी। आम आदमी पार्टी (आप) ने आरोप लगाया कि केन्द्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के सांसदों व पूर्व सांसदों समेत, अन्य नेता फर्जी पते पर बड़े पैमाने पर फर्जी वोट बनवाकर 'चुनावी घोटाला' कर रहे हैं। आप के वरिष्ठ नेता एवं सांसद संजय सिंह ने शनिवार को कहा कि केंद्रीय मंत्री और सांसद चुनाव आयोग की आंख में धूल झोंक रहे हैं और उसकी प्रतिष्ठा के साथ खिलवाड़ कर चुनावी घोटाला कर रहे हैं। नयी दिल्ली विधानसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी प्रवेश वर्मा पूर्व सांसद हैं। इसके बावजूद, प्रवेश वर्मा मई 2024 से लेकर आज तक पिछले आठ महीने से सांसद का बंगला कब्जा करके बैठे हुए हैं। प्रवेश वर्मा ने अपने सरकारी बंगले के पते पर 33 वोट बनवाने की एप्लीकेशन दी है।

सिंह ने केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने अपने सरकारी बंगले के पते पर 26 वोट, केन्द्रीय मंत्री कमलेश पासवान ने अपने पते पर 26 वोट बनवाने के लिए आवेदन किया है। साथ ही, एक सांसद का पता मुखर्जी स्मृति न्यास है। इस पते पर 31 वोट बनवाने की अर्जी दी गई है। तेरह तीन मूर्ती लेन में उत्तर प्रदेश के हरदोई के रहने वाले भाजपा के सांसद जय प्रकाश के पते पर 25 वोट बनवाने के लिए आवेदन किया गया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान से भाजपा के सांसद सीपी जोशी 14 विंडसर प्लेस में रहते हैं। इस पते पर इन्होंने 28 वोट बनवाने के लिए आवेदन किया है। इसी प्रकार, 24 मीना बाग के पते पर रहे सांसद ने 23 वोट बनवाने के लिए आवेदन दी है। छह महादेव रोड पर रह रहे सांसद के पते पर 22 वोट, 513 नवरंग हाउस में एक ऑफिस है और यहां पर 23 वोट बनवाने के आवेदन दिए गए है।

सिंह ने बताया कि 87 बेसमेंट जोरबाग लोधी रोड के पते पर 20 वोट बनवाने के लिए आवेदन किया, जबकि बेसमेंट में रहने का पता नहीं दे सकते। एनडीएमसी का फ्लैट पालिका कुंज में है। इस दो बेडरूम के फ्लैट में 19 वोट बनवाने के लिए आवेदन किया गया है।

आप नेता ने कहा कि फर्जी वोट बनवाने वालों में मोदी सरकार के केन्द्रीय मंत्री, सांसद, पूर्व सांसद से लेकर ऐसे पते पर वोटर बनवाए गए हैं, जिनका कोई पता नहीं है और न उन वोटरों के बारे में कोई जानकारी है। हम भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से पूछना चाहते हैं कि आप अपनी पार्टी को दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी कहते हैं और ऐसे फर्जीवाड़ा करके चुनाव जीतना चाहते हैं। आप देश की राजधानी दिल्ली के अंदर चुनावी धोखाधड़ी कर रहे हैं। क्या यही आपका चुनाव लड़ने का तरीका है?

# सुप्रीम कोर्ट में तमिलनाडु राज्यपाल को हटाने की याचिका

- **याचिका में आरोप है कि राज्यपाल आर एन रवि का कार्य राज्य की संवैधानिक प्रणाली के खिलाफ है।**

तमिलनाडु, 11 जनवरी। तमिलनाडु के राज्यपाल आर.एन. रवि को हटाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है। इस याचिका में आरोप लगाया गया है कि राज्यपाल अपनी जिम्मेदारियों को ठीक से पूरा नहीं कर रहे हैं। आरोप है कि उनका कार्य राज्य की संवैधानिक प्रणाली के खिलाफ जा रहा है। याचिका में यह भी कहा गया है कि राज्यपाल के कामकाज के तरीके से राज्य सरकार और प्रशासन के बीच असहमति और तनाव पैद हो रहा है।

याचिका में राज्यपाल के कुछ फैसलों और उनके काम करने का ढंग पर गंभीर सवाल उठाए गए हैं। आरोप है कि राज्यपाल ने राज्य सरकार के साथ कई मुद्दों पर बिना विचार किए हुए हस्तक्षेप किया है, जिससे राज्य की राजनीति में अनावश्यक विवाद बढ़े हैं। याचिका में यह भी कहा गया है कि राज्यपाल को अपनी संवैधानिक भूमिका निभाने के लिए और अधिक संतुलित और निष्पक्ष दृष्टिकोण अपनाना चाहिए।

तमिलनाडु में राज्यपाल और राज्य सरकार के बीच पहले भी कई बार मतभेद सामने आ चुके हैं। इन मतभेदों के कारण राज्य की राजनीति में खलबली मची रहती है। राज्य सरकार और विपक्ष दोनों ही राज्यपाल के फैसलों को लेकर अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं देते रहते हैं। ऐसे में यह याचिका सुप्रीम कोर्ट में दायर करना, राज्यपाल के खिलाफ असंतोष का एक और बड़ा कदम माना जा रहा है।

# कैलिफोर्निया में आग, लॉस एंजलिस में भारी तबाही

## लॉस एंजलिस में 12,000 से ज्यादा इमारतें जल कर राख हो गई हैं,11 लोगों की जानें गई हैं

- **गत मंगलवार को जंगल में आग लगी थी, तेज हवाओं के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया।**

लॉस एंजिलिस , 11 जनवरी। अमेरिका के कैलिफॉर्निया में आग का तांडव जारी है। लॉस एंजिल्स के जंगल में आग की तबाही का मंजर पूरी दुनिया देख रही है। ऐसा लग रहा कि जैसा लॉस एंजिल्स पूरी तरह खाक हो चुका है। लॉस एंजिल्स में अब तक 12 हजार से अधिक घर-इमारतें खाक हो चुकी हैं। और अब तक 11 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं।

बीते मंगलवार से आग की तबाही शुरू हुई। अब तक इस पर पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका है। मंगलवार को जंगल में आग लगी। पर सांता एना हवाओं की वजह से और भी विकराल रूप धारण कर लिया। गुरुवार को आग पर कुछ हद तक काबू पाया गया। मगर मौसम विभाग का कहना है कि वीकेंड में एक बार फिर आग तेज हो सकती है। इस अग्निकांड से अमेरिका को कितना नुकसान हुआ है, इसका आंकलन करना भी मुश्किल हो रहा है।

माना जा रहा है कि यह अमेरिका के इतिहास का सबसे भीषण अग्निकांड है। अमेरिका को किसी भी अग्निकांड में इतना नुकसान आजतक नहीं हुआ। नुकसान का वित्तीय असर अभी स्पष्ट नहीं है। मौसम का डेटा उपलब्ध कराने वाली निजी कंपनी ने अनुमान लगाया है कि नुकसान करीब 150 बिलियन डॉलर तक हो सकता है। यह नुकसान 150 बिलियन डॉलर है। हालांकि, सरकारी अधिकारियों ने अभी तक नुकसान का कोई अनुमान नहीं दिया है।

जानकारी के अनुसार कुल 12 हजार से अधिक घर-इमारत तबाह हो गई हैं। प्रशांत पालिसैड्स के पहाड़ी तटीय इलाके में 5300 से अधिक इमारतें क्षतिग्रस्त या नष्ट हो गई हैं।

## 'तृतीय पक्ष का अधिकार...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

समक्ष दावा किया था। जिसे एसडीओ ने साल 2008 में खारिज कर दिया। याचिकाकर्ता की अपील पर राजस्व अपील अधिकारी (आर ए ए) ने एसडीओ के आदेश के निरस्त कर याचिकाकर्ता के पक्ष में फैसला दिया। वहीं बाद में मालपुरा तहसीलदार ने आर ए ए के आदेश के खिलाफ राजस्व मंडल में अपील दायर की। जिस पर सुनवाई करते हुए मंडल ने आरएए के आदेश को निरस्त कर एसडीओ के आदेश को सही माना। इससे व्यथित होकर याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि उसके पूर्वजों के नाम दर्ज जमीन को गलत तरीके से राजस्व रिकॉर्ड में चढ़ाया गया है, जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने आदेश दिए हैं कि भूमि पर किसी तृतीय पक्ष के अधिकार सृजित नहीं किए जाए।

# रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पर भीड़ उमड़ी

- **बीस से अधिक राज्यों से आये करीब ढाई लाख भक्तों ने रामलला के दर्शन किये।**

अयोध्या, 11 जनवरी। रामलला के प्राण प्रतिष्ठा की तिथि पौष शुक्ल द्वादशी कितनी अहम है, इसका नजारा शनिवार को अयोध्या में दिखा। रामलला के विग्रह की भव्य मंदिर में प्रतिष्ठा की वर्षगांठ प्रतिष्ठा द्वादशी के रूप में मनाई जा रही है। प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर राम लला के दर्शन करने 20 से ज्यादा राज्यों के श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे। शनिवार की सुबह पांच बजे से ही दर्शनपथ पर जयकारे गूंजने लगे थे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को राम मंदिर में भगवान राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर अयोध्या का दौरा किया। राम कथा पार्क में हेलीपैड पर उतरने के बाद सीएम सीधे राम मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने भगवान राम की पूजा-अर्चना की और आरती की। जन्मभूमि पथ पर अपने दौरे के दौरान योगी ने रास्ते में खड़े श्रद्धालुओं का अभिवादन किया। मंदिर में उन्होंने भगवान राम की मूर्ति का औपचारिक दर्शन और पूजा-अर्चना की।

## रेल लाइन के...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

की घोषणा की थी। इस योजना में, श्रीनगर में एक सब-डिवीजन स्थापित किया जाना शामिल है। भाजपा को उम्मीद है कि इस प्रकार की पहलों और कदमों से जम्मू-कश्मीर के मतदाताओं में उसकी स्वीकार्यता बढ़ेगी।

# तथाकथित सी.ए.जी. रिपोर्ट...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

ऑफ मिनिस्टर्स (जी.ओ.एम.) ने विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों की अनदेखी कर दी। भाजपा ने, आप सरकार पर भारी भ्रष्टाचार तथा कुप्रबंधन का आरोप लगाते हुये, रिपोर्ट के कथित निष्कर्षों का तुरन्त फायदा उठाने का प्रयास किया। भाजपा नेता अनुराग ठाकुर ने कहा, "अगर उनकी (आप) नीतियाँ इतनी ही अच्छी थीं, तो वे घबराये हुये क्यों हैं? आज आप के पास दिल्ली की टूटी सड़कों, घरों में गंदे पानी की सप्लाई, बढ़ते हुये बिजली के बिलों, कूड़े-करकट के ढेरों तथा प्रदूषण का कोई जवाब नहीं है। आज दिल्ली की जनता "आप-दा" से छुटकारा पाना चाहती है।"

आप नेता सांसद संजय सिंह ने कहा, "कहाँ है सी.ए.जी. रिपोर्ट? क्या आपके पास उसकी प्रति है? क्या यह भाजपा कार्यालय में बनी है? भाजपा भयभीत है। वे मानसिक रूप से असंतुलित हों चुके हैं। एक तरफ वे कह रहे हैं कि सी.ए.जी. रिपोर्ट पेश नहीं हुई है, लेकिन दूसरी तरफ, वे कह रहे है कि रिपोर्ट जारी हो गई है। वे आखिर कहना क्या चाहते हैं?"

इस हमले में कांग्रेस भी शामिल हो गई है। दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने सी.ए.जी. रिपोर्ट को विधानसभा में पेश किये जाने में हुये विलम्ब की आलोचना की तथा आरोप लगाया कि यह बात संकेत देती है कि रिपोर्ट को दबाने को लेकर भाजपा और आप के बीच साठगाँठ है। कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने दिल्ली की आबकारी नीति को "स्पष्ट घोटाला" बताया तथा केजरीवाल सरकार पर सरकारी पैसे को बहा देने का आरोप लगाया।

## छात्र को फॉरेन मैडिकल ग्रेजुएट...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

के वकील भी याचिकाकर्ता के तथ्य को गलत साबित करने में असफल रहे हैं।

याचिका में अधिवक्ता विजय पाठक ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता ने नीट-2019 में शामिल होकर 230642 रैंक पाई थी। इसके बाद उसने किर्गिस्तान से एमबीबीएस पाठ्यक्रम पूरा किया था। याचिकाकर्ता ने देश में प्रैक्टिस के लिए नेशनल बोर्ड ऑफ एग्ज़ामिनेशन की ओर से आयोजित फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट परीक्षा में आवेदन किया। इस दौरान बोर्ड ने नीट की अंक तालिका नहीं होने की आपत्ति लगाकर प्रवेश पत्र जारी नहीं किया। याचिका में बताया गया कि उसने अंक तालिका गुम होने की रिपोर्ट भी गत 2 मई को कोतवाली थाना, करौली में दर्ज करा दी थी। इसके अलावा उसने बोर्ड को नीट काउंसलिंग के समय का एक दस्तावेज भी दिया था, जिसमें उसकी रैंक और नंबर की जानकारी थी। इसके बावजूद भी उसे परीक्षा में शामिल नहीं किया जा रहा। इसके जवाब में एनटीए की ओर से कहा गया कि उनके पास परिणाम जारी होने के 90 दिन तक ही अभ्यर्थियों का स्कोर कार्ड रहता है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने याचिकाकर्ता छात्र को एफएमजी परीक्षा में शामिल करने को कहा है।

## बिल्डर पर...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

विपक्षी बिल्डर को फ्लैट का कब्जा सितंबर, 2021 तक दे देना था, लेकिन तय समयावधि में फ्लैट का कब्जा नहीं दिया गया।

इसके बावजूद भी परिवादी हर महीने लोन की किस्त वसूली होती रही। जब उसने लोन किस्त देने से मना किया तो फाइनेंस कंपनी ने उसकी सिबिल खराब कर दी। इसे उसने जिला उपभोक्ता आयोग में चुनौती देते हुए उसकी जमा राशि ब्याज सहित दिलवाए जाने का आग्रह किया। जिस पर सुनवाई करते हुए आयोग ने परिवादी के पक्ष में फैसला सुनाया है।

## दिल्ली...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

ने मिली-जुली प्रतिक्रियाएं दी हैं। ये प्रतिक्रियाएं उनकी विविध जरूरतों और प्राथमिकताओं को दर्शाती हैं। जहाँ बहुत सी महिलाओं को ये योजनाएं राहत के रूप में तथा स्वागत योग्य लगी हैं, वहीं अन्य महिलाओं ने इनके जारी रहने तथा दीर्घकालीन प्रभाव पर प्रश्न खड़े किये हैं।

# प्रधानमंत्री 13 को सोनमर्ग सुरंग का उद्घाटन करेंगे

## बारह किलोमीटर लम्बी 2700 करोड़ की लागत से बनी सुरंग से लेह का रास्ता सुगम होगा

- **जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनाव के बाद प्रधानमंत्री की वहां की यह पहली यात्रा है। उनकी सुरक्षा के लिये कश्मीर घाटी में व्यापक इंतजाम किये गये हैं।**

नई दिल्ली, 11 जनवरी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 13 जनवरी को जम्मू-कश्मीर के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री सोनमर्ग सुरंग का उद्घाटन करेंगे। अधिकारियों के मुताबिक, 12 किलोमीटर लंबी इस सुरंग सहित, पूरे प्रोजेक्ट पर 2,700 करोड़ रुपये से अधिक की लागत आई है। इसमें सोनमर्ग मुख्य सुरंग, एक एग्जिट सुरंग और लिंक रोड शामिल हैं। समुद्र तल से 8,650 फुट की ऊंचाई पर स्थित यह सुरंग लेह जाने के लिए श्रीनगर और सोनमर्ग के बीच सभी मौसम में यातायात को सुगम बनाएगी।

पीएम मोदी ने 'एक्स' पर किए गए एक पोस्ट में अपने कश्मीर दौरे की जानकारी दी है। जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला के एक कमेंट पर रिएक्ट करते हुए पीएम मोदी ने ट्वीट किया। इससे पहले, उमर अब्दुल्ला ने उनकी यात्रा की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए वहां का दौरा किया और कुछ तस्वीरें और वीडियो साझा किए।

उमर अब्दुल्ला ने कहा कि जेड-मोड़ सुरंग के उद्घाटन से सोनमर्ग पूरे साल पर्यटकों के लिए खुला रहेगा। सोनमर्ग अब एक बेहतरीन स्की रिसॉर्ट के रूप में विकसित होगा। स्थानीय लोगों को सर्दियों में बाहर नहीं जाना पड़ेगा और श्रीनगर से कारगिल/लेह की यात्रा का समय भी कम हो जाएगा।

पीएम मोदी ने अब्दुल्ला के ट्वीट पर जवाब देते हुए कहा कि मैं सुरंग के उद्घाटन के लिए जम्मू-कश्मीर के सोनमर्ग की अपनी यात्रा का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। आपने पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था के लिए इसके लाभों की सही बात कही है। साथ ही, हवाई तस्वीरें और वीडियो भी बहुत पसंद आए।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 13 जनवरी को प्रस्तावित यात्रा से पहले कश्मीर घाटी में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये हैं।

एसपीजी, जम्मू-कश्मीर पुलिस और केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) के साथ समन्वय करके उद्घाटन समारोह स्थल सहित, पूरी सुरक्षा-व्यवस्था पर नजर रखे हुए हैं। मोदी के सुचारु दौरे को सुनिश्चित करने के लिये सुरक्षा-कर्मी 24 घंटे बाज की तरह हर जगह नजरें जमाये हुये हैं।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908